रोहतक
बुधवार, 8 अक्टूबर 2025
कार्तिक मास कृष्ण पक्ष, प्रतिपदा/द्वितीया वर्ष : 29, अंक : 249
पृष्ठ 14 मूल्य 3.00

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


**मौसम**
अधि. 32.0
न्यून. 16.9

### बाजार का हाल

| मार्केट | बंद | उछाल |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 81,926.75 | 136.63 ▲ |
| निफ्टी | 25,108.30 | 30.65 ▲ |

| धातु | कीमत | ऊपर/नीचे |
|---|---|---|
| सोना | 1,23,400/- | 700/- ▲ |
| चांदी | 1,54,000/- | 3400/- ▼ |

(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)

| मुद्रा | प्रति डॉलर | गिरावट |
|---|---|---|
| रुपया | 88.78 | 4 पैसे ▼ |

क्रूड ऑयल 65.25 बैरल 0.37% ▼

पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।

## खबर संक्षेप

### राष्ट्रपति मुर्मू 18 को अंबाला आएंगी



**अंबाला।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 18 को एयरफोर्स स्टेशन में आयोजित होने वाले एक विशेष कार्यक्रम में शिरकत करेंगी। अधिकारिक तौर पर अभी उनके कार्यक्रम की पुष्टि नहीं हुई है। प्रशासन ने उनके कार्यक्रम को लेकर तैयारियां शुरू कर दी है। एयरफोर्स की ओर से कार्यक्रम से संबंधित प्रस्ताव सरकार को भेजा जा चुका है। *ब्यूरो*

### कन्फर्म रेल टिकट में बदल सकेंगे यात्रा की तारीख



**नई दिल्ली।** अब आप अपने कन्फर्म रेल टिकट में यात्रा तारीख बदलवा सकेंगे और इसके लिए आपको कोई कैंसिलेशन फीस या एक्स्ट्रा चार्ज भी नहीं देना पड़ेगा। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि जनवरी 2026 से यात्री कन्फर्म टिकट को आगे की डेट में चेंज करा सकेंगे। हालांकि, इस प्रक्रिया में तारीख बदलने पर कंफर्म टिकट की गारंटी नहीं होगी। *एजेंसी*

### अब फेस, फिंगरप्रिंट से भी करें यूपीआई पेमेंट



**नई दिल्ली।** यूपीआई यूजर्स अब फेस और फिंगरप्रिंट के जरिए पेमेंट कर सकेंगे। यूपीआई ऑपरेट करने वाली एजेंसी एनपीसीआई के नए बायोमेट्रिक फीचर्स को केंद्र सरकार ने आज यानी 7 अक्टूबर को मंजूरी दे दी है। आरबीआई के डिप्टी गवर्नर टी रबी शंकर ने मुंबई में चल रहे ग्लोबल फिन टेक इवेंट में नए फीचर्स को लॉन्च किया है, जल्द ही यूपीआई एप्स इसे एड करेंगे। *एजेंसी*

---

### पश्चिमी विक्षोभ के कारण हो रही बरसात

# आठ जिलों में बारिश, 12 डिग्री तक गिरा तापमान, गुलाबी ठंड की दस्तक

हरिभूमि टीम ▶▶| हरियाणा

पश्चिमी विक्षोभ के कारण हरियाणा में मंगलवार को भी बारिश हुई। दो दिन से लगातार हो रही बारिश के कारण गुलाबी ठंड ने दस्तक दे दी है। तापमान में 12 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई है। मौसम विज्ञान विभाग के चंडीगढ़ मौसम केंद्र ने 17 जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया। आठ जिलों में तेज बारिश हुई। इनमें कैथल, करनाल, कुरुक्षेत्र, अंबाला, यमुनानगर, रोहतक और पंचकूला शामिल रहे। बारिश के कारण नारनौल में बिजली लाइनों में फाल्ट आ गया। इससे आधे शहर की बत्ती गुल हो गई। विद्युत निगम के कर्मचारी फाल्ट को ठीक करने में जुटे रहे। वहीं, नूंह में बारिश के कारण जगह-जगह जलभराव हो गया। इससे लोगों को खासी परेशानी उठानी पड़ी। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में कृषि मौसम विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. मदन खीचड़ ने बताया कि बारिश के कारण वातावरण में मौजूद नमी के कारण ठंड बढ़ गई है। मौसम खुलने के बाद हवा चलने से तापमान में हल्की बढ़ोतरी होगी।

**सिरसा और नूंह सहित कई जगह मंडियों में भीगी धान की फसल**



### आज भी परिवर्तनशील रहेगा मौसम

#### नहर टूटने से फसल जलमग्न

फतेहाबाद जिला मुख्यालय से करीब 10 किलोमीटर दूर गांव धांगड़ के पास फतेहाबाद डिस्ट्रीब्यूटरी नहर तड़के करीब 4 बजे टूट गई। इससे करीब 50 एकड़ खेतों में पानी भर गया है। इसकी सूचना किसानों को मिलने के बाद उन्होंने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को सूचित किया। अधिकारी दो मशीनें लेकर मौके पर पहुंचे और नहर को बांधने का काम शुरू करवाया।

#### वातावरण में नमी 70 प्रतिशत

हवाओं की रफ्तार लगभग 6 किमी प्रति घंटा रही, जबकि वातावरण में नमी का स्तर 70 प्रतिशत तक रहा। तापमान सामान्य से 3 डिग्री तक कम माना जा रहा है, जिससे दिन के समय भी भारी गर्मी का असर लगभग खत्म हो गया है। गर्मी की विदाई के साथ ही ठंड भी जल्द दस्तक देने वाली है।

#### अब तेजी से गिरेगा पारा

दो दिन से हो रही बारिश के कारण तापमान में 12 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई है। अधिकतम तापमान 32.0 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 16 डिग्री के आसपास रहा। 8 अक्टूबर से उत्तर-पश्चिमी हवा चलने से तापमान खासकर रात्रि तापमान में गिरावट दर्ज की जाएगी। अभी सुबह और शाम के समय हल्की ठंड का एहसास होगा।

---

*एसवाईआर को लेकर सुप्रीम कोर्ट का चुनाव आयोग को निर्देश*

# अंतिम मतदाता सूची से हटाए गए 3.66 लाख वोटर्स की दें जानकारी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को चुनाव आयोग से कहा कि वह बिहार की विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया के बाद तैयार अंतिम मतदाता सूची से बाहर किये गए 3.66 लाख मतदाताओं का विवरण उसे उपलब्ध कराए। चुनाव आयोग ने न्यायालय को सूचित किया कि जोड़े गए अधिकांश नाम नए मतदाताओं के हैं और अब तक सूची से बाहर किये गए किसी भी मतदाता ने कोई शिकायत या अपील दायर नहीं की है। सुप्रीम कोर्ट में मंगलवार को एसआईआर (वोटर वेरिफिकेशन) पर सुनवाई हुई। एसआईआर के खिलाफ वकील प्रशांत भूषण ने दलील दी कि आयोग ने मतदाता सूची को साफ करने के बजाय, समस्या को और बढ़ा दिया है।



**फाइनल लिस्ट में ज्यादातर नए मतदाता जोड़े अंतिम वोटर संख्या 47 लाख घटकर 7 .42 करोड़ रह गई**

#### किसी ने शिकायत नहीं की

कोर्ट ने आयोग से पूछा- क्या 3.66 लाख लोगों में से जिसे नोटिस नहीं मिला क्या वो शिकायत लेकर आगे आया है? इस चुनाव आयोग ने कहा- नहीं, किसी ने कोई शिकायत नहीं की है। इसके बाद कोर्ट ने चुनाव आयोग को 3.66 लाख वोटर्स की जानकारी देने के निर्देश दिए। इस पर आयोग ने कहा, 'फाइनल लिस्ट में ज्यादातर नए मतदाता जोड़े गए हैं। इनमें कुछ पुराने नाम भी शामिल हैं।' कोर्ट ने चुनाव आयोग से कहा कि जो भी उपलब्ध जानकारी है, उसे गुरुवार शाम तक अदालत में पेश करें।

---

**प्रदूषण को लेकर योजना**

### गुरुग्राम और फरीदाबाद में नहीं चलेंगे 15 साल पुराने वाहन

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** हरियाणा के दो जिलों गुरुग्राम और फरीदाबाद में ठंड की शुरुआत में आमतौर पर सबसे खराब वायु गुणवत्ता दर्ज की जाती है। हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने इसे लेकर योजना बनाई है। योजना के तहत 10 साल से पुराने डीजल वाहन और 15 साल से पुराने पेट्रोल वाहन सड़कों से हटा दिए जाएंगे। दोनों जिलों में लगभग 15 लाख ऐसे वाहनों की पहचान की गई है। बिल्डरों को धूल नियंत्रण पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कराना होगा। साथ ही डीजल जनरेटर पर रोक रहेगी। दोनों जिलों में एंटी स्मॉग गन तैनात की जाएंगी।

■ डीजल जनरेटर पर रोक रहेगी एंटी स्मॉग गन तैनात की जाएंगी।

**कई मलबे में दबे**

### हिमाचल में बस पर चट्टानें गिरीं, 15 लोगों की मौत

**बिलासपुर (एजेंसी)।** हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर जिले में मंगलवार शाम यात्री बस पर पहाड़ से मलबा गिर गया। हादसे में 15 लोगों की मौत हो गई। कई लोग अभी भी मलबे में दबे हैं। बस में करीब 30 यात्री सवार थे। मौके पर राहत और बचाव कार्य शुरू कर दिया गया है। मलबे से एक बच्चे और तीन लोगों को निकालकर अस्पताल भेजा गया है। हादसा बरठीं के पास भलू में रात 6: 25 बजे हुआ। यह बस मरोतन से घुमारवीं जा रही थी। शाम 6 बजकर 25 मिनट पर भलू के पास पूरा पहाड़ बस पर गिर गया। बस का केवल छत्त नजर आ रहा था और लगभग आठ से 10 फीट मलबे में दब गई।

**25-30 यात्री सवार थे, बच्चे समेत 4 बचाए अभियान जारी**

---

### चंडीगढ़ स्थित निवास पर खुद को गोली मारी, सुसाइड नोट मिला

# सीनियर आईपीएस अधिकारी पूरन कुमार ने की आत्महत्या

#### » मकान के बेसमेंट में बेटी को खून से लथपथ मिले, पास में पड़ी थी रिवाल्वर

#### » रोहतक एसपी बोले, गनमैन सुशील कुमार ने रिश्वत केस में लिया नाम

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** हरियाणा के सीनियर आईपीएस अफसर वाई पूरन कुमार ने मंगलवार को आत्महत्या कर ली। उन्होंने चंडीगढ़ के सेक्टर-11 स्थित अपनी कोठी में खुद को गोली मार ली। घटना की सूचना मिलते ही चंडीगढ़ पुलिस के साथ हरियाणा सरकार के कुछ सीनियर अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। चंडीगढ़ की एसएसपी कंवरदीप कौर ने घटनास्थल का मुआयना करने के बाद बताया कि 'वाई पूरन कुमार ने आत्महत्या की है। उनके सिर पर चोट के निशान हैं। चंडीगढ़ पुलिस से जुड़े सूत्रों का कहना है कि मौके से एक सुसाइड नोट मिला है। इसमें हरियाणा के एक पुलिस अधिकारी का नाम है। पुलिस को मौके से कुछ इलेक्टिोनिक डिवाइस मिली हैं, इन्हें बाकी सबूतों के साथ जब्त कर लिया गया है। पूरन कुमार की डेडबॉडी का बुधवार को चंडीगढ़ के सेक्टर 16 में स्थित अस्पताल में पोस्टमॉर्टम होगा। इसके बाद उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा।



■ पुलिस को मौके से एक वसीयत और एक फाइनल नोट मिला

■ चंडीगढ़ एसएसपी ने आत्महत्या की पुष्टि की, बोलीं-सिर पर हैं चोट के निशान

#### रिश्वत केस में पकड़ा गया पीएसओ, जेल भेजा

इस बीच रोहतक के एसपी नरेंद्र बिजारणिया ने बड़ा खुलासा करते हुए बताया कि रोहतक रेंज के तत्कालीन आईजी वाई पूरन कुमार के गनमैन सुशील कुमार ने एक शराब कारोबारी से दो से ढाई लाख रुपये मंथली रिश्वत मांगी थी। इस मामले से जुड़ी एक ऑडियो क्लिप पुलिस के पास आई थी, जिसके बाद गनमैन सुशील को गिरफ्तार किया गया था। पुलिस पूछताछ में सुशील ने वाई पूरन कुमार का नाम लिया था। सुशील को कोर्ट में पेश करके जेल भेज दिया गया।

#### तीन मंजिला कोठी की बेसमेंट में वारदात

पूरन कुमार ने चंडीगढ़ के सेक्टर 11 की जिस 116 नंबर कोठी में आत्महत्या की। वह तीन मंजिला है। बेसमेंट में पहुंचने के बाद पूरन कुमार ने वहां पड़ी कुर्सी पर बैठकर पिस्टल को अपनी कनपटी पर रखकर ट्रिगर दबा दिया। घटना का पता तब चला जब कुछ देर बाद बेटी बेसमेंट में गई। पिता की बॉडी और खून देखकर उसने तुरंत पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दी।

#### सुनारिया स्थित पुलिस ट्रेनिंग कॉलेज में पोस्टिंग

पूरन हरियाणा पुलिस में 2001 बैच के आईपीएस अफसर थे। 29 सितंबर को ही उनकी पोस्टिंग रोहतक के सुनारिया स्थित पुलिस ट्रेनिंग कॉलेज में एडीजीपी के तौर पर हुई थी। पूरन की पत्नी अमनीत पी. कुमार सीनियर आईएएस अफसर हैं। वह सीएम के साथ जापान गए सरकार के प्रतिनिधिमंडल में शामिल हैं।

---






### कोल्ड्रिफ कफ-सिरप से अब तक 23 बच्चों की मौत, 6 राज्यों में बैन

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मध्य प्रदेश और राजस्थान में जहरीला कफ सिरप पीने से 23 बच्चों की मौत हो चुकी है। इनमें मध्य प्रदेश में अब तक 19 बच्चों और राजस्थान में 4 बच्चों की मौत हो चुकी है। मामला सामने आने के बाद मध्य प्रदेश, राजस्थान, केरल, तमिलनाडु, पंजाब और हरियाणा ने सिरप की बिक्री और इस्तेमाल पर रोक लगा दी है। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई गई है। इसमें मामले की सीबीआई जांच कराने और देशभर में दवाओं की सुरक्षा व्यवस्था की जांच की मांग की गई है। एडवोकेट विशाल तिवारी ने याचिका में मांग की है कि कोर्ट सरकार को राष्ट्रीय न्यायिक आयोग या विशेषज्ञ समिति बनाने का निर्देश दे और जांच सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ट जज की निगरानी में हो। वहीं, मामले में तमिलनाडु के ड्रग्स कंट्रोल डिपार्टमेंट ने सिरप बनाने वाली कंपनी को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। इस दवा को कांचीपुरम की कंपनी श्रीसन फार्मास्यूटिकल्स बनाती है। सरकार ने पांच दिन के अंदर कंपनी से जवाब मांगा है।

■ सीबीआई जांच के लिए सुप्रीम कोर्ट में याचिका

#### » तीन अमेरिकी वैज्ञानिकों को फिजिक्स का नोबेल, ऊर्जा के स्तर की खोज की


### क्वांटम मेकेनिक्स टनलिंग पर शोध के लिए 3 वैज्ञानिकों को पुरस्कार



**स्टॉकहोम (एजेंसी)।** इस साल फिजिक्स का नोबेल पुरस्कार 3 अमेरिकी वैज्ञानिकों जॉन क्लार्क, मिशेल डेवोरेट, जॉन मार्टिनिस को मिला है। स्वीडन की रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज ने मंगलवार को इसकी घोषणा की। यह पुरस्कार इलेक्ट्रिक सर्किट में बड़े पैमाने पर मैक्रोस्कोपिक क्वांटम टनलिंग और ऊर्जा के स्तरों की खोज के लिए मिला है। क्वांटम टनलिंग वह प्रक्रिया है जिसमें कोई कण किसी बाधा (बैरियर) को कूदकर नहीं बल्कि उसके 'आर-पार' होकर निकल जाता है, जबकि सामान्य फिजिक्स के हिसाब से यह असंभव होना चाहिए। रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज ने कहा कि इन वैज्ञानिकों ने यह साबित किया कि क्वांटम इफेक्ट मानव स्तर पर भी दिखाई दे सकते हैं।

#### क्या है क्वांटम टनलिंग

आम जिंदगी में हम देखते हैं कि कोई गेंद दीवार से टकराकर वापस आ जाती है, लेकिन क्वांटम की दुनिया में छोटे कण कभी-कभी दीवार को पार कर दूसरी तरफ चले जाते हैं। इसे क्वांटम टनलिंग कहते हैं।


AYODHYA
The Land Of RAMA
श्री पुरंदर दास
श्री त्यागराज
श्री अरुणाचल कवि
प्रभु श्रीराम की नगरी अयोध्या में
दक्षिण भारत के प्रमुख संतों
की
प्रतिमाओं का अनावरण
8 अक्टूबर, 2025
अपराह्न 4:00 बजे
बृहस्पति कुण्ड स्थल, अयोध्या
द्वारा
योगी आदित्यनाथ
मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश
निर्मला सीतारामन
मंत्री, वित्त एवं कॉरपोरेट कार्य, भारत सरकार
गरिमामयी उपस्थिति
सुरेश कुमार खन्ना
मंत्री, वित्त एवं संसदीय कार्य, उत्तर प्रदेश
सूर्य प्रताप शाही
मंत्री, कृषि, कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान, उत्तर प्रदेश
जयवीर सिंह
मंत्री, पर्यटन एवं संस्कृति, उत्तर प्रदेश
रोली सिंह
अध्यक्ष, जिला पंचायत, अयोध्या
गिरीश पति त्रिपाठी
महापौर, अयोध्या
वेद प्रकाश गुप्ता
विधायक, अयोध्या
रामचन्द्र यादव
विधायक, रुदौली
चन्द्रभानु पासवान
विधायक, मिल्कीपुर
डॉ. अमित सिंह चौहान
विधायक, बीकापुर
अभय सिंह
विधायक, गोसाईगंज
हरिओम पांडेय
सदस्य, विधान परिषद
सांस्कृतिक कार्यक्रम
• दक्षिण भारत के 39 प्रसिद्ध संगीतकारों की प्रस्तुतियां • दक्षिण भारतीय भाषाओं में कर्नाटक संगीत की प्रस्तुति
• जटिल राग और ताल के मणिकांचन संयोग का अद्भुत प्रदर्शन • मृदंगम, कंजीरा, घाटम एवं मोर्सिंग का विलक्षण वाद्य संयोजन
अपराह्न 4:30 बजे
पीएफसी लॉन, श्री राम जन्मभूमि मंदिर
लाइव प्रसारण
DD NEWS व Youtube.com/DDNEWS Youtube.com/dduttarpradesh
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश
UPGovtOfficial
CMOUttarpradesh
CMOfficeUP




## खबर संक्षेप

### संतों की शिक्षाओं का प्रचार कर रही सरकार

**चंडीगढ़।** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले राज्य मंत्री राजेश नागर ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के मार्गदर्शन में प्रदेश सरकार द्वारा संत महापुरुष सम्मान एवं विचार प्रसार योजना चलाई जा रही है। इस परंपरा के शुरू होने से सामाजिक समरसता और महान संतों की गौरव गाथा को जन-जन तक पहुंचाने का सफल प्रयास किया जा रहा है।

### पेड पार्किंग सिस्टम से जनता को लूटा : राठी

**पंचकूला।** नगर निगम पंचकूला की सोमवार को हुई आम बैठक में पेड पार्किंग सिस्टम को खत्म करने का फैसला लिया गया। निगम क्षेत्र में पिछले लगभग पांच वर्षों से चल रहे इस सिस्टम के तहत लोगों से पार्किंग शुल्क वसूला जा रहा था। आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता व अंबाला लोकसभा अध्यक्ष सुरेंद्र राठी ने कहा कि पेड पार्किंग सिस्टम लागू करने वाले यही बीजेपी सरकार के लोग थे, जिन्होंने पांच साल तक जनता को नाजायज तरीके से लूटा।

### पार्क का नाम पद्मश्री आहूजा के नाम पर रखने का स्वागत

**पंचकूला।** सेक्टर-15 स्थित पार्क अब पद्मश्री जगदीश लाल आहूजा 'लंगर बाबा' के नाम से जाना जाएगा। इस निर्णय के बाद पीजीआई लंगर एवं सोशल वेलफेयर ग्रुप के प्रतिनिधियों ने पार्षद जय कौशिक के नेतृत्व में पंचकूला के महापौर कुलभूषण गोयल से मुलाकात की और उनका आभार व्यक्त किया। ग्रुप के सदस्य सुरेंद्र शर्मा, कृष्णपाल वालिया, कमल धीमान और फतेह सिंह ने कहा कि यह पहल महापौर और पार्षद के प्रयासों से संभव हो पाई है। उन्होंने कहा कि इससे समाज में सकारात्मक संदेश जाएगा।

### दो एचसीएस को आईएएस पद पर नोशनल नियुक्ति

**चंडीगढ़।** केंद्र सरकार र ने केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण (सीएटी) चंडीगढ़ पीठ के आदेशों के अनुपालन में राज्य सिविल सेवा (एचसीएस) के दो सेवानिवृत्त अधिकारियों अमरदीप सिंह और डॉ. सुभिता ढाका को भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के हरियाणा संवर्ग में नोशनल रूप से नियुक्त माना है। 2022 और 2023 की चयन सूचियों से पदोन्नति की अनुशंसाहरियाणा सरकार ने वर्ष 2022 और 2023 की चयन सूचियों के आधार पर क्रमशः आठ और दस रिक्तियों को राज्य सिविल सेवा अधिकारियों से आईएएस संवर्ग में पदोन्नति द्वारा भरने का निर्णय लिया था। इस संबंध में संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) द्वारा 14 जुलाई 2025 को चयन समिति की बैठक बुलाई गई, जिसमें अमरदीप सिंह को चयन सूची 2022 में क्रमांक 7 और डॉ. सुभिता ढाका को चयन सूची 2023 में क्रमांक 10 पर रखा गया।

### मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने जापान में आयोजित वर्ल्ड एक्सपो-2025 में हरियाणा पवेलियन का उद्घाटन किया

# हमारे शहर जापान की तरह विकसित होंगे, ग्रीन हाइड्रोजन में शोध के लिए मित्सुई से एमओयू



*मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा सरकार निवेश के अनुकूल वातावरण, बेहतर बुनियादी ढांचे और पारदर्शी नीतियों के माध्यम से विदेशी निवेश को प्रोत्साहित कर रही है। निवेश के लिए शानदार अवसर उपलब्ध करवाए जा रहे हैं।*

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में जापान दौरे पर गए प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को ओसाका में जापान की अग्रणी कंपनियों मिनेबेआ मित्सुमी, मित्सुई किंजोकू कंपोनेंट्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड और निटो सेइको के शीर्ष नेतृत्व के साथ महत्वपूर्ण बैठकें कीं। इस दौरान हरियाणा सरकार और मित्सुई किन्ज़ोकू कंपोनेंट्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने ग्रीन हाइड्रोजन के क्षेत्र में शोध और विकास को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। यह सहयोग हरियाणा में ग्रीन एनर्जी के क्षेत्र में नवाचार को प्रोत्साहित करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। एमओयू के तहत ग्रीन हाइड्रोजन उत्पादन, स्टोरेज और अनुप्रयोगों के क्षेत्र में अनुसंधान, प्रौद्योगिकी विकास और निवेश के प्रयास किए जाएंगे। बैठक के दौरान जापानी कंपनियों ने हरियाणा में प्रिसिशन मैन्युफैक्चरिंग और इलेक्ट्रॉनिक्स सेक्टर में नए प्रोजेक्ट्स में निवेश करने की इच्छा व्यक्त की। यह निवेश राज्य के औद्योगिक और विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र को और सशक्त बनाएगा।




### जापान के मेयर के साथ की बैठक

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में जापान के दौरे पर गए प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को ओसाका में जापान के मेयरों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की, जिसमें हरियाणा और जापान के बीच परस्पर सहयोग को और मजबूत बनाने पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने दोनों प्रांतों के बीच सामाजिक, आर्थिक और औद्योगिक साझेदारी की संभावनाओं पर विचार साझा किए तथा मेयरों की भूमिका को इस सहयोग के महत्वपूर्ण सेतु के रूप में रेखांकित किया।

### जापान के शहरों के विकास मॉडल पर चर्चा

बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि स्थानीय प्रशासनिक इकाइयों की भूमिका आज वैश्विक साझेदारियों के निर्माण में अत्यंत महत्वपूर्ण हो गई है। शहरीकरण के दौर में और भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखकर विकास एवं सुविधाएं विकसित करने की आवश्यकता है। ऐसे में जापान के शहरों के आधुनिक मॉडल को साझा करते हुए हरियाणा में भी ऐसे शहर बनाएंगे।

### भारत के समग्र विकास में हरियाणा की महत्वपूर्ण भूमिका

चंडीगढ़। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी जापान के ओसाका में चल रहे वर्ल्ड एक्सपो-2025 में मंगलवार हरियाणा पवेलियन के उद्घाटन अवसर पर उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत के समग्र विकास में हरियाणा की महत्वपूर्ण भूमिका है।

### हरियाणा भारत के विकास का प्रमुख इंजन साबित हो रहा

नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा देश के क्षेत्रफल का मात्र 1.34 प्रतिशत और जनसंख्या का 2.09 प्रतिशत है। लेकिन इसके बावजूद हमारा छोटा सा राज्य भारत के आर्थिक विकास का एक प्रमुख इंजन साबित हो रहा है। हर क्षेत्र में प्रदेश आगे बढ़ रहा है।

### जापान में दिखा हरियाणवी संस्कृति का जलवा



### फिंगरप्रिंट विज्ञान और नेफिस प्रणाली से अपराध नियंत्रण को नई दिशा मिली

चंडीगढ़। हरियाणा पुलिस ने अपराध अन्वेषण के क्षेत्र में उपलब्धि दर्ज की है जो पूरे देश के लिए एक मॉडल बन गई है।



पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने कहा कि राज्य अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो हरियाणा ने वर्ष 2024 में 57,000 से अधिक फिंगरप्रिंट डेटा नेफिस सॉफ्टवेयर पर अपलोड किए, जिनकी मदद से अब तक 111 आपराधिक मामलों को सुलझाया गया है। मामलों में 35 हत्या संबंधी गंभीर केस शामिल हैं। इसी तकनीक की सहायता से वर्ष 2024 में 16 और वर्ष 2025 में अब तक 15 अज्ञात शवों की पहचान की जा चुकी है, जिससे कई पुराने और लंबित मामलों की गुत्थियाँ सुलझ गई हैं।

### विकास कार्यों को जन-जन तक पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता : गुर्जर

चंडीगढ़। केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि पिछले लगभग 11 वर्षों में फरीदाबाद में अभूतपूर्व विकास कार्य हुए हैं, जिनका प्रमाण हर गांव, हर सड़क और प्रत्येक सार्वजनिक सुविधा में स्पष्ट दिखाई देता है। उन्होंने सरूरपुर में सड़क निर्माण कार्य का विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर लगभग 2.30 करोड़ रुपये की लागत से होने वाले विभिन्न विकास कार्यों का आरंभ हुआ।केंद्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि विकास कार्यों को जन-जन तक पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता है। इसी कड़ी में सरूरपुर में लगभग 50 लाख रुपये की लागत से गलियों और सड़कों के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। सरूरपुर से सोहना रोड तक लगभग 1 करोड़ 80 लाख रुपये की लागत से बनने वाली आरएमसी सड़क का निर्माण कार्य भी प्रारंभ किया।

### इनेलो कार्यकारिणी की बैठक

## किसानों को मुआवजा सहित चार प्रस्ताव पारित

**रोहतक।** इंडियन नेशनल लोकदल की राष्ट्रीय/राज्य कार्यकारिणी की बैठक मंगलवार को रोहतक में संपन्न हुई। बैठक में जलभराव की समस्या, फसल खरीद में देरी, बर्बाद फसल के मुआवजा में देरी और खत्म हो चुकी कानून व्यवस्था जैसी चार महत्वपूर्ण मुद्दों पर प्रस्ताव पारित किए गए। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय सिंह चौटाला ने कहा कि मजबूत संगठन और कर्मठ कार्यकर्ताओं के बलबूते पर 25 सितंबर को इतनी बड़ी रैली की गई जिसकी चर्चा पूरे देश में हो रही है।



■ पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व अन्य नेता रहे मौजूद

### बड़ौली ने ली बैठक

## पीएम मोदी की रैली का 'चूल्हा न्योत' न्योता दिया

**चंडीगढ़।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने मंगलवार को सोनीपत के गोहाना और बरोदा विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं के साथ महत्वपूर्ण विषयों को लेकर बैठक की। बैठक में बड़ौली ने सभी को पीएम मोदी की रैली के लिए चूल्हा न्योत न्योता दिया। इस मौके पर उन्होंने कार्यकर्ताओं से स्वदेशी अपनाने और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को मजबूत करने का आह्वान भी किया। प्रधानमंत्री की राष्ट्रसेवा के प्रेरणादायी 24 वर्ष पूरे होने पर उन्हें शुभकामनाएं दी।



■ कार्यकर्ताओं को स्वदेशी अपनाने का आह्वान

### सिरसा सांसद बोलीं

## घग्गर किनारे बसे गांवों में बढ़ रहे कैंसर रोगी

**चंडीगढ़।** सांसद सैलजा ने कहा कि सिरसा, फतेहाबाद, कैथल और अंबाला जिलों के घग्गर किनारे बसे गांवों में कैंसर के बढ़ते मामले अत्यंत गंभीर चिंता का विषय हैं। सिरसा में कैंसर रोगियों की बढ़ती संख्या को लेकर चंडीगढ़ पीजीआई की टीम द्वारा किया जा रहा सर्वे स्वागत योग्य कदम है, परंतु यह केवल प्रारंभिक प्रयास है। सांसद सैलजा ने कहा है कि उनके द्वारा इस गंभीर मुद्दे को लोकसभा में भी उठाया गया। उन्होंने सरकार से इस दिशा में तुरंत कदम उठाने की मांग की।



■ सरकार से तुरंत बड़े कदम उठाने की मांग

## प्रदेश में पराली जलाने के मामले 95 प्रतिशत तक घटे

चंडीगढ़। हरियाणा में पराली जलाने को लेकर राज्य सरकार के सख्त प्रवर्तन, आधुनिक निगरानी प्रणाली और किसानों को वैकल्पिक उपायों के प्रति प्रेरित करने के सतत प्रयास रंग लाने लगे हैं। बीते वर्ष की तुलना में धान की फसल के अवशेष जलाने से जुड़ी सक्रिय आग की घटनाओं में 95 प्रतिशत की उल्लेखनीय कमी दर्ज की गई है। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) की रिपोर्ट के अनुसार, जहां 2024–25 सीजन के दौरान राज्य में पराली जलाने की 150 घटनाएं दर्ज की गई थीं, वहीं 6 अक्टूबर, 2025 तक इनकी संख्या घटकर केवल सात रह गई है।

### पराली प्रबंधन को लेकर सरकार गंभीर : राणा

चंडीगढ़। हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि हरियाणा सरकार धान की फसल के अवशेष न जलाई जाए और उसका प्रबंधन ठीक से हो सके इसको लेकर गंभीर है। किसान पराली न जला सकें इसके लिए 9036 नोडल अधिकारी लगाए गए हैं। प्रदेश सरकार द्वारा पराली प्रबंधन के लिए किसानों को प्रति एकड़ 1200 रुपये प्रोत्साहन राशि दी जाती है। प्रदेश सरकार का लक्ष्य है कि हरियाणा में फसल अवशेष जलाने का एक भी केस न हो। कृषि मंत्री केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा एनसीआर से लगते राज्यों के कृषि मंत्रियों के साथ नई दिल्ली से कृषि भवन से वर्चुअल माध्यम से पराली प्रबंधन को लेकर किए संवाद के दौरान जानकारी दे रहे थे।

### सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों को आधुनिक सुविधाओं से किया जाएगा सुसज्जित : आरती राव

# 120 करोड़ की दवाओं व चिकित्सा उपकरणों की होगी खरीद

चंडीगढ़। स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के सभी सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित करने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। इसके तहत अस्पतालों में दवाओं और इलाज में इस्तेमाल होने वाले चिकित्सा उपकरणों की उपलब्धता को मजबूत किया जा रहा है। स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने बताया कि हाल ही में हुई स्पेशल हाई पॉवर्ड परचेज कमेटी की बैठक में लगभग 120 करोड़ रुपये की दवाओं और चिकित्सा उपकरणों की खरीद को मंजूरी दी गई है। इससे राज्य के विभिन्न जिलों में स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार आएगा और मरीजों को उच्च गुणवत्ता की जांच व उपचार सुविधाएं मिलेंगी।

## स्पेशल हाई पॉवर्ड परचेज कमेटी की बैठक में मंजूरी



### 8 स्थानों पर एमआरआई मशीन लगेंगी

बैठक में यह निर्णय लिया गया कि पीपीपी (पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप) मोड पर प्रदेश के 8 स्थानों पर एमआरआई मशीनें, 2 स्थानों पर सीटी स्कैन मशीनें, और 604 स्थानों पर ईसीजी जांच के लिए निर्धारित दरों को अंतिम रूप दिया गया है। इसके साथ ही, हरियाणा के सभी नागरिक अस्पतालों के लिए लगभग 23 करोड़ रुपये की लागत से 67 एनेस्थीसिया वर्कस्टेशन खरीदे जाने के अनुबंध को मंजूरी दी गई है। इसके अलावा, ईएनटी रोगियों के लिए 22 नसल एंडोस्कोप खरीदे जाएंगे।

### कांग्रेस संगठन में जान फूंकने के लिए नेताओं ने किया मंथन

बीके हरिप्रसाद, भूपेंद्र सिंह हुड्डा, राव नरेंद्र व अन्य वरिष्ठ नेताओं ने ली बैठक

# अनुशासन कमेटी का गठन होगा, संगठन विस्तार तेज करेंगे, पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी बनेगी

**चंडीगढ़।** हरियाणा कांग्रेस के नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष राव नरेंद्र और हरियाणा मामलों के प्रभारी बीके हरिप्रसाद ने दूसरे दिन भी लगातार बैठकों का दौर जारी रखा।बैठकों के बाद में उन्होंने मीडिया से बातचीत में संगठनात्मक मजबूती और जनता के मुद्दों को लेकर प्रतिबद्धता दोहराई। पार्टी प्रदेश प्रभारी बीके हरिप्रसाद ने घोषणा की कि जल्द हरियाणा में अनुशासन कमेटी गठित की जाएगी ताकि संगठन में अनुशासन और जवाबदेही सुनिश्चित हो। साथ ही, एक पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी बनाई जाएगी, जो पार्टी के आंतरिक मुद्दों को आधिकारिक मंच पर हल करेगी।

### वोटर लिस्ट पर नजर रखने के लिए बूथ एजेंट नियुक्त होंगे

प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र ने वाल्मीकि जयंती पर भगवान वाल्मीकि को नमन करते हुए नई जिम्मेदारी के लिए कांग्रेस हाईकमान का आभार जताया। उन्होंने बताया कि जिला अध्यक्षों और विधानसभा उम्मीदवारों की बैठक में बूथ एजेंट नियुक्त करने के निर्देश दिए ताकि वोटर लिस्ट पर नजर रखी जा सके और 'वोट चोर-गद्दी छोड़' अभियान को गति मिले।



### महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने पर चर्चा

प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि पार्टी की बैठक में आज निकाय चुनावों, जिला कार्यालयों, महिलाओं की भागीदारी और संगठन विस्तार पर गहनता से चर्चा की गई और जरूरी दिशा-निर्देश जारी किए गए। राव नरेंद्र ने बीजेपी की विफलताओं पर निशाना साधते हुए कहा कि हरियाणा में अपराध और बेरोजगारी चरम पर है।

### जनता ने कांग्रेस को विपक्ष की भूमिका सौंपी : हुड्डा

पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि जनता ने कांग्रेस को विपक्ष की भूमिका दी है, जिसे पार्टी पूरी मजबूती से निभाएगी। उन्होंने कांग्रेस शासनकाल में हरियाणा के विकास कार्यों को गिनाया, जिसमें पंचकूला में नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी, कुरुक्षेत्र में नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डिजाइन, करनाल में कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज, सोनीपत में राजीव गांधी एजुकेशन सिटी, झज्जर में एम्स और नेशनल कैंसर इंस्टीट्यूट, रोहतक में आईआईएम तथा अन्य विकास कार्य करवाए गए।



## खबर संक्षेप

### गडकरी आज करेंगे बैटरी चार्जिंग स्टेशन का उद्घाटन



**सोनीपत।** उपायुक्त सुशील सारवान ने बताया कि केन्द्रीय सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी 08 अक्टूबर को प्रातः 11:45 बजे गांव पांची गुजरान स्थित दिल्ली इंटरनेशनल कार्गो टर्मिनल प्राइवेट लिमिटेड (डीआईसीटी) में पहुचंकर भारत के पहले वाणिज्यिक इलेक्ट्रिक ट्रक बैटरी स्वैपिंग एवं चार्जिंग स्टेशन का उद्घाटन करेंगे। इस दौरान उनके साथ केन्द्रीय भारी उद्योग एवं इस्पात मंत्री एचडी कुमारस्वामी भी मौजूद रहेंगे।

### स्पेशल चांस यूजी एक से 4 सेमेस्टर की परीक्षा आज से

**जींद।** सीआरएसयू विश्वविद्यालय में स्पेशल चांस यूजी एक से चार सेमेस्टर की परीक्षा आठ अक्टूबर से शुरू हो रही हैं। क्योंकि कुछ विद्यार्थी अपना किसी कारण की वजह के कारण कोर्स नहीं पूरा कर पा रहे थे। जिसके बाद विश्वविद्यालय प्रशासन से अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जींद ने मांग की थी कि विद्यार्थियों को किसी कारण से साल बर्बाद हो जाएगा। एबीवीपी इकाई अध्यक्ष राहुल कक्कड़ ने बताया कि विश्वविद्यालय से अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जींद द्वारा माग की थी कि कॉलेज के नॉन एनईपी कोर्स यूजी विद्यार्थियों को एक से चार सेमेस्टर की स्पेशल चांस की परीक्षा कराई जाए।

### हेरोइन के साथ एक युवक गिरफ्तार



**यमुनानगर।** हजारों रुपये की हेरोइन के साथ एक युवक को एंटी नारकोटिक्स सेल की टीम ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से पुलिस ने 22 ग्राम हेरोइन बरामद की है। आरोपी लंबे समय से नशीला पदार्थ बेचने का काम करता आ रहा है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसे अदालत में पेश किया। जहां से उसे रिमांड पर लिया गया है। बताया जा रहा है कि आरोपी पर एनडीपीएस एक्ट के दो मामले पहले भी दर्ज है। जो कि कोर्ट में विचाराधीन है।



हांसी। निजी अस्पताल में भर्ती घायल राजन उसके पास है भुवनेश्वर।

### चाइनीज मांझे में उलझकर 6 साल का बच्चा घायल

**हांसी।** शहर की भाटिया कॉलोनी में मंगलवार दोपहर गली में खेल रहा एक बच्चा चाइनीज डोर के चपेट में आने से घायल हो गया। घायल बच्चे को उपचार हेतु एक निजी अस्पताल में ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उपचार के बाद उसे छुट्टी दे दी। घायल बच्चे के पिता भाटिया कॉलोनी निवासी भुवनेश्वर ने बताया कि उसका 6 वर्षीय बेटा राजन गली में खेल रहा था कि अचानक उसके पांव पतंग का मांझा उलझ गया। उन्होंने बताया कि चाइनीज मांझे की धार इतनी तेज थी कि बच्चे के पांव में गहरा कट लग गया और काफी मात्रा में खून बहने लगा।

### नशीली गोलियां बेचने वाले दो युवक गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना शहर रतिया पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में दो युवकों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पहले मामले में पुलिस टीम ने एक युवक को कमर्शियल मात्रा में 136 नशीली गोलियों सहित काबू किया है। थाना शहर रतिया प्रभारी उपनिरीक्षक रणजीत सिंह ने बताया कि एएसआई हरपाल सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम रतिया-बुढलाडा रोड, टी-प्वाइंट टोहाना बाईपास पर गश्त व नशा नियंत्रण ड्यूटी पर थी।

---

**त्योहारों पर सख्ती :** खाद्य एवं सुरक्षा विभाग की टीम ने मिठाई और पनीर के सैंपल भरे

# दिल्ली में बिक रहा हरियाणा में बना नकली देशी घी

### दूसरी बार दिल्ली में नकली देशी घी को लेकर जुड़े जींद से तार

*दिल्ली में पकड़े गए नकली देशी घी के तार जींद से जुड़ने का मामला सामने आने के बाद खाद्य एवं सुरक्षा विभाग की टीम ने शहर में मिठाइयों तथा पनीर के सात सैंपल भरे। जिन्हें जांच के लिए लैबोरटरी भेजा गया।*



हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद

दिल्ली में पकड़े गए नकली देशी घी के तार जींद से जुड़ने का मामला सामने आने के बाद खाद्य एवं सुरक्षा विभाग की टीम ने शहर में मिठाइयों तथा पनीर के सात सैंपल भरे। जिन्हें जांच के लिए लैबोरटरी भेजा गया। वहीं खूफिया एजेंसियां भी नकली घी तैयार करने वाली फैक्टरी की जानकारी जुटाती रही लेकिन कोई सुराग हाथ नही लगा। दिल्ली पुलिस की आमद भी यहां पर दर्ज नही हुई। त्योहारों के सीजन में मिलावट तथा घटिया खाद्य पदार्थों को लेकर जिला खाद्य एवं सुरक्षा विभाग की टीम ने डा. योगश कादियान के नेतृत्व में अमरहेड़ी रोड तथा पटियाला चौक पर मिठाइयों की दुकानों पर दस्तक दी। अमरहेड़ी रोड से टीम ने पनीर के तीन, मिल्क बर्फी, क्रीम का एक-एक तथा खोया बर्फी के दो सैंपल भरे। पटियाला चौक से पेठा मिठाई का एक सैंपल भरा गया। जिन्हें टीम ने जांच के लिए लैबोरेटरी भेज दिया गया। सैंपल रिपोर्ट आने के बाद आगामी कार्रवाई विभाग द्वारा अमल में लाई जाएगी।



जींद। दुकान पर सैंपल लेते हुए खाद्य एवं सुरक्षा विभाग की टीम। फोटो : हरिभूमि

#### होगी कार्रवाई

खाद्य एवं सुरक्षा विभाग ने कौन सी मिठाई कितने दिन चलेगी, इसके नियम बनाए गए हैं। इसके अलावा हर मिठाई की ट्रे पर मिठाई बनाने की तारीख तथा उसकी एक्सपायरी तारीख भी लिखनी होगी। यह नियम मुख्य रूप से खुली और बिना पैक वाली मिठाइयों पर लागू होता है। मिठाई विक्रेता डिब्बे के वजन को मिठाई के वजन में शामिल नहीं कर सकते हैं।

#### लिए थे 30 सैंपल

खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने पिछले साल अक्टूबर महीने में 30 सैंपल लिए थे। इनमें से चार सैंपल सब स्टैंडर्ड के पाए गए। जिन पर पांच-पांच हजार रुपये जुर्माना लगाया गया। इसके अलावा एक सैंपल पूरी तरह से अनसेफ पाया गया। यानी खाने के योग्य ही नहीं था। उस दुकानदार के खिलाफ सीजेएम अदालत में मामला चल रहा है।

#### दिल्ली में पकड़ा नकली घी जींद में ढूंढते रहे फैक्ट्री

दिल्ली में नकली देशी घी पकड़े जाने के बाद जींद से घी स्पलाई होने की बात सामने आई। जिसमें मुख्य सरगना का नाम मुकेश गोयल के रूप में बताया गया। जिसके बाद नकली देशी घी के फैक्टरी को खूफिया एजेंसियां ढूंढती रही लेकिन कोई सुराग नही लगा। नाम को लेकर भी कन्फ्यूजन बना रहा। फैक्टरी का भी सुराग नही लगा। दिल्ली क्राइम पुलिस की आमद भी जिले में दर्ज नही हुई। आखिर नकली देशी घी का कारोबार करने वाला कौन है और उसकी फैक्टरी कहां चल रही है। यही बड़ा सवाल बना रहा।

#### नकली देशी घी को लेकर बदनाम रहा है जींद

नकली देशी घी के मामले में जींद बदनाम रहा है। पूर्व में भी दिल्ली क्राइम पुलिस ने सब्जी मंडी के निकट नकली देशी घी की फैक्टरी पकड़ी थी। आधा दर्जन के लगभग नकली घी के मामले पूर्व में पकड़े जा चुके हैं। आरोपित छुटने के बाद फिर से मिलवटी नकली देशी घी के कारोबार में उतर आते हैं। दिल्ली मे नकली घी के तार जीद से जुडने का यह दूसरा मामला है। जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी डा. योगेश ने बताया कि खाद्य पदार्थों की सैंपलिंग को तेज कर दिया है।

**एक दिन चलने वाली मिठाई** कलाकंद, बटर स्कॉच कलाकंद, चॉकलेट कलाकंद।
**दो दिन चलने वाली मिठाई :** दूध से बने आइटम, मिल्क बादाम, रसगुल्ला, रबड़ी, रसमलाई, साही टोस्ट, मलाई टोस्ट, खीर।
**सात दिन चलने वाली मिठाई :** घी व ड्राई फ्रूट लड्डू, काजू कतली, घेवर, शक्कर पारा, गुड़ पारा, शाही लड्डू, मूंग बर्फी, आटा लड्डू, ड्राई फ्रूट, गुजिया, बूंदी लड्डू, काजू केसर बर्फी, काजू बेक्स गुजिया, बादाम लौंग, बालूशाही, बादाम बर्फी, केसर बड़ी मलाई, चंद्रकला, केसर गुजिया, मैदा गुजिया, काजू खजूर, पिस्ता लौंग, छोटा केसर घेवर, केसर चंद्रकला, काजू लड्डू, बेसन बर्फी शमिल है।

---



हिसार। छापे के दौरान जांच करते सीएम फ्लाइंग टीम। फोटो : हरिभूमि

**हिसार में बीकानेर व अन्य दुकानों पर छापे**

# बिना लाइसेंस मिठाई बनाते मिले संचालक

***राजस्थान से बसों में आ रहा था मावा, जांच रिपोर्ट के बाद होगी कार्रवाई***

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

त्योहारी सीजन के चलते मिठाइयों में मिलावट की गुप्त सूचना पर सीएम फ्लाइंग टीम ने मंगलवार को हिसार शहर में बड़ी कार्रवाई की। टीम ने बीकानेर मिष्ठान भंडार पर रेड मारकर बड़ी मात्रा में मावा, रसगुल्ले और केक बरामद किए। जांच के दौरान दुकान संचालक मिठाई बनाने का लाइसेंस नहीं दिखा सका, जिस पर उसका चालान किया गया। उसके बाद हिसार के इसके साथ ही न्यू सैनी स्वीट्स के गोदाम से भी सैंपल भरे गए हैं तथा बिना लाइसेंस मिठाईयां बनाने पर चालान किया गया है। हिसार की दोनों मिठाई की दुकानों के पास मिठाई बनाने का लाइसेंस नहीं मिला।

#### 280 किलो मावा, 480 किलो रसगुल्ले और 32 किलो केक बरामद

टीम ने जब गोदाम की तलाशी ली तो वहां कुल लगभग 280 किलोग्राम मावा मिला, जो फ्रिज, पॉलीथिन व कट्टों में भरकर रखा हुआ था। इसके अलावा लगभग 32 किलो केक और लगभग 480 किलो रसगुल्ले भी मौके से बरामद किए गए। सैंपल जांच के लिए भरे और उन्हें फूड लैब में भेजा गया है।

#### बीकानेर से 280 रुपये किलो मंगवाते हैं मावा

सीएम फ्लाइंग टीम द्वारा की गई पूछताछ में गोदाम मालिक रविव ने स्वीकार किया कि वह मावा राजस्थान के बीकानेर से 280 रुपये प्रति किलो के भाव से मंगवाता है। यह मावा बसों के जरिए हिसार लाया जाता था, और फिर यहीं मिठाइयां तैयार कर स्थानीय बाजार में बेची जाती थीं।

---

**कोल्ड्रिफ कफ सिरप मामला, दो बैच की दवाओं की बिक्री पर रोक**

## जींद में तीन मेडिकल स्टोर से सात सैंपल भरे, जांच के लिए भेजे लैब

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद

जिला ड्रग कंट्रोलर गीता ने मंगलवार को लगातार दूसरे दिन भी कोल्ड्रिफ सिरप की जांच को लेकर अभियान जारी रखा। उन्होंने स्पेशल दो बैच केएल 25/148 व एसआर 13 की बिक्री पर तुरंत रोक लगाने के निर्देश दिए हैं। वहीं मंगलवार को भी तीन मेडिकल स्टोर से सात सैंपल भरे गए हैं। जिनको जांच के लिए लैब में भेजा गया है। उन्होंने सभी मेडिकल स्टोर संचालकों को इसके लिए पत्र जारी कर दिया है। इसके अलावा कुछ खास ब्रांड की दवाओं जिनमें डेक्सट्रोमेथॉफरन्, फिनाइलफ्राइन व क्लोरफेनिरामाइन साल्ट है, उनकी बिक्री नहीं की जाएगी। इसके अलावा अन्य ब्रांड की दवाओं जिनमें बेशक यह साल्ट हों, उनकी बिक्री की जा सकती है। ड्रग कंट्रोलर ने कहा कि सभी मेडिकल स्टोर से स्टाक का ब्यौरा मांगा गया है। स्टाक का ब्यौरा मुख्यालय को भेजा जा रहा है। मंगलवार को भी तीन मेडिकल स्टोर से इन तीनों साल्ट वाली दवाओं के सैंपल लेकर जांच के लिए भेजे गए हैं। यह सैंपल दशमेश मेडिकल एजेंसी, नैन फार्मास्युटिकल तथा नीलकंठ इंटरप्राजिज से लिए गए हैं।



जींद। जांच करते हुए ड्रग कंट्रोलर।

---

**दिल्ली के डॉक्टर का मर्डर और बीजेपी नेता के घर चोरी का आरोपी, नेपाल का रहने वाला**

## गुरुग्राम में 1 लाख का इनामी बदमाश ढेर

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम



भीम बहादुर जोरा

दिल्ली में डॉक्टर का मर्डर करने व भाजपा नेत्री के गुरुग्राम मकान से लाखों की चोरी करने के आरोपी भीम बहादुर जोरा को सीआईए व दिल्ली पुलिस ने एनकाउंटर में ढ़ेर कर दिया। वहीं, भीम बहादुर का साथी फरार होने में कामयाब हो गया। भीम बहादुर पर दिल्ली पुलिस ने एक लाख रुपए इनाम व एक रैंक प्रमोशन की घोषणा की हुई थी। मुठभेड़ के दौरान गुडग़ांव सीआईए सेक्टर-43 के प्रभारी इंस्पेक्टर नरेंद्र शर्मा को भी गोली लगी। गनीमत यह रही कि उन्होंने बुलेटप्रूफ जैकेट पहनी हुई थी जिसके कारण गोली इसी जैकेट में ही फंस गई और उनकी जान बच गई। दरअसल, सीआईए प्रभारी इंस्पेक्टर नरेंद्र शर्मा को सोमवार देर रात को उन्हें सूचना मिली थी कि भाजपा जिला उपाध्यक्ष के घर चोरी करने में संलिप्त आरोपी भीम जोरा दिल्ली के अमर कॉलोनी थाना क्षेत्र में मौजूद है। इस पर दिल्ली पुलिस के साथ मिलकर बताए गए स्थान पर पहुंचे तो भीम जोरा ने पुलिस को देखते ही अंधाधुंध फायरिंग करनी शुरू कर दी। टीम ने जवाबी कार्रवाई करते भीम जोरा पर फायरिंग की जिसमें एक गोली भीम जोरा को लगी। पुलिस ने मौके पर घायल भीम जोरा को दिल्ली के एम्स अस्पताल भेजा जहां इलाज के दौरान डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।



#### मर्डर व डकैती के आधा दर्जन से ज्यादा केस

भीम जोरा के खिलाफ दिल्ली-गुडग़ांव की नहीं बल्कि कई अन्य राज्यों में भी करीब आधा दर्जन केस दर्ज थे। जांच के दौरान सामने आया कि भीम जोरा पर डकैती के दौरान हत्या करने के मामले में एक लाख रुपए और वन रैंक प्रमोशन का इनाम दिल्ली पुलिस ने घोषित किया हुआ था। उसके खिलाफ डकैती डालने का मामला गुजरात में भी दर्ज है। इसके अलावा घर में चोरी करने का मामला कर्नाटका और गाजियाबाद में भी दर्ज है।

---

**8 फरवरी 2024 को केस दर्ज हुआ था**

## छात्रा से दुष्कर्म करने वाले को 20 साल का कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

9वीं कक्षा की छात्रा से दुष्कर्म के दोषी नारायणगढ़ के सचिन को 20 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। विशेष न्यायाधीश एडीजे डॉ. मैनपाल रमावत की अदालत ने यह फैसला सुनाया। अदालत ने मुजरिम पर 20 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना न भरने पर दोषी को छह माह का अतिरिक्त कठोर कारावास भुगतना होगा। 8 फरवरी 2024 को एक महिला ने महिला पुलिस स्टेशन में इस संबंध में शिकायत दी थी। महिला ने बताया कि दिसंबर 2023 में बेटी की तबियत खराब होने पर उसने उससे जानकारी ली तो उसने बताया कि जब वह राशन डिपो पर राशन लेने जाती थी तो दोषी उसे चॉकलेट का बहाना बनाकर पकड़ लेता था। एक बार दीपावली का उपहार देने के बहाने घर बुला लिया। वहां उसके साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया तब से मामला विचाराधीन था।

---

## मुनाफे का लालच देकर 9.72 करोड़ की ठगी में दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज. रेवाड़ी

साइबर थाना पुलिस ने स्टॉक मार्केट में इन्वेसमेंट के बदले मुनाफे का लालच देकर 9.72 करोड़ रुपये की ठगी करने के मामले में दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान बिहार के पटना के वैस्टर रामकृष्ण नगर निवासी पृथ्वीराज चौहान व बिहार के पटना के ही विकर सैक्सन कॉलोनी कंकडबाग निवासी तरूणचंद्र झां के रूप में हुई है। मामले में पुलिस जिला गुरूग्राम के नरहेड़ा निवासी अजय ओमपाल को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। गांव पिथनवास निवासी जयकृष्ण आभीर का गत 24 अगस्त को दो व्हाट्सएप नंबर पर संपर्क हुआ, जिसमें ठगों ने उससे चैटिंग शुरू कर दी। साइबर ठगों ने उसे व्हाट्सएप पर जोड़कर स्टॉक मार्केट में इन्वेसमेंट करने की बात कहकर ठगी कर ली।



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में दो आरोपी।

---

**महिला और उसके परिवार के साथ अमेरिका में पीआर दिलाने के नाम पर 2.35 करोड़ रुपये की ठगी की गई**

## धमकियों के बाद महिला की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल

करनाल में एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। बताया जा रहा है कि महिला और उसके परिवार के साथ अमेरिका में (परमानेंट रेजिडेंस) दिलाने के नाम पर 2.35 करोड़ रुपये की बड़ी ठगी की गई थी। मृतका की पहचान हरप्रीत कौर (56) के रूप में हुई है, जो करनाल की रहने वाली थीं। वह अपने पति के साथ सेक्टर-13 में रहती थीं और उनके ऊपर वाले कमरे में आरोपी योगेश और पुनीत व उनका परिवार रहता था।

#### यूएस में सेटलमेंट और 2.35 करोड़ का ट्रांसफर



पति ने बताया कि आरोपी कई सालों से किराये पर रह रहे थे और खुद को विदेश भेजने का काम करने वाला बताया था। आरोपियों ने परिवार को भरोसे में लिया और कहा कि वह उनके परिवार को अमेरिका में सेटल करवा सकते हैं और वहां बिज़नेस भी शुरू करवा देंगे। इसी झांसे में आकर परिवार ने उनसे पैसों का लेन-देन शुरू कर दिया।

#### नकली सोना और 50 लाख का वादा

जब पीड़ित परिवार का काम नहीं हुआ और उन्होंने पैसे वापस मांगे, तो आरोपियों ने उन्हें सिक्योरिटी के तौर पर 800 ग्राम सोना दिया और कहा कि यह सोना असली है और वे एक-एक पैकेट उठाकर पैसा वापस लेते रहेंगे। इसके अलावा, पीड़ित पति ने बताया कि 2024 में उन्हें अपने बच्चों की शादी करनी थी। उन्होंने आरोपी से पैसे मांगे, तो आरोपी ने शादी के समय पर 50 लाख रुपये देने की हामी भरी, लेकिन कुछ नहीं दिया। मजबूरन, उन्हें कहीं से लोन लेकर बच्चों की शादी करनी पड़ी।

---

**कार्रवाई** फतेहाबाद पुलिस का नशा तस्करों के विरुद्ध ऑपरेशन सफाया

# 14 कुख्यात तस्करों की 4.07 करोड़ से अधिक अवैध संपत्ति जब्त, जल्द चलेगा बुलडोजर

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

फतेहाबाद पुलिस ने नशा तस्करों के विरुद्ध चलाए जा रहे ऑपरेशन सफाया के अंतर्गत अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। अब केवल गिरफ्तारियां नहीं होंगी, जो नशे का धंधा करेगा, उसकी संपत्ति भी जब्त की जा रही है। पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन के नेतृत्व में एनडीपीएस एक्ट की धारा 68(एफ) के अंतर्गत 14 कुख्यात नशा तस्करों की लगभग 4.07 करोड़ की अवैध संपत्ति कुर्क की प्रक्रिया की जा रही है। इस प्रक्रिया से संपत्तियों पर शीघ्र ही बुलडोजर चलाने की कार्यवाही आरंभ की जाएगी। एसपी सिद्धांत जैन ने बताया कि सभी मामलों में संपत्तियों की फोरेंसिक जांच, दस्तावेजीय साक्ष्य संकलन तथा सक्षम प्राधिकरण से विधिवत स्वीकृति के उपरांत कुर्की की प्रक्रिया के बाद बुलडोजर की कार्यवाही की जाएगी।

#### इन तस्करों पर की गई कार्रवाई

जिला पुलिस द्वारा विनोद कुमार पुत्र मन्दरुप निवासी खाबड़ा कलां का ट्रैक्टर, कार, मोटर साइकिल, स्कूटी, बोलेरो पिकअप, आभूषण व नगदी सहित 41 लाख 32 हजार 157 रुपये की सम्पति जब्त की जा रही है। इसके अलावा महंगा सिंह पुत्र राज सिंह निवासी बदलपुर, पटियाला का 16 लाख कीमत का रिहायशी मकान, महेन्द्र उर्फ मिन्टू पुत्र प्रीतम सिंह निवासी लोहाखेडा) का 30 लाख कीमत का मकान, बब्लू निवासी गुरुनानकपुरा फतेहाबाद की दो स्कारपियो, मारुति विटारा, ट्रैक्टर सहित 28 लाख की सम्पति, नछतरो पत्नी रोशन लाल निवासी नन्हेड़ी का रिहायशी मकान व कार सहित 25 लाख की सम्पति, हरपाल कौर पत्नी जोगिन्द्र सिंह निवासी बाबा बुटा बस्ती, टोहाना की दो स्कूटी व चार मरले जमीन सहित 15 लाख की सम्पति, देवेन्द्र उर्फ काला निवासी मुसाअहली की कार, रिहायशी मकान व जमीन सहित 45 लाख की सम्पति जब्त की जा रही है। इसके अलावा रिसाला निवासी कोलगढ़ का रिहायशी मकान व आई 20 गाड़ी सहित 34 लाख की सम्पति, जनक सिंह उर्फ जनकी निवासी नूरपूर दिवाना की स्कारपियो, आल्टो, एक्टिवा सहित 12 लाख की सम्पति, काला सिंह रत्तनगढ़ के बैंक बैलेंस, कार, ट्रैक्टर सहित 8 लाख की सम्पति, जगसीर सिंह उर्फ जग्गु निवासी मोहम्मदपुर सौत्र का मकान, वाहन, ट्रैक्टर सहित 37 लाख 15 हजार की सम्पति, संदीप काजलहेड़ी की 7 कनाल 19 मरले जमीन व 4 मोटरसाइकिल कुल 51 लाख 35 हजार की सम्पति, मनजीत उर्फ मीता निवासी महमड़ा का मकान व महिन्द्रा गाड़ी सहित कुल 35 लाख की सम्पति जब्त की जा रही है।

#### तस्करों की आर्थिक कमर तोड़ने का अभियान



एनडीपीएस अधिनियम की धारा 68(एफ) के अंतर्गत यदि यह सिद्ध हो जाता है कि कोई संपत्ति नशीले पदार्थों की तस्करी से अर्जित की गई है, तो उसे 'अवैध संपत्ति' घोषित कर राज्य सरकार द्वारा जब्त किया जा सकता है। अवैध कमाई पर बुलडोजर चलेगा। -**सिद्धांत जैन, एसपी**

---

### हैंड ग्रेनेड और गोलियों के साथ दो युवक काबू बम निरोधक टीम ने ग्रेनेड को किया डिफ्यूज



**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र-पिहोवा मार्ग पर 152 डी के पास गांव मुर्तजापुर के समीप सीआईए-2 पुलिस ने पंजाब के दो युवकों को हैंड ग्रेनेड और गोलियों के साथ गिरफ्तार किया है। दोनों युवक बाइक पर सवार होकर 152 डी पर पटियाला से कुरुक्षेत्र की तरफ जा रहे थे। पिहोवा हाईवे पर सीआईए-2 की टीम ने उन्हें पकड़ लिया। गिरफ्तार युवकों की पहचान गुरविंद्र (18) और संदीप सिंह (22) निवासी पटियाला के रूप में हुई है। पुलिस टीम में डीएसपी निर्मल सिंह, सीआईए-2 इंचार्ज मोहन लाल सहित अन्य शामिल रहे। पुलिस ने मौके पर बम निरोधक दस्ते को बुलाया। मौके पर पहुंचे बम निरोधक दस्ते ने हैड ग्रेनेड को डिफ्यूज करने के लिए खाली पड़ी जगह पर गहरे गड्ढे में दबाया और ग्रेनेड को डिफ्यूज किया। आरोपी पंजाब नंबर की बाइक पर आए थे। सीआईए टू के इंचार्ज मोहन लाल ने बताया कि सूचना के आधार पर दो युवकों को 152 डी पर पिहोवा के समीप गिरफ्तार किया है। इनमें एक युवक पटियाला का रहने वाला है और दूसरा युवक मूल रूप से अंबाला का रहने वाला है लेकिन फिलहाल वह पटियाला में ही रह रहा है। इनके पास से एक जिंदा हैंड ग्रेनेड मिला है और गोलियां मिली है। बम निरोधक दस्ता बुलाकर बम को डिफ्यूज कर दिया गया है। अभी पूछताछ में सामने आया है कि विदेश से फोन आनी थी और कॉल करने वाले ने बताना था कि ग्रेनेट कहां गिराना है।

# जिनकी सेना 4 लाख से दुष्कर्म करे, उन्हें सिखाने का हक नहीं

एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क

*पी हरीश ने कहा कि जो देश अपने यहां धार्मिक और जातीय अल्पसंख्यकों पर अत्याचार करता है, वह दूसरों को मानवाधिकार का पाठ नहीं पढ़ा सकता। पाकिस्तान का असली चेहरा अब दुनिया के सामने आ चुका है*

भारत ने पाकिस्तान को एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय पटल पर बेनकाब किया है। मंगलवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद



(यूएनएससी) में भारत के स्थाई प्रतिनिधि, पार्वथानेनी हरीश ने यूएनएससी में महिला शांति और सुरक्षा विषय पर खुली बहस के दौरान कश्मीर को लेकर झूठे प्रचार करने पर पाकिस्तान की कड़ी आलोचना की। खुली बहस के दौरान पी. हरीश ने कहा कि पाकिस्तान एक ऐसा देश है, जो अपने ही लोगों पर बम गिराए और 4 लाख महिलाओं के साथ दुष्कर्म जैसा अमानवीय अपराध करे, उसे दूसरों को सिखाने का कोई अधिकार नहीं। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान दुनिया का ध्यान भटकाने और गुमराह करने के लिए झूठ और बढ़ा-चढ़ाकर बातें करता है।

■ महिला सुरक्षा पर यूएन में भारत ने पाकिस्तान को घेरा

**पाकिस्तान** दुनिया का ध्यान भटकाने के लिए झूठी बातें करता है

**जम्मू-कश्मीर** भारत का अभिन्न हिस्सा था, है और हमेशा रहेगा

### भारत का रिकॉर्ड बेदाग और अक्षुण्ण

भारत की स्पष्ट नीति को रेखांकित करते हुए पी. हरीश ने कहा कि महिला, शांति और सुरक्षा के एजेंडे पर हमारा (भारत) अग्रणी रिकॉर्ड बेदाग और अक्षुण्ण है। उन्होंने कहा कि महिला शांति सैनिकों को आगे बढ़ाने में भारत का नेतृत्व किरण बेदी जैसी हस्ती ने किया है। भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) की पहली महिला अधिकारी डॉ. किरण बेदी को करीब 22 साल पहले वर्ष 2003 में पहली महिला पुलिस सलाहकार और संयुक्त राष्ट्र पुलिस प्रभाग की प्रमुख के रूप में नियुक्त किया गया था।

### 1971 में पाक ने पूर्वी पाकिस्तान में किया था अत्याचार

पी हरीश ने कहा कि जो देश अपने यहां धार्मिक और जातीय अल्पसंख्यकों पर अत्याचार करता है, वह दूसरों को मानवाधिकार का पाठ नहीं पढ़ा सकता। पाकिस्तान का असली चेहरा अब दुनिया के सामने आ चुका है। उन्होंने कहा कि यह वही देश है जिसने वर्ष 1971 में ऑपरेशन सर्चलाइट चलाया था और उस देश की सेना ने 4 लाख महिला नागरिकों के नरसंहार जैसे सामूहिक दुष्कर्म के व्यवस्थित अभियान को मंजूरी दी थी। बता दें, ऑपरेशन सर्चलाइट पाकिस्तान की सेना का एक सैन्य अभियान था, जिसे 25 मार्च 1971 की रात शुरू किया गया था। इस रात, पाकिस्तानी सेना ने ढाका विश्वविद्यालय, अखबार दफ्तरों, छात्रावासों और आम नागरिक इलाकों में हमला किया।

## भारतीय ने यूक्रेनी सेना के समक्ष किया आत्मसमर्पण

**नई दिल्ली (भाषा)।** रूस की तरफ से लड़ रहे एक भारतीय नागरिक ने यूक्रेनी सेना के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया है। यूक्रेन की सेना ने मंगलवार को यह जानकारी दी। यूक्रेनी सेना की '63वीं मैकेनाइज्ड ब्रिगेड' ने अपने टेलीग्राम चैनल पर एक भारतीय नागरिक का वीडियो जारी किया जिसने खुद को गुजरात निवासी मजोती साहिल मोहम्मद हुसैन बताया। इस मामले पर भारतीय अधिकारियों की ओर से कोई बयान नहीं आया है। यूक्रेनी सेना के हवाले से अपनी रिपोर्ट में कहा कि 22 वर्षीय हुसैन रूस के एक विश्वविद्यालय में पढ़ाई करने आया था।


**सार्वजनिक सूचना**

ICICI Bank पंजीकृत कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर, निकट चाकली सर्कल, पुराना पाडरा रोड, वडोदरा-390007
कार्पोरेट कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर्स, बांद्रा-कुर्ला कॉम्पलैक्स, मुम्बई 400051

**स्वर्ण ई-नीलामी-सह-आमंत्रण सूचना**

नीचे वर्णित कर्जदारों को आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड ("आईसीआईसीआई बैंक") से उनको उपलब्ध करवाई गई स्वर्ण आभूषणों के तहत सुविधा ("सुविधा") के बदले उनकी बकाया राशियों का भुगतान करने के लिये नोटिस जारी किये गये। हम गिरवी रखे गये स्वर्ण आभूषणों की 18 अक्तूबर 2025 को एक ई-नीलामी आयोजित करने के लिये बाध्य हैं क्योंकि वे बकाया राशि का पुनर्भुगतान करने में विफल रहे हैं। आईसीआईसीआई बैंक बिना किसी पूर्व सूचना के ई-नीलामी तिथि को परिवर्तित करने / अकाउंट को हटाने के लिये अधिकार रखता है। नीलामी अप. 12:30 बजे से अप. 3:30 बजे के बीच https://gold.samil.in पर ऑनलाइन आयोजित की जाएगी। विस्तृत नियम एवं शर्तों हेतु, कृपया दी गई वेबसाइट लॉगइन करें। मृतक कर्जदार के मामले में, सभी शर्तें कानूनी वारिसों के लिये लागू होंगी।

| ऋण अकाउंट नं. | ग्राहक का नाम |
|---|---|
| शाखा का नाम : हैदराबाद – बरकतपुरा | |
| 112262002338 | अमरजीत सिंह पन्नू |

दिनांक : 08.10.2025
स्थान : हरियाणा

हस्ता/- प्राधिकृत अधिकारी
कृते आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड


## रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर हो रहा भारत

# 2024-25 में 1.20 लाख करोड़ के घरेलू सैन्य 'उपकरण' खरीदे गए

आत्मनिर्भर भारत की रक्षा यात्रा एक राष्ट्रीय आंदोलन बन चुकी है, दस वर्षों में भारत का रक्षा उत्पादन बढ़कर 1.5 लाख करोड़ पहुंचा

*मोदी सरकार ने पिछले 10 वर्षों में देश में रक्षा उपकरणों के स्वदेशी डिजाइन, विकास और निर्माण को प्रोत्साहित करने के लिए कई नीतिगत पहल की हैं और इन पहलों के तहत, अब सैन्य उपकरणों की खरीद में घरेलू स्रोतों को प्राथमिकता दी जा रही है*

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को कहा कि भारत वित्तीय वर्ष 2024-25 में 1.20 लाख करोड़ रुपए मूल्य के घरेलू सैन्य उपकरण और हथियार खरीद रहा है। उन्होंने कहा कि देश सुरक्षा चुनौतियों का सामना करने के लिए तेजी से आत्मनिर्भरता की तरफ ध्यान लगा रहा है। 'देश में रक्षा विनिर्माण के अवसर पर सम्मेलन' कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि सरकार, युद्ध क्षेत्र के बदलते स्वरूप, खासकर ड्रोन आदि के इस्तेमाल की अहमियत से पूरी तरह वाकिफ है और उसके अनुसार ही अपनी सैन्य तैयारी कर रही है। राजनाथ सिंह ने बताया कि 2021-22 में, घरेलू स्रोतों से हमने करीब 74 हजार करोड़ रुपए के घरेलू सैन्य उपकरण खरीदे, लेकिन 2024-25 के अंत तक, घरेलू स्रोतों से सैन्य खरीद बढ़कर करीब 1.20 लाख करोड़ रुपए हो गई है। यह बदलाव केवल आंकड़ों का नहीं, बल्कि मानसिकता का भी है। मोदी सरकार ने पिछले 10 वर्षों में देश में रक्षा उपकरणों के स्वदेशी डिजाइन, विकास और निर्माण को प्रोत्साहित करने के लिए कई नीतिगत पहल की हैं और इन पहलों के तहत, अब सैन्य उपकरणों की खरीद में घरेलू स्रोतों को प्राथमिकता दी जा रही है।




### रक्षा क्षमताओं में आत्मनिर्भरता हासिल करें

*राजनाथ सिंह ने कहा कि 2047 तक भारत को एक विकसित देश बनाने में रक्षा क्षेत्र की भूमिका अहम है। हमें महत्वपूर्ण रक्षा क्षमताओं में आत्मनिर्भरता हासिल करनी होगी। साथ ही हमें रक्षा क्षेत्र में एक प्रमुख वैश्विक निर्यातक बनना होगा। तीसरा, भारत को अत्याधुनिक तकनीकी क्षेत्रों में आगे ले जाने के लिए, हमें कुछ खास तकनीकों और प्रौद्योगिकी में प्रगति करनी होगी।*

### रक्षा क्षेत्र में अवसरों की कमी नहीं

*रक्षा मंत्री ने कहा कि यदि आपके पास संकल्पशक्ति, सही नीतियाँ, कुशल मैनपावर और देशहित में कुछ नया करने की इच्छाशक्ति है, तो रक्षा क्षेत्र में अवसरों की कोई कमी नहीं है। पिछले दस वर्षों में भारत का रक्षा उत्पादन 46,425 करोड़ से बढ़कर 1.5 लाख करोड़ के ऐतिहासिक स्तर पर पहुंच गया है। इसमें 33,000 करोड़ का योगदान निजी क्षेत्र से आना दर्शाता है कि आत्मनिर्भर भारत की रक्षा यात्रा अब एक राष्ट्रीय आंदोलन बन चुकी है। रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता केवल 'मैक इन इंडिया' या निर्यात के आँकड़ों तक सीमित नहीं है। 'आत्मनिर्भरता' उस भरोसे का नाम है कि संकट की घड़ी में हम अपनी रक्षा के लिए किसी और पर निर्भर न हों।*

### रक्षा नवाचार संवादः आईडेक्स स्टार्टअप्स के साथ परस्पर संवाद में रक्षा मंत्री बोले

#### भविष्य के युद्ध तकनीक से लड़े जाएंगे

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने विज्ञान भवन में राष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन से पहले 'रक्षा नवाचार संवादः आईडेक्स स्टार्टअप्स के साथ परस्पर संवाद' के दौरान कहा कि युद्ध का मैदान बदल गया है। भविष्य के युद्ध एल्गोरिदम, ऑटोनॉमस सिस्टम और कृत्रिम बुद्धिमत्ता से लड़े जाएंगे। ड्रोन, एंटी-ड्रोन सिस्टम, क्वांटम कंप्यूटिंग और निर्देशित-ऊर्जा हथियार भविष्य की रूपरेखा तैयार करेंगे।




#### हर नवाचार रक्षा में दे योगदान

रक्षा मंत्री ने दुख जताते हुए कहा कि आज देश में 100 से भी अधिक यूनीकॉर्न बन चुके हैं, परंतु डिफेंस सेक्टर में अभी कोई यूनीकॉर्न सामने नहीं आ पाया है। रक्षा मंत्रालय, स्टार्टअप्स को संपूर्ण सहायता प्रदान करने के लिए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग और प्रमुख वित्तीय संस्थानों के साथ रणनीतिक गठजोड़ कर रहा है। हमारा उद्देश्य एक ऐसा इको-सिस्टम बनाना है जहां हर विचार को एक वउत्पाद के रूप में विकसित होने का और हर प्रोटोटाइप को उत्पादन में विस्तार का अवसर मिले तथा हर नवाचार भारत की रक्षा में योगदान दे।


**पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय, पालुवास, भिवानी -127021**
फोन नं. 01664-297220, वेबसाइट: www.paluwas.kvs.ac.in

**तात्कालिक साक्षात्कार (वॉक इन इंटरव्यू) अधिसूचना**

इस विद्यालय में पूर्णतः अंशकालीन अनुबंध के आधार पर सत्र 2025-26 के लिए Vocational Lab Instructor संविदा पद की चयन सूची (पैनल) तैयार करने हेतु तात्कालिक साक्षात्कार (वॉक इन इंटरव्यू) आयोजित किए जाएंगे। उक्त पद के लिए पंजीयन तथा तात्कालिक साक्षात्कार (वॉक इन इंटरव्यू) आयोजन का कार्यक्रम नियमानुसार है -

| क्रम सं | पदनाम | | साक्षात्कार दिनांक / पंजीयन |
|---|---|---|---|
| 1 | Vocational Lab Instructor | | रजिस्ट्रेशन : दिनांक 14 अक्टूबर 2025, समय : प्रातः 08:00 बजे से प्रातः 10:00 बजे साक्षात्कार : दिनांक 14 अक्टूबर 2025, समय : प्रातः 10:30 बजे स्थान: पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय, पालुवास |
| 2 | योग्यता | B.E./B.Tech (इलेक्ट्रॉनिक्स एवं संचार) | |
| 3 | अनुभव | संबंधित क्षेत्र में न्यूनतम एक वर्ष का अनुभव | |
| 4 | वेतन | 25,000/- प्रतिमाह (पीएम श्री दिशा निर्देशानुसार) | |

1. इच्छुक अभ्यर्थी निर्धारित तिथि व समय पर अपने प्रमाण-पत्र, कार्यानुभव-पत्र की मूल प्रति व स्वहस्ताक्षरित छायाप्रतियों सहित उपस्थित हों।
2. साक्षात्कार हेतु किसी भी प्रकार के यात्रा- व्यय का भुगतान नहीं किया जाएगा।
3. अभ्यर्थी की आयु 18 से 65 वर्ष के बीच होने चाहिए।
4. सर्वाधिकार सुरक्षित।

हस्ता/- (मोहिंदर सिंह) प्राचार्य



**सार्वजनिक सूचना**

ICICI Bank पंजीकृत कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर, निकट चाकली सर्कल, पुराना पाडरा रोड, वडोदरा-390007
कार्पोरेट कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर्स, बांद्रा-कुर्ला कॉम्पलैक्स, मुम्बई 400051

**स्वर्ण ई-नीलामी-सह-आमंत्रण सूचना**

नीचे वर्णित कर्जदारों को आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड ("आईसीआईसीआई बैंक") से उनको उपलब्ध करवाई गई स्वर्ण आभूषणों के तहत सुविधा ("सुविधा") के तहत उनकी बकाया राशि का भुगतान करने के लिये नोटिस जारी किये गये हैं। हम गिरवी रखे गये स्वर्ण आभूषणों की एक ई-नीलामी 18 अक्तूबर 2025 को आयोजित करने के लिये बाध्य हैं क्योंकि वे बकाया राशि का पुनर्भुगतान करने में विफल रहे हैं। आईसीआईसीआई बैंक बिना किसी पूर्व सूचना के ई-नीलामी तिथि को परिवर्तित करने / अकाउंट को हटाने के लिये अधिकार रखता है। नीलामी अप. 12:30 बजे से अप. 3:30 बजे के बीच https://jewel-auction.procuretiger.com पर ऑनलाइन आयोजित की जाएगी। विस्तृत नियम एवं शर्तों हेतु, कृपया दी गई वेबसाइट लॉगइन करें। मृतक कर्जदार के मामले में, सभी शर्तें कानूनी वारिसों के लिये लागू होंगी।

| ऋण अकाउंट नं. | ग्राहक का नाम |
|---|---|
| शाखा का नाम : अयाल्की | |
| 316362000027 | बलराज कौर |
| शाखा का नाम : बाबियां | |
| 215362003463 | बलकार सिंह |
| 215362003472 | सोहन सिंह |
| शाखा का नाम : बरवाला, हरियाणा | |
| 359062002643 | जयवीर सिंह |
| शाखा का नाम : भट्टू मण्डी, हरियाणा | |
| 359362003358 | अनिल कुमार |
| शाखा का नाम : भिवानी | |
| 072957000234 | जसबीर रामभगत श्योराण |
| शाखा का नाम : भिवानी मण्डी, हरियाणा | |
| 360062001119 | धर्मेन्द्र धर्मेन्द्र |
| शाखा का नाम : चरखी दादरी | |
| 211162002546 | महावीर |
| 211157000278 | दिनेश कुमारी |
| शाखा का नाम : धारूहेड़ा | |
| 162962002329 | निकिता देवी |
| शाखा का नाम : ऐलनाबाद, हरियाणा | |
| 359462002300 | रवि दास |
| 359462002726 | अश्वनी कुमार |
| शाखा का नाम : फरीदाबाद – सैनिक कॉलोनी | |
| 235862001125 | दिवाकर झा |
| शाखा का नाम : फरीदाबाद – सैक्टर-55 | |
| 779457000005 | तेजपाल सिंह |
| शाखा का नाम : फरीदाबाद-सेक्टर-35 | |
| 085762003344 | अंकित शर्मा |
| शाखा का नाम : फरीदाबाद– सेक्टर-16 | |
| 008362017738 | श्रुति श्रुति |
| शाखा का नाम : फतेहाबाद | |
| 093262006292 | बबलू कुमार |
| शाखा का नाम : घरौंडा, हरियाणा | |
| 359962004105 | वेद प्रकाश |
| शाखा का नाम : गोहाना | |
| 062762003138 | मोहित |
| शाखा का नाम : गुड़गांव – डीएलएफ कॉर्पोरेट पार्क | |
| 732562000339 | आंचल मलिक |
| शाखा का नाम : गुड़गांव – आईएमटी मानेसर | |
| 035862003000 | शिशापाल |
| शाखा का नाम : गुड़गांव – सेक्टर-23ए | |
| 091062002421 | पल्लव वर्मा |
| शाखा का नाम : गुड़गांव – सेक्टर-86 | |
| 489557000016 | अनिल कुमार अग्रवाल |
| शाखा का नाम : गुड़गांव – सेक्टर-4 | |
| 244862001526 | पुनीत |
| शाखा का नाम : गुड़गांव – यूटीडब्ल्यू साइबर पार्क | |
| 732757000015 | मोनिका मोनिका |
| शाखा का नाम : गुड़गांव – बादशाहपुर | |
| 085857000007 | सचिन यादव |
| शाखा का नाम : गुड़गांव – डीएलएफ | |
| 017762014721 | गुनित कौर |
| शाखा का नाम : गुड़गांव – सेक्टर-31 | |
| 114457000020 | गौरव नागपाल |
| शाखा का नाम : गुड़गांव – सेक्टर-57 | |
| 114757000026 | अरूण कुमार |
| शाखा का नाम : गुड़गांव – सोहना | |
| 091157000010 | नसीम अहमद |
| शाखा का नाम : गुरूग्राम – मेगा मॉल | |
| 469157000006 | अनुज गुप्ता |
| शाखा का नाम : हिसार-सेक्टर-14 | |
| 337757000037 | विवेकानंद |
| शाखा का नाम : हिसार | |
| 017262009135 | सुनील सुनील |
| शाखा का नाम : होडल | |
| 775262000284 | हेमराज हेमराज |
| शाखा का नाम : इन्द्री, हरियाणा | |
| 359662003221 | कर्मवीर कर्मवीर |
| शाखा का नाम : इसराना | |
| 211762001672 | रविन्दर |
| शाखा का नाम : झज्जर | |
| 140262003344 | विक्रांत |
| शाखा का नाम : कलायत | |
| 378857000141 | संदीप राणा |
| शाखा का नाम : कालका | |
| 086262001601 | आशोक कुमार |
| शाखा का नाम : करनाल | |
| 017357000267 | राजेश शर्मा |
| शाखा का नाम : कोसली | |
| 451562000157 | अशोक कुमार |
| शाखा का नाम : कुरूक्षेत्र – पिपली रोड | |
| 249362001335 | सुमन देवी |
| शाखा का नाम : मदीना गिंधरान | |
| 366457000044 | राहुल |
| शाखा का नाम : महम | |
| 382557000097 | राहुल |
| 382562000670 | मनजीत मनजीत |
| शाखा का नाम : महेन्द्रगढ़ | |
| 219562001476 | श्री पंकज |
| शाखा का नाम : मण्डी डबवाली | |
| 197862007139 | लखवीर कौर |
| शाखा का नाम : मानेसर – सैक्टर-8 | |
| 721662000367 | नवीन नवीन |
| शाखा का नाम : नरवाना, हरियाणा | |
| 358962001507 | राजपाल मीर |
| शाखा का नाम : पुण्डरी | |
| 376062001743 | दीपक नैन नैन |
| शाखा का नाम : रतिया | |
| 214662003645 | मनजीत कौर |
| 214662004078 | इन्द्रजीत इन्द्रजीत |
| शाखा का नाम : सांपला | |
| 073262003264 | संदीप संदीप |
| शाखा का नाम : सिवानी | |
| 432757000106 | अनिल कुमार |
| शाखा का नाम : सोनीपत | |
| 030262003164 | योगेश नारंग |
| शाखा का नाम : चण्डीगढ़ – मनीमाजरा | |
| 036262004349 | अनुप्रीत कौर |
| शाखा का नाम : गांधीधाम – ट्रांसपोर्ट नगर | |
| 244357000027 | प्रदीप कुमार |
| शाखा का नाम : कोटपूतली | |
| 065262007101 | कृष्ण कुमार |
| शाखा का नाम : नई दिल्ली– द्वारका सैक्टर 23ए | |
| 778357000001 | विनय कुमार प्रजापति |
| शाखा का नाम : पत्रातु | |
| 177257000021 | पार्थसारथी पार्थसारथी |
| शाखा का नाम : पिलानी | |
| 153857000012 | मलकीत सिंह |
| 153862005154 | सत्यवान |
| शाखा का नाम : सारदुलगढ़, पंजाब | |
| 356762003976 | तरसेम सिंह |
| शाखा का नाम : सीकर | |
| 065757000170 | अनिल कुमार |

दिनांक : 08.10.2025
स्थान : भिवानी, अम्बाला, गुरुग्राम, हिसार, जीन्द, करनाल, रोहतक, सिरसा, सोनीपत, कैथल, फरीदाबाद, कुरूक्षेत्र, पंचकूला, महेन्द्रगढ़, रेवाड़ी, पानीपत, झज्जर, फतेहाबाद, चरखी दादरी, पलवल, गुड़गांव, फतेहाबाद

हस्ता/- प्राधिकृत अधिकारी
कृते आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड


## पीएम मोदी ने पुतिन को दी जन्मदिन की बधाई



**नई दिल्ली(ब्यूरो)।** पीएम नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से टेलीफोन पर बातचीत की और उन्हें उनके 73वें जन्मदिन पर बधाई दी। पीएम ने उनके अच्छे स्वास्थ्य की कामना की। दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय एजेंडे में प्रगति की समीक्षा की और भारत और रूस के बीच विशेष एवं विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी को और प्रगाढ़ बनाने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। पीएम ने कहा कि वह 23वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन के लिए पुतिन का भारत में स्वागत करने के लिए उत्सुक हैं। पुतिन के 5 दिसंबर को भारत आने की संभावना है।

### विमानन मंत्री नायडू का बड़ा बयान

## विमान हादसे की जांच में कोई गड़बड़ नहीं, अंतिम रिपोर्ट शेष

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय विमानन मंत्री के. राममोहन नायडू ने मंगलवार को कहा कि 12 जून को हुए एअर इंडिया विमान हादसे की जांच में किसी तरह की गड़बड़ी नहीं हो रही है। इस हादसे में 260 लोगों की जान चली गई थी।

मंत्री का यह बयान तब आया है, जब कुछ लोग विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) की जांच पर सवाल उठा रहे हैं। नायडू ने कहा कि यह जानने के लिए कि वास्तव में क्या हुआ था, सभी को एएआईबी की अंतिम रिपोर्ट का इंतजार करना होगा। उन्होंने कहा कि जांच में कोई हेराफेरी



या कोई गड़बड़ी नहीं हो रही है। यह एक बहुत ही साफ-सुथरी और गहन प्रक्रिया है, जिसे हम नियमों के मुताबिक कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अंतिम रिपोर्ट आने में अभी कुछ समय लगेगा। एएआईबी इस पर बहुत ही पारदर्शी और स्वतंत्र तरीके से जांच कर रहा है। हम उन पर कोई दबाव नहीं डालना चाहते कि वह जल्दबाजी में कोई रिपोर्ट तैयार करें।

### विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा

## भारत का डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर दुनिया के लिए बना प्रेरणास्त्रोत

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने कहा कि भारत आज दुनिया में डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर का एक प्रेरणास्त्रोत बन चुका है, चाहे बात आधार, यूपीआई, या डिजिटल गवर्नेंस की हो। उन्होंने कहा कि भारत ने पिछले दस वर्षों में जिस पैमाने पर जनता तक सेवाएं पहुंचाई हैं और शासन में पारदर्शिता व दक्षता लाई है, वह दुनिया के लिए एक मिसाल बन गई है। उन्होंने यह बात मंगलवार को आयोजित 'ट्रस्ट एंड सेफ्टी इंडिया फेस्टिवल 2025' में कही। यह



आयोजन फरवरी 2026 में होने वाले एआई इम्पैक्ट समिट की तैयारी का हिस्सा है, जिसमें कृत्रिम बुद्धिमत्ता यानी एआई के भविष्य पर वैश्विक चर्चा होगी। उन्होंने कहा कि 'भारत पर एक विशेष जिम्मेदारी है, क्योंकि वैश्विक दक्षिण के कई देश हमसे प्रेरणा लेते हैं। जयशंकर ने कहा कि जब मैं विदेश जाता हूं, तो वहां के नेता

### पेपाल के सीईओ ने भारतीय तकनीक सराही

# भारत का यूपीआई हमारे लिए अहम, इससे हम दुनिया के लिए नया 'प्लेटफॉर्म' बनाना चाह रहे

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

दिग्गज ग्लोबल फिनटेक कंपनी पेपाल के सीईओ एलेक्स क्रिस ने मंगलवार को कहा कि भारत का यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) हमारे लिए अहम है और हम दुनिया के बेस्ट वॉलेट्स को कनेक्ट करके एक नया प्लेटफॉर्म बनाना चाहते हैं।

ग्लोबल फिनटेक फेस्ट 2025 में बोलते हुए क्रिस ने कहा कि भारत के यूपीआई के एकीकरण से डिजिटल वॉलेट और स्टेंडर्ड पेमेंट्स सिस्टम्स की बेहतर इंटरऑपरेबिलिटी संभव होगी। पेपाल एक ऐसा प्लेटफॉर्म बना रहा है, जिससे दुनिया के बेस्ट डिजिटल वॉलेट को आसानी से कनेक्ट किया जा सकता है।



बेस्ट डिजिटल वॉलेट को जोड़ेंगे

### यूपीआई दुनिया के लिए महत्वपूर्ण

क्रिस ने कहा कि भारत में पेपाल का ध्यान घरेलू भुगतानों पर नहीं, बल्कि सीमा पार भुगतान और ग्लोबल कनेक्टिविटी पर रहेगा। उन्होंने भारत के फिनटेक सेक्टर और यूपीआई जैसे वर्ल्ड क्लास प्रोडक्ट की सराहना करते हुए कहा कि देश एक ऐसे स्थान के रूप में उभर रहा है जहां टैलेंट मूवमेंट, मनी मूवमेंट, कॉमर्स के अवसर मौजूद हैं। क्रिस के मुताबिक, यूपीआई पहला वॉलेट है जो दर्शाता है कि भारत का बाजार हमारे लिए और पूरी दुनिया के लिए कितना महत्वपूर्ण है। पेपाल ने निर्बाध सीमा-पार भुगतान के लिए 'पेपाल वर्ल्ड' के प्लेटफॉर्म पर यूपीआई के एकीकरण के लिए एनपीसीआई के साथ समझौता किया है।

## टैरिफ' से हुआ भारत-पाक के बीच संघर्षविराम समझौताः ट्रंप

**नई दिल्ली(ब्यूरो)।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप हैं कि मानते ही नहीं, ऐसे समय में जब बहुत पहले ही भारत द्वारा उन्हें साफ शब्दों में ये स्पष्ट कर दिया गया है कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान 7 से 10 मई 2025 तक पाकिस्तान के साथ हुए सैन्य संघर्ष को रुकवाने में किसी तीसरे पक्ष या दुनिया के किसी अन्य देश की कोई भूमिका नहीं रही है। संघर्षविराम समझौता पूरी तरह से द्विपक्षीय था। जो भारत और पाकिस्तान के बीच ही हुआ है। ट्रंप ने इस तथ्य को दरकिनार करते हुए बीते सोमवार को पत्रकारों से बातचीत में संघर्षविराम को लेकर अपने दावे को पुनः दोहराते हुए कहा कि इस साल की शुरुआत में भारत और पाकिस्तान जैसे दो परमाणु शक्ति संपन्न देशों के बीच हुए संघर्षविराम को रोकने में टैरिफ की अहम भूमिका है। ये टैरिफ ही था जो दोनों के बीच संघर्षविराम समझौता कराने की वजह बना। अमेरिका की टैरिफ पर बनी हुई स्थिति को साफ करते हुए उन्होंने कहा कि अगर मेरे पास टैरिफ लगाने का अधिकार नहीं होता। तो दुनिया के लगभग 7 में से 4 देशों में तो आज भी युद्ध चल रहे होते।


**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा**

**खुली निविदा संख्या 34–अम्बाला/2025–26 दिनांक 07.10.2025**

वरिष्ठ मंडल अभियंता-समन्वय/अम्बाला के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई-निविदा के माध्यम से इच्छुक ठेकेदारों से निम्न लिखित कार्यों हेतु खुली निविदायें आमंत्रित की जाती है जो कि उन कार्यों के सामने दी गयी तिथि को 15:00 बजे तक खुली रहेगी और उसके बाद खोली जाएगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (Rs.) | अग्रिम राशि (Rs.) | कार्य समाप्ति का समय | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ADEN/UMB के अधीन रेलवे स्टेशन अंबाला कैंट के लिए 0.2 एमएलडी क्षमता के एसटीपी (सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट) का प्रावधान। | 2,27,54,114 | 2,63,800 | 06 महीने | 30.10.2025 |
| 2 | ADEN/UMB के अंतर्गत SSE/W/M/UMB के खंड में MOY-UMB खंड पर किमी 191/16–18 पर ब्र. संख्या 232 यूपी (2x12.20 एम) के पीएससी स्लैब के साथ मौजूदा स्टील गर्डर का प्रतिस्थापन। | 1,04,53,612 | 2,02,300 | 06 महीने | 30.10.2025 |
| 3 | सेवा भवनों में भारी छत के रिसाव, टूटे दरवाजे और खिड़कियों की मरम्मत, प्लास्टरिंग/फिनिशिंग, फर्श और सैनिटरी फिटिंग्स की मरम्मत, DUI-JHL खंड पर CJL, LHA, GRN में छोटे पीएफ आश्रयों की मरम्मत और जेएचएल–एचएसआर पर जेपीएस, यूकेएन, बीएक्ससी में, एडीईएन/पीटीए के तहत SSE/W/SAG के खंड में डीएनएक्स, जीआरएन, पीएलटी, बीजेड, डीयूएलपी, जीजेडब्ल्यू, जीजीकेआर, कुडनी में प्रवेश द्वार पर रेलिंग और स्पर्शनीय मार्गदर्शन के साथ मानक रैंप की मरम्मत। | 59,36,479 | 1,18,700 | 08 महीने | 30.10.2025 |
| 4 | SSE/W/PTA के अनुभाग में पीटीए में गार्ड/ड्राइवर विश्राम कक्ष, यूआरएमयू कार्यालय, एससी एवं एसटी स्टाफ कल्याण एसोसिएशन और आरपीएफ कार्यालय की पुरानी जैक आर्च छत को बदलना और ADEN/PTA के तहत गिल, क्यूआरपी, एएचएच, केयूपी, एमईटी, एचएमआई और डीयूआई में सेवा भवन और स्टेशन भवनों में प्लास्टर और सफेदी और पेंटिंग की मरम्मत, गिल, क्यूआरपी, केयूपी में दिव्यांगजन शौचालय और SSE/W/DUI के अनुभाग में क्यूआरपी, केयूपी में प्रवेश द्वार पर रेलिंग और स्पर्शनीय मार्गदर्शन के साथ मानक रैंप। | 69,21,270 | 1,38,400 | 08 महीने | 30.10.2025 |
| 5 | ADEN/SML के अधीन SSE/W/SML अनुभाग में एसएमएल में जल भंडारण टैंक की मरम्मत और टैंक स्टैंड बनाना तथा जल टैंक की केजिंग करना। | 29,99,922 | 60,000 | 06 महीने | 30.10.2025 |
| 6 | ADEN/SML के अधीन SSE/W/KLK सेक्शन में कालका, टकसाल, गुम्मन, कोटी, सोनवारा, डीएमपी, केएमटीआई, बड़ोग और सोलन में प्लेटफार्म सतह और स्टेशन भवन, सेवा भवन की मरम्मत और रैंप, रेलिंग, दिव्यांग, शौचालय पहुंच पथ आदि का प्रावधान। | 87,12,829 | 1,74,300 | 09 महीने | 30.10.2025 |
| 7 | SSE/W/L/PTA के खंड में आरपीजे–डीयूआई खंड पर एल–क्रिंसग में ड्यूटी हट्स, सड़क की सतह, पुराने सीसी पेवर और स्पीड ब्रेकर की मरम्मत, प्लिंथ सुरक्षा की मरम्मत, फर्श और डी/हट की पेंटिंग, एलडीएच–डीयूआई खंड पर एल–क्रिंसग नंबर सी– 16, 19, 23, 24, 28, 29, 31, 35, 37, 38, 39, 41, 42, 44, 45, 47 और 52 पर ड्यूटी हट्स की मरम्मत और डीयूआई यार्ड में 61–सी और 64–सी और SSE/W/DUI के खंड में गेट लॉज और पानी की आपूर्ति की मरम्मत और एल–क्रिंसग नंबर के ड्यूटी हट्स की मरम्मत। सी–54, 56, 57, 58, 59, 63, 68, 70, 72, 73, 74, 75, 92, 94, 99 डीयूआई–जेएचएल सेक्शन पर और सी–8, 14, 15, 16, 36, 37, 38, 39, 45,48,52 ADEN/PTA के तहत SSE/W/SAG के सेक्शन में जेएचएल–एचएसआर सेक्शन पर कार्य। | 99,00,481 | 1,98,000 | 10 महीने | 30.10.2025 |
| 8 | ADEN/PTA के अधीन SSE/W/SAG खंड में धान्सू रेलवे स्टेशन पर गिट्टी डिपो के पहुंच पथ के आधार की मरम्मत। | 27,12,930 | 54,300 | 03 महीने | 30.10.2025 |
| 9 | रनिंग रूम चंडीगढ़ (सीडीजी) का विस्तार। | 1,13,50,077 | 2,06,800 | 06 महीने | 30.10.2025 |
| 10 | SR.DEN/I/UMB के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत सेवा सड़कों, स्वच्छता सुविधाओं और जल आपूर्ति की मरम्मत, जिसमें जंग लगी पाइपलाइनों को बदलना, जल आपूर्ति प्रणाली का संचालन और रखरखाव का कार्य। | 1,42,06,711 | 2,21,000 | 06 महीने | 30.10.2025 |
| 11 | रनिंग रूम अंबाला कैंट (यूएमबी) का विस्तार। | 1,81,38,618 | 2,40,700 | 06 महीने | 30.10.2025 |

नोट :– 1. ठेकेदार को शर्तों के अनुसार निविदा योग्यता पूरी करने हेतु सभी जरूरी सम्बंधित डॉक्यूमेंटों के स्कैनिंग कॉपी को रेलवे वेबसाइट IREPS पर अपलोड करनी जरूरी है। 2. अग्रिम राशि ऑन लाइन पेमेन्ट नेट बैंकिंग/गेटवे पेमेंट के द्वारा ही स्वीकार्य होंगे। 3. निविदा की विस्तृत जानकारी हेतु रेलवे वेबसाइट www.ireps.gov.in पर लोग ऑन करें। 4. ठेकेदार को ई–निविदा में भागीदारी हेतु (क्लास–III) डिजिटल सिगनेचर सार्टिफिकेट द्वारा लोग ऑन करना होगा। 5. जी. एस. टी. एक्ट 2017 के अनुसार लागू होगी।

3094/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## खबर संक्षेप



### आईआईएचएल ने स्टर्लिंग बैंक का किया पूर्ण अधिग्रहण

**नई दिल्ली।** हिंदुजा समूह की कंपनी इंडसइंड इंटरनेशनल होल्डिंग्स लिमिटेड (आईआईएचएल), मॉरीशस ने बहामास स्थित स्टर्लिंग बैंक की 100 प्रतिशत हिस्सेदारी का अधिग्रहण पूरा कर लिया है। आईआईएचएल ने एक बयान में कहा कि उसने स्टर्लिंग बैंक की शेष 49 प्रतिशत हिस्सेदारी भी खरीद ली है जिससे यह बैंक अब उसके पूर्ण-स्वामित्व वाली इकाई बन गया है।

### केनरा एचएसबीसी लाइफ का आईपीओ 10 को खुलेगा

**नई दिल्ली।** केनरा एचएसबीसी लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड ने अपने आगामी आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए 100-106 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया है। बीमा कंपनी ने मंगलवार को बयान में कहा, 2,516 करोड़ रुपये का आईपीओ 10 अक्टूबर को खुलेगा और 14 अक्टूबर को संपन्न होगा। बड़े (एंकर) निवेशक नौ अक्टूबर को बोली लगा पाएंगे। केनरा एचएसबीसी लाइफ इंश्योरेंस कंपनी, केनरा बैंक द्वारा प्रवर्तित एक संयुक्त उद्यम है।

### देश का कोयला निर्यात चालू वित्त वर्ष में 23 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** देश का कोयला निर्यात वित्त वर्ष 2024-25 में 23.4 प्रतिशत बढ़कर 19.08 लाख टन रहा। सरकार जीवाश्म ईंधन (कोयला, पेट्रोल) की बढ़ती वैश्विक मांग का लाभ उठाने के लिए कोयला निर्यात को बढ़ावा दे रही है। इस लिहाज से यह आंकड़ा महत्वपूर्ण है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 2024-25 के आंकड़े अस्थायी हैं। देश का कोयला निर्यात 2023-24 में 15.46 लाख टन रहा था।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

# सरकार बेच रही 5 पीएसयू बैंकों में हिस्सेदारी, पहले चरण में दो बैंकों से होगी शुरुआत

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

केंद्र सरकार इस वित्त वर्ष में चुनिंदा पब्लिक सेक्टर बैंकों में अपनी अल्पांश हिस्सेदारी बेचने की योजना पर काम कर रही है। सूत्रों के अनुसार, यह बिक्री ऑफर-फॉर-सेल (ओएफएस) रूट के जरिए होगी और पहले चरण में दो बैंकों से शुरुआत की जाएगी।

एक रिपोर्ट के मुताबिक, सरकार जिन बैंकों में हिस्सेदारी घटाने की योजना बना रही है, उनमें बैंक ऑफ महाराष्ट्र, इंडियन ओवरसीज बैंक, यूको बैंक, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया और पंजाब एंड सिंध बैंक शामिल हैं। कुल मिलाकर लगभग 20 प्रतिशत इक्विटी चरणबद्ध तरीके से बेची जाएगी।

## यह बिक्री ऑफर-फॉर-सेल रूट के जरिए होगी

### 25 फीसदी पब्लिक फ्लोट के नियम का पालन होगा

यह हिस्सेदारी बेचने के बाद सरकार की हिस्सेदारी 75 प्रतिशत से नीचे लाई जाएगी ताकि सेबी के 25 प्रतिशत न्यूनतम पब्लिक फ्लोट के नियम का पालन किया जा सके। खबर है कि मर्चेंट बैंकरों और सलाहकारों को इस प्रक्रिया पर काम करने की जिम्मेदारी अगस्त 2025 से ही दी गई है। सरकार को उम्मीद है कि चालू वित्त वर्ष (2025–26) में इस दिशा में "महत्वपूर्ण प्रगति" देखने को मिलेगी।



### पब्लिक शेयर होल्डिंग बढ़ाई जाएगी

इस हिस्सेदारी बिक्री के बाद, केंद्र सरकार की होल्डिंग 75 प्रतिशत से नीचे लाई जाएगी, ताकि सेबी के 25 प्रतिशत न्यूनतम पब्लिक फ्लोट के मानदंडों का पालन हो सके। बता दें कि सरकार का यह कदम पीएसयू बैंकों में पब्लिक शेयरहोल्डिंग बढ़ाने और बाजार अनुशासन को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक अहम पहल माना जा रहा है।

### मार्केट वैल्यू व तरलता में सुधार होगा

इससे न केवल इन बैंकों की मार्केट वैल्यू और तरलता में सुधार होगा, बल्कि सरकार को डिवेस्टमेंट लक्ष्य पूरा करने में भी मदद मिलेगी। सूत्रों ने बताया कि पहले चरण में दो बैंकों के शेयर बाजार में उतारे जा सकते हैं, हालांकि किन बैंकों से शुरुआत होगी, इसका निर्णय अभी तक अंतिम नहीं हुआ है। इन बैंकों की बिक्री के लिए मर्चेंट बैंक की नियुक्ति अब बिल्कुल अंतिम चरण में पहुंच गई है। अगले कुछ दिनों में मर्चेंट बैंकर नियुक्ति हो जाएगी और उसके बाद धीरे-धीरे सरकार इन बैंकों में अपनी हिस्सेदारी बेचने वाली है। सरकार की यूको बैंक में 10 प्रतिशत हिस्सा बिक्री की योजना है।

### 'ग्लोबल फिनटेक फेस्ट 2025' के छठे संस्करण में बोली वित्त मंत्री

# वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनियां एआई के दुरुपयोग को रोकने पर ध्यान दें : सीतारमण

एजेंसी ⏭ मुंबई

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को कहा कि वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनियों को जोखिम प्रबंधन पर ध्यान देना चाहिए क्योंकि आज अपराधी भी कृत्रिम मेधा (एआई) का इस्तेमाल कर रहे हैं। वित्त मंत्री ने यहां 'ग्लोबल फिनटेक फेस्ट 2025' के छठे संस्करण में कहा कि भारत में विभिन्न एआई उत्पादों एवं सेवाओं के लिए वैश्विक केंद्र बनने की क्षमता है।

- कहा, आज अपराधी भी एआई का इस्तेमाल कर रहे

इस कार्यक्रम में सीतारमण ने 'गिफ्ट आईएफएससी' में विदेशी मुद्रा निपटान प्रणाली की शुरुआत की जो वास्तविक समय में निर्बाध लेनदेन की सुविधा प्रदान करेगी। साथ ही यह नगदी प्रबंधन को बेहतर बनाएगी और अनुपालन सुनिश्चित करेगी। विदेशी मुद्रा लेनदेन वर्तमान में आमतौर पर 36 से 48 घंटों के अंतराल में पूरा हो पाता है।

**खास बातें**

- भारत में एआई उत्पादों एवं सेवाओं के लिए वैश्विक केंद्र बनने की क्षमता
- सीतारमण ने 'गिफ्ट आईएफएससी' में विदेशी मुद्रा निपटान प्रणाली की शुरू



### हमारा एआई ढांचा भारतीय भाषाओं के संदर्भों में हो

वित्त मंत्री ने कहा, '' हमारा एआई ढांचा भारतीय भाषाओं, स्थानीय संदर्भों और बहुविध 'इंटरफेस' पर आधारित होना चाहिए ताकि इसे हमारे नागरिक व्यापक रूप से स्वीकार और इसका उपयोग कर सकें।'' मंत्री ने कहा कि एआई ढांचे में केंद्रित दृष्टिकोण भारत को 'ग्लोबल साउथ' के लिए एआई अग्रदूत बना सकता है। 'ग्लोबल साउथ' शब्द का इस्तेमाल आम तौर पर कम विकसित देशों के लिए किया जाता है।

### गिफ्ट सिटी वित्तीय केंद्रों की सूची में शामिल

विदेशी मुद्रा निपटान प्रणाली के संचालन के साथ 'गिफ्ट सिटी' हांगकांग, टोक्यो, मनीला सहित कुछ अन्य चुनिंदा वित्तीय केंद्रों की सूची में शामिल हो गई है जिनके पास स्थानीय स्तर पर विदेशी मुद्रा लेनदेन को पूरा करने का बुनियादी ढांचा है। मंत्री ने इस मौके पर कहा कि भारत ऐसे एआई उत्पाद भी बना सकता है जो दुनिया भर में विविध उपयोग-परिस्थितियों के अनुकूल हों। यह एआई विचारों के विकास एवं परीक्षण के लिए एक प्रयोगशाला हो सकता है।

### एआई ने कामकाज के तरीके को बदल दिया

सीतारमण ने कहा कि कृत्रिम मेधा (एआई) ने वित्त और कामकाज करने के तरीके को बदल दिया है लेकिन इस प्रौद्योगिकी के कुछ नकारात्मक पहलू भी हैं। उन्होंने कहा, हालांकि एआई असाधारण संभावनाओं के द्वार खोलता है, हमें इसके अंधकारमय पक्ष का सामना करना होगा। नवाचार को शक्ति प्रदान करने वाले उन्हीं उपकरणों का उपयोग धोखे एवं धोखाधड़ी के लिए भी किया जा सकता है। मैं इसे व्यक्तिगत नहीं बना रही हूं, लेकिन मैं कह सकती हूं कि मैंने अपने कई 'डीपफेक' वीडियो देखे हैं जिन्हें ऑनलाइन प्रसारित किया जा रहा है...।

### अपराधी नकली वीडियो एआई से बना प्रभावित कर रहे

वित्त मंत्री ने कहा, '' यह इस बात को याद दिलाता है कि हमें अपनी सुरक्षा व्यवस्था को कितनी तेजी से मजबूत करना होगा।'' सीतारमण ने कहा कि धोखाधड़ी की नई पीढ़ी अब 'फायरवॉल' (सुरक्षा प्रणाली) तोड़ने के बारे में नहीं, बल्कि भरोसे को तोड़ने के बारे में है। उन्होंने कहा कि अपराधी आवाजों की नकल करने, नकली पहचान बनाने तथा असली दिखने वाली नकली वीडियो बनाने के लिए एआई का इस्तेमाल कर रहे हैं जिससे लोगों को प्रभावित किया जा सकता है।

# जम्मू-कश्मीर के 8.55 लाख किसानों के खातों में सम्मान निधि के 171 करोड़ जमा

**कृषि मंत्री बोले**

**नई दिल्ली।** (ब्यूरो)केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को कृषि भवन, नई दिल्ली से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जम्मू-कश्मीर के बाढ़ व भूस्खलन प्रभावित किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) योजना की 21वीं किस्त अग्रिम जारी की। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह, केंद्रीय कृषि सचिव डॉ. देवेश चतुर्वेदी, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के महानिदेशक डॉ. मांगी लाल जाट सहित वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे, वहीं जम्मू-कश्मीर के कृषि मंत्री जावेद अहमद डार, अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी, किसान कार्यक्रम से वर्चुअल जुड़े। इस किस्त के तहत लगभग 8.55 लाख किसानों के बैंक खातों में सीधे 171 करोड़ रुपये ट्रांसफर किए गए, जिनमें 85,418 महिला किसान शामिल हैं।

- जम्मू-कश्मीर के आपदा प्रभावित किसानों को केंद्र सरकार से मिली राहत

चौहान ने बताया कि जम्मू-कश्मीर सरकार से लगभग 5100 घरों के क्षतिग्रस्त होने संबंधी जानकारी ज्ञापन के माध्यम से मिली है, जिनके पुनर्निर्माण के लिए केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय की ओर से प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 85.62 करोड़ रु. का विशेष प्रस्ताव भी स्वीकृत किया गया है, जिसमें मूल सहायता राशि के अलावा शौचालय निर्माण व मनरेगा से भी राशि मिलेगी, ताकि लोग अपना घर फिर से बना सकें। साथ ही, राज्य से प्रस्ताव प्राप्त होने पर ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा मनरेगा के तहत 100 दिनों के बजाय 150 दिनों की मजदूरी दी जाएगी, जिससे कि प्रभावित परिवारों को अतिरिक्त आजीविका सहायता मिलेगी।

**सूचना**

मैं, तरसेम पुत्र श्री धर्मबीर सिंह निवासी गांव खेडी साध, जिला रोहतक बयान करता हूं कि मेरी पुत्री तनु मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**COURT NOTICE**
(U/o 5 Rule 20 CPC)
IN THE COURT OF
**Ms. Vani Gopal Sharma**
District & Sessions Judge, Sonipat
**PARVEEN**
**Vs.**
**AMIT (DRIVER OF VEHICLE NO. HR 10T6513 FIR NO. 140/2024 PS RAI)**
CNR No. HRSO01-009205-2024
Next Date : 31.10.2025
**PUBLICATION ISSUED TO :-**
**1. Amit son of Smt. Sheela Devi 2. Ranbir @ Rambir son of Sh. Bhudhi Raja Rs/o Village Garhi Barh Khalsa Sonipat.**
In above titled case, the defendant(s)/ respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s) / respondent(s) should appear in person or through counsel on **31.10.2025 at 10:00 a.m.**
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?trs=district_notice&district=Sonipat
Sd/- District & Sessions Judge, Sonipat
Dated, this day of 04.10.2025

**COURT NOTICE**
(U/o 5 Rule 20 CPC)
IN THE COURT OF
**Ms. Vani Gopal Sharma**
District & Sessions Judge, Sonipat
**GEETA**
**Vs.**
**SUNIL @ MANHORA**
CNR No. HRSO01-001725-2024
Next Date : 23.10.2025
**PUBLICATION ISSUED TO :-**
**Rajender son of Daya Singh R/o Village Kurana Tehsil Madlauda District Panipat.**
In above titled case, the defendant(s)/ respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s) / respondent(s) should appear in person or through counsel on **23.10.2025 at 10:00 a.m.**
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?trs=district_notice&district=Sonipat
Sd/- District & Sessions Judge, Sonipat
Dated, this day of 04.10.2025

### सोना 700 रुपये उछलकर नए शिखर पर, चांदी टूटी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में मंगलवार को सोने की कीमत 700 रुपये उछलकर 1,24,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गई। अमेरिका में वित्त पोषण को लेकर विवाद के बीच विभिन्न विभागों में कामकाज ठप होने और फेडरल रिजर्व के ब्याज दर में और कटौती की बढ़ती संभावनाओं के साथ सोने में तेजी आई। हालांकि, चांदी अपने अपने उच्चतम स्तर से 3,400 रुपये की गिरावट के साथ 1,54,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) पर आ गई।अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना सोमवार को 1,23,300 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। स्थानीय सर्राफा बाजार में, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना मंगलवार को 700 रुपये बढ़कर 1,23,400 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) के सर्वकालिक उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। पिछले बाजार सत्र में यह 1,22,700 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। हालांकि, चांदी अपने अपने उच्चतम स्तर से 3,400 रुपये की गिरावट के साथ 1,54,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) पर आ गई।



- सोना उछलकर हुआ 1,24,000 रुपए प्रति दस ग्राम

# घरेलू निवेशकों के समर्थन से शेयर बाजार में चौथे दिन तेजी

**मुंबई।** प्रमुख बैंकों के शेयरों में खरीदारी आने और घरेलू संस्थागत निवेशकों का समर्थन मिलने से स्थानीय शेयर बाजार मंगलवार को लगातार चौथे दिन बढ़त के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 137 अंक चढ़ गया जबकि निफ्टी में 31 अंक की तेजी रही। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स उतार-चढ़ाव भरे कारोबार के बाद 136.63 अंक यानी 0.17 प्रतिशत बढ़कर 81,926.75 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 519.44 अंक बढ़कर 82,309.56 अंक पर पहुंच गया था लेकिन ऊंचे स्तर पर मुनाफावसूली होने से यह अपनी बढ़त काफी हद तक गंवा बैठा। निफ्टी भी उतार-चढ़ाव के बाद 30.65 अंक यानी 0.12 प्रतिशत चढ़कर 25,108.30 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से भारती एयरटेल, एचसीएल टेक, अल्ट्राटेक सीमेंट, पावर ग्रिड, एचडीएफसी बैंक, बजाज फाइनेंस, टाटा स्टील और आईसीआईसीआई बैंक प्रमुख रूप से लाभ में रहीं।




- सेंसेक्स 137 अंक चढ़ा, निफ्टी में 30 अंक का उछाल

### मर्सिडीज के लिए सितंबर सबसे अच्छा महीना

**नई दिल्ली।** लक्जरी वाहन कंपनी मर्सिडीज-बेंज इंडिया ने कहा कि जुलाई-सितंबर तिमाही में उसकी खुदरा बिक्री अब तक के सर्वोच्च स्तर पर पहुंच गई। सितंबर में रिकॉर्ड बिक्री और नवरात्र के दौरान 2,500 से अधिक इकाइयों के पंजीकरण ने इसमें अहम भूमिका निभाई। कंपनी ने कहा कि जुलाई-सितंबर तिमाही में 5,119 इकाइयों की बिक्री हुई जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में बेची गई 5,117 इकाइयों के लगभग बराबर है। पिछले महीने नवरात्र के दौरान सिर्फ नौ दिनों में ही कंपनी ने 2,500 से अधिक वाहन बेच दिए जो भारत में उसके किसी भी त्योहारी मौसम की सर्वाधिक बिक्री है।

भारतीय खेल प्राधिकरण
SPORTS AUTHORITY OF INDIA
भारत सरकार / GOVERNMENT OF INDIA
खेल विभाग / DEPARTMENT OF SPORTS
(An Autonomous Body under Ministry of Youth Affairs and Sports)
(युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय के तहत एक स्वायत्त निकाय)
(Human Resources Division-II)
(मानव संसाधन प्रभाग-II)
**HEAD OFFICE, GATE NO.10 (EAST GATE), JAWAHARLAL NEHRU STADIUM, LODHI ROAD, NEW DELHI-110003**
**F.No. 01-04001 (03)/8/2024- भर्ती प्रकोष्ठ Date: 12-09-2025**
**भारतीय खेल प्राधिकरण भर्ती – वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी**
भारतीय खेल प्राधिकरण (भा.खे.प्रा.), जो युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के अंतर्गत एक स्वायत्त संगठन है, वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी के 03 पदों को 7वें सीपीसी के वेतन मैट्रिक्स लेवल-07 में प्रतिनियुक्ति सहित अल्पकालिक अनुबंध के आधार पर 3 वर्ष की अवधि (मुख्यालय नई दिल्ली एवं विभिन्न क्षेत्रीय इकाइयों में) भरने हेतु आवेदन आमंत्रित करता है। योग्य अधिकारी निर्धारित प्रारूप में आवश्यक दस्तावेजों सहित आवेदन उप निदेशक (भर्ती), भारतीय खेल प्राधिकरण, जे.एन. स्टेडियम परिसर, लोधी रोड, नई दिल्ली-110003 को भेज सकते हैं। आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 11 नवम्बर, 2025 (शाम 5:00 बजे) है। विस्तृत विज्ञापन, पात्रता मानदंड, प्रोफार्मा एवं निर्देश भा.खे. प्रा. की वेबसाइट (www.sportsauthorityofindia.nic.in) पर उपलब्ध होंगे।
CBC 47103/12/0012/2526

## राशिफल

**मेष** — मन में नकारात्मक विचारों से बचें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। माता का सानिध्य मिलेगा।

**वृष** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। संगीत में रुचि हो सकती है।

**मिथुन** — भागदौड़ अधिक रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अनियोजित खर्चों में वृद्धि हो सकती है। अचानक धन प्राप्ति के योग बन रहे हैं।

**कर्क** — क्रोध के अतिरेक से बचें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा।

**सिंह** — नौकरी में तरक्की के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। यात्रा पर जाना हो सकता है। संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**कन्या** — धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार का विस्तार हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**तुला** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। स्वभाव में चिड़चिड़ापन रहेगा। धन की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक** — क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। माता से धन की प्राप्ति हो सकती है।

**धनु** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। भाग-दौड़ अधिक रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मकर** — आलस्य की अधिकता रहेगी। कारोबार का विस्तार होगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। बहन-भाइयों का सहयोग मिलेगा।

**कुंभ** — कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। कुटुम्ब के किसी बुजुर्ग से धन की प्राप्ति हो सकती है। आय में वृद्धि होगी। बातचीत में संयत रहें।

**मीन** — शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा, परन्तु शैक्षिक कार्यों में कठिनाई भी आ सकती है। जीवनसाथी से मतभेद बढ़ सकते हैं। सुखद समाचार मिलेगा।

# भारत में अगले साल वेतन नौ प्रतिशत बढ़ने की उम्मीद

एजेंसी ⏭ मुंबई


भारत में अगले साल वेतन वृद्धि नौ प्रतिशत तक रहने की संभावना है, जो इस साल हुई 8.9 प्रतिशत की औसत वृद्धि से थोड़ा अधिक है। एक सर्वेक्षण रिपोर्ट में यह अनुमान जताया गया है।

- वेतन वृद्धि का यह रुझान रियल एस्टेट में सर्वाधिक रहेगा

रिपोर्ट कहती है कि वैश्विक आर्थिक वृद्धि अनिश्चितताओं के बावजूद वेतन वृद्धि का यह रुझान मजबूत घरेलू खपत, निवेश और नीतिगत समर्थन के चलते बना रहेगा। वैश्विक पेशेवर सेवा कंपनी एऑन की सर्वेक्षण रिपोर्ट के मुताबिक, वर्ष 2026 में औसत वेतन वृद्धि नौ प्रतिशत रहने का अनुमान है लेकिन उद्योगों के हिसाब से वृद्धि अलग-अलग होगी।

### *एनबीएफसी में 10 फीसदी वेतन वृद्धि की संभावना*

*अगले साल रियल एस्टेट/ ढांचागत क्षेत्र में सर्वाधिक 10.9 प्रतिशत और गैर-बैंकिंग वित्त कंपनियों (एनबीएफसी) में 10 प्रतिशत की वेतन बढ़ोतरी होने की उम्मीद है। इसके साथ वाहन निर्माण में 9.6 प्रतिशत, इंजीनियरिंग डिजाइन सेवाओं में 9.7 प्रतिशत और खुदरा एवं जीवन-विज्ञान क्षेत्रों में 9.6 प्रतिशत की वेतन वृद्धि अपेक्षित है।*



### नौकरी छोड़ने की कुल दर में आई गिरावट

सर्वेक्षण में यह भी पता चला कि नौकरी छोड़ने की कुल दर 2025 में 17.1 प्रतिशत तक घट गई, जबकि 2024 में यह 17.7 प्रतिशत और 2023 में 18.7 प्रतिशत थी। यह गिरावट संकेत देती है कि प्रतिभा का परिदृश्य अधिक स्थिर हो रहा है और कंपनियों को लक्षित कौशल विकास कार्यक्रमों में निवेश करने का अवसर मिल रहा है।

### कंपनियां रणनीतिक दृष्टिकोण से वेतन का प्रबंधन कर रही

एऑन इंडिया में साझेदार रूपांक चौधरी ने कहा, "भारत की वृद्धि गाथा मजबूत बनी हुई है और उसे ढांचागत निवेश एवं नीतिगत उपायों का समर्थन है। रियल एस्टेट और एनबीएफसी जैसे क्षेत्रों में प्रतिभा में निवेश के साथ कंपनियां रणनीतिक दृष्टिकोण से वेतन प्रबंधन कर रही हैं ताकि स्थायी वृद्धि और कार्यबल की स्थिरता बनी रहे।"

## शब्द पहेली - 6012



**बाएँ से दाए**


1. चिकित्सा, इलाज-4
5. पैतृक संपत्ति-4
8. बलवा, क्रांति-3
9. निम्न-2
11. सुअर, शूकर-3
12. चौबीसवें तीर्थंकर-4
14. केश-2
15. मुनाफा, अर्जित-3
17. मैदे की रोटी-2
19. मनोहर, आकर्षक-5
22. अनासक्ति, निर्विकारता-5
25. पानी, नीर-2
26. सूखा, दुष्काल-3
27. कांटा, कंटक-2
28. शांति, ध्वनिहीनता-4
30. तीक्ष्ण, तेजस्वी-3
31. लाख, गोंद-2
33. मधुक, महुआ-3
35. हृदयगति, स्पंदन-4
36. अनुक्रम, निरंतरता लयबद्ध-4

**ऊपर से नीचे**

2. पंख, पराया-2
3. राम का एक नाम-4
4. संरक्षक, देखरेख करने वाला, मुहाफिज-5
5. वियोग, जुदाई-3
6. गलत का विलोम-2
7. एकांतता, अकेलापन-4
10. मरियल, निर्बल-4
13. 'क्योंकि सास भी कभी बहु थी' में तुलसी इस परिवार की बहु है-3
16. मक्खन-3
17. रिश्ता-2
18. लाश-3
20. माला का मोती-3
21. यमराज-2
22. ललाट-2
23. ताप वर्धक-3
24. विदिर्ण-2.2
25. पानी का बहना-5
26. जुर्म, गुनाह-4
28. रसहीनता-4
29. प्रणाम, नमस्कार-3
32. लड़ी, श्रृंखला-2
34. दोस्त, सखा-2

**शब्द पहेली- 6011 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | बि | ज | ली | घ | र | ■ | मा | न | सि | क |
| दि | ल | ■ | ड | ■ | ख | न | न | ■ | ना | रा |
| ल | ■ | धा | र | दा | र | ■ | क | ली | ■ | मा |
| दु | ला | रा | ■ | ■ | खा | स | ■ | ख | प | त |
| ख | ■ | धा | ■ | ना | व | ■ | ग | ■ | र | ■ |
| ना | म | र | ख | ना | ■ | च | म | क | दा | र |
| ■ | यू | ■ | त | ■ | स | र | ■ | ट | ■ | वा |
| ह | र | म | ■ | शा | म | ■ | ■ | पी | स | ना |
| ड़ | ■ | य | श | ■ | का | रा | वा | स | ■ | हो |
| ता | न | ■ | प | ग | ली | ■ | न | ■ | म | ना |
| ल | थ | प | थ | ■ | न | ग | र | व | धु | ■ |



# सरकार के मुखिया के रूप में प्रधानमंत्री मोदी का 25वां वर्ष शुरू

## 2001 में आज के दिन बने थे गुजरात के सीएम, साझा की यादें

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आज किसी सरकार के मुखिया के रूप में सत्ता संभालते हुए 24 साल पूरे हो गए है और वह सत्ता के 25वें साल में प्रवेश कर गए है। आज ही के दिन पीएम ने पहली बार गुजरात के सीएम पद की शपथ ली थी, जिसके बाद वह लगातार तीन बार राज्य में मुख्यमंत्री चुने गए और फिर लगातार तीन बार ही पीएम भी बने। फिलहाल पीएम मोदी का प्रधानमंत्री के तौर पर तीसरा कार्यकाल चल रहा है। सत्ता में 24 साल पूरे होने के मौके पर पीएम मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट शेयर कर देश के लोगों को धन्यवाद कहा है। पीएम ने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर सीएम के तौर पर अपने पहले और पीएम के तौर पर अपने वर्तमान कार्यकाल के शपथ ग्रहण की तस्वीरें सांझा की।



### राजग को तीन राष्ट्रीय चुनाव जिताए

गुजरात में लगातार तीन विधानसभा चुनावों में भाजपा को जीत दिलाने के बाद उन्होंने भाजपा के नेतृत्व वाले राजग को लगातार तीन राष्ट्रीय चुनावों में जीत दिलाई है। मोदी ने कभी भी चुनावी हार का सामना नहीं किया है और सभी प्रधानमंत्रियों में सबसे लंबे समय तक सरकार चलाने का रिकॉर्ड उनके नाम है, जिसमें साढ़े 12 साल से अधिक समय तक मुख्यमंत्री के रूप में उनका कार्यकाल भी शामिल है। मोदी ने कहा कि जब भाजपा ने 2013 में उन्हें 2014 के लोकसभा चुनावों के लिए प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार चुना था, तब देश विश्वास और शासन के संकट से गुजर रहा था।

**मैं भारत की जनता का बहुत आभारी हूं: पीएम**

प्रधानमंत्री ने पोस्ट शेयर करते हुए लिखा, आज के दिन 2001 में, मैंने पहली बार गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली थी। मेरे साथी भारतीयों के लगातार आशीर्वाद के कारण, मैं सरकार के मुखिया के रूप में सेवा करते हुए अपने 25वें वर्ष में प्रवेश कर रहा हूं। मैं भारत की जनता का बहुत आभारी हूं। इन सभी वर्षों में, मेरा हमेशा यही प्रयास रहा है कि मैं अपने लोगों के जीवन को बेहतर बनाऊं और इस महान राष्ट्र की प्रगति में योगदान दूं, जिसने हम सभी का पालन-पोषण किया है।

### मोदी आज करेंगे इंडिया मोबाइल कांग्रेस का उद्घाटन

*नई दिल्ली(एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को एशिया के सबसे बड़े टेक्नोलॉजी इवेंट इंडिया मोबाइल कांग्रेस 2025 का उद्घाटन करेंगे। यह आयोजन 8 से 11 अक्टूबर के बीच होगा। यह आयोजन भारत की डिजिटल प्रगति, नवाचार और 5जी, एआई आईओटी जैसी तकनीकों में उसकी वैश्विक क्षमता को प्रदर्शित करेगा। भारत एक बार फिर डिजिटल दुनिया में अपनी ताकत दिखाने जा रहा है। मोदी दिल्ली के द्वारका स्थित यशोभूमि कन्वेंशन सेंटर में इंडिया मोबाइल कांग्रेस 2025 (आईएमसी 2025) का उद्घाटन करेंगे। यह आयोजन एशिया का सबसे बड़ा टेक्नोलॉजी और इनोवेशन फोरम माना जाता है। इस साल के कार्यक्रम में 150 से अधिक देशों के 1.5 लाख से ज्यादा आगंतुक और 7,000 प्रतिनिधि शामिल होंगे। इस भव्य आयोजन का मकसद भारत को ग्लोबल टेक्नोलॉजी हब के रूप में स्थापित करना है।*

## पीएम मोदी ने सिद्ध किया कि कैसे कोई नेतृत्व करोड़ों के जीवन में ला सकता बदलाव: शाह

- भाजपा ने मोदी के 24 साल के सार्वजनिक जीवन को सेवा, समर्पण और लोक कल्याण का वर्ष बताया



नई दिल्ली(भाषा) भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेताओं ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 24 वर्षों के सार्वजनिक जीवन को "सेवा, समर्पण, जनकल्याण और राष्ट्र निर्माण" से परिपूर्ण बताया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि 'कर्म योगी' मोदी ने 24 साल पहले आज ही के दिन गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में संविधान की शपथ ली थी और जनसेवा की अपनी लंबी पारी के दौरान उन्होंने यह सिद्ध कर दिया है कि जब दृष्टि 'राष्ट्र प्रथम' और मिशन 'विकसित भारत' हो, तो नेतृत्व करोड़ों लोगों के जीवन में कैसे बदलाव ला सकता है। शाह ने लिखा, 'राष्ट्र और जनसेवा को समर्पित 24 वर्ष! यह दिन पूरे देश के लिए महत्त्वपूर्ण है, जब निःस्वार्थ भाव से जनसेवा को समर्पित एक कर्मयोगी ने संविधान की शपथ लेकर लोगों की समस्याओं को अपना माना, उनका निवारण शुरू किया और ये समस्याएं इतिहास बनती चली गईं।" भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि भाजपा के साधारण कार्यकर्ता से लेकर देश के 'प्रधान सेवक' तक, मोदी की 24 साल की जनसेवा 'सेवा, समर्पण, लोक कल्याण व राष्ट्रीय पुनरुत्थान' की अनुकरणीय यात्रा है। भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद ने कहा कि पहले गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में और अब प्रधानमंत्री के रूप में, मोदी "दिन-रात अथक परिश्रम" कर रहे हैं ।

## खबर संक्षेप

### सीजेआई पर भड़काऊ टिप्पणी, यूट्यूबर अरेस्ट



**नई दिल्ली।** यूट्यूबर अजीत भारती से नोएडा पुलिस ने हिरासत में लेकर पूछताछ की है। यह कार्रवाई सीजेआई बीआर गवई के ऊपर जूता फेंकने की कोशिश के बाद यूट्यूबर अजीत भारती द्वारा दिए गए विवादित और भड़काऊ टिप्पणी से जुड़ा है।

### शशि थरूर के पड़ोसी बने केजरीवाल

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री आवास छोड़ने के लगभग एक साल बाद आम आदमी पार्टी के प्रमुख और



दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल को आखिर नया अलॉट हो गया है। यह फैसला दिल्ली हाईकोर्ट में सुनवाई के बाद आया है। उन्होंने उपयुक्त आवास का अनुरोध किया था। केजरीवाल को 95, लोधी एस्टेट स्थित टाइप -7 बंगला अलॉट किया गया है, वे शशि थरूर के पड़ोसी होंगे।

### कफ सिरप मामले की न्यायिक जांच हो: कांग्रेस

**नई दिल्ली(ब्यूरो)।** कांग्रेस ने राजस्थान और मध्य प्रदेश में कफ सिरप से बच्चों की मौत के मामलों को लेकर भाजपा सरकारों पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए न्यायिक जांच की मांग की है। इंदिरा भवन स्थित कांग्रेस मुख्यालय में पत्रकार वार्ता करते हुए राजस्थान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली और मध्य प्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि मध्य प्रदेश और राजस्थान में दवाइयों की खरीद में भारी भ्रष्टाचार किया गया है।

### ज्ञानवापी वुजुखाना की 10 नवंबर को सुनवाई

**प्रयागराज।** वाराणसी में ज्ञानवापी परिसर स्थित कथित वुजुखाने का भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण ( एएसआई) से वैज्ञानिक सर्वे कराए



जाने संबंधी राखी सिंह की पुनरीक्षण याचिका पर इलाहाबाद हाई कोर्ट ने अगली सुनवाई की तारीख तय की है। अब 10 नवंबर को सुनवाई होगी। किसी भी अदालत को किसी तरह के अंतरिम अथवा अंतिम सर्वे आदेश देने पर रोक लगाई गई है।

### राजौरी में आतंकवादियों व पुलिस के बीच मुठभेड़

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले के एक सुदूर इलाके में मंगलवार शाम आतंकवादियों और पुलिस दल के बीच मुठभेड़ शुरू हो गई। जम्मू के पुलिस महानिरीक्षक भीम सेन टूटी ने कहा कि कांडी के बीरंथूब इलाके में मुठभेड़ के बाद संयुक्त तलाशी अभियान जारी है। आईजीपी ने कहा कि राजौरी के कांडी पुलिस थाने के बीरंथूब इलाके में आतंकवादियों और एसओजी (विशेष अभियान समूह) टीम के बीच गोलीबारी हुई। पुलिस, सेना और सीआरपीएफ की संयुक्त टुकड़ियां मौके पर पहुंच गईं।

## बिहार में सियासी पारा गरम : चुनाव आयोग के कार्यक्रम के बाद राजनीतिक दलों में सरगर्मी बढ़ी

# एनडीए-महागठबंधन का सीट बंटवारा लगभग तय, 2-3 दिन में ऐलान संभव

### सभी दलों में गठबंधन को लेकर हलचल तेज, बैठकों का दौर शुरू

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली/पटना

राज्य के दोनों प्रमुख राजनीतिक गठबंधन राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) और विपक्षी दलों के महागठबंधन (एमजीबी) के बीच सीटों का बंटवारा लगभग तय हो चुका है। संभावना है कि 2-3 दिनों के भीतर दोनों गठबंधनों की ओर से यह औपचारिक ऐलान कर दिया जाएगा । चुनाव आयोग ने सोमवार को बिहार में दो चरणों में 6 नवंबर और 11 नवंबर को मतदान और 14 नवंबर को रिजल्ट का ऐलान कर दिया है। पहले चरण का नामांकन 10 अक्टूबर से और दूसरे चरण का 13 अक्टूबर से शुरू होगा।

17 अक्टूबर को पहले और 20 अक्टूबर को दूसरे चरण के नामांकन का आखिरी दिन है। अब चाहे जैसे हो, सीट और कैंडिडेट का ऐलान इस सप्ताह तक हो जाना चाहिए। एनडीए में जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) और भाजपा के बीच सीटों को लेकर सहमति कायम है। राष्ट्रीय लोक मोर्चा (आरएलएम), हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) और लोक जनशक्ति पार्टी - रामविलास (एलजेपी-आर) को मिलने वाली सीटों पर भी सहमति करीब बन चुकी है।



### चिराग और प्रधान मिले, 45 मिनट चली बैठक

बिहार चुनाव को लेकर एनडीए में सीट बंटवारे को लेकर ताबड़तोड़ बैठकों का दौर जारी है। मंगलवार को एनडीए के सहयोगी लोजपा (रामविलास) के अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान से बिहार भाजपा प्रभारी विनोद तावड़े, बिहार चुनाव प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान और बिहार सरकार के मंत्री मंगल पांडे ने दिल्ली में मुलाकात की। इस दौरान बिहार चुनाव को लेकर चर्चा हुई, जो करीब 45 मिनट तक चली, जिसमें सीट बंटवारे पर भी गहन मंथन हुआ।बताया जा रहा जीतन राम मांझी 15 सीटों पर अड़े हैं, तो वहीं चिराग पासवान की 30 सीटों की जिद है।




### इंडिया गठबंधन में कांग्रेस की आनाकानी

महागठबंधन में सीट बंटवारें को लेकर पिछले दो दिनों से लगातार बैठकें हो रही हैं लेकिन कांग्रेस, वामदल और वीआईपी अपनी-अपनी मांगों पर अड़ी है। तेजस्वी यादव कांग्रेस के पिछले प्रदर्शन को देखते हुए इस बार 55 सीटें देना चाहते हैं लेकिन वह आनाकानी कर रही है। कांग्रेस 70 सीट से कम पर चुनाव लड़ना नहीं चाह रही है। वहीं वाम दल 40 सीट और वीआईपी को डिप्टी सीएम का पद चाहिए। सूत्र बता रहे हैं कि अब तक जो फॉर्मूला तय हुआ है उसके हिसाब से इंडिया गठबंधन में राजद के खाते में करीब 130, कांग्रेस को 55 सीट, वामदल को 35, वीआईपी को 20 सीटें मिल सकती है।

### आरजेडी और कांग्रेस ज्यादा सीटें चाह रहीं

महागठबंधन में आरजेडी और कांग्रेस ने वामपंथी दलों को पिछली बार की तुलना में अधिक सीटें देने का निर्णय लिया है। दोनों दल अपने हिस्से की सीटों में से मुकेश सहनी की विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) की मांग समायोजित करेगी। महागठबंधन में सीएम फेस को लेकर चल रही तनातनी भी समाप्त हो गई है और सभी घटक दलों ने तेजस्वी के चेहरे पर ही चुनावी मैदान में जाने का निर्णय लिया है। हेमंत सोरेन की झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) और पशुपति कुमार पारस की राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी (आरएलजेपी) को महागठबंधन में आस लगाए बैठी है।



### अक्षरा सिंह भी लड़ेंगी चुनाव?

अब भोजपुरी फिल्मों की मशहूर एक्ट्रेस अक्षरा सिंह ने भी राजनीति में कदम रखने के संकेत दे दिए हैं। अक्षरा ने केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह से मुलाकात की है। उन्होंने लिखा- गिरिराज सिंह जी से आशीर्वाद मिला। इसके बाद से ही राजनीतिक गलियारों में चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है कि क्या अक्षरा भी इस बार बिहार के चुनावी रण में उतरेंगी।

**सीट बंटवारे को लेकर घोषणा नहीं हो सकी**

*पटना वीर चंद पटेल मार्ग में भाजपा, जदयू, राजद दफ्तर बाहर गाड़ियों की लंबी कतारें 2 दिनों से लग रही है। मंगलवार सुबह से ही इन सभी कार्यालयों में भीड़ है। जदयू के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय कुमार झा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मिलने सीएम आवास पहुंचे। जदयू नेताओं के साथ बैठक हुई। जदयू के कोटे की सीटों पर मंथन हुआ। इस दौरान संजय झा ने कहा कि एनडीए पूरी मजबूती से खड़ा है और जल्द सीट शेयरिंग हो जाएगी।*

## भाजपा की नजरें, हार को जीत में बदलना ही लक्ष्य

> 22 सीटों वाले शाहाबाद क्षेत्र में एक दशक में लगातार उतार-चढ़ाव रहा

भाषा ▶▶ पटना

बिहार का 'धान का कटोरा' कहे जाने वाले और किसान आंदोलनों एवं समाजवादी राजनीति का प्रमुख केंद्र रहे शाहबाद क्षेत्र पर इस बार भारतीय जनता पार्टी मुख्य रूप से ध्यान केंद्रित कर रही है और उसका लक्ष्य हार को जीत में बदलना है। 22 सीटों वाले शाहाबाद क्षेत्र में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) का प्रदर्शन पिछले एक दशक में लगातार उतार-चढ़ाव भरा रहा है। 2015 के विधानसभा चुनाव में जहां गठबंधन को इस क्षेत्र में 22 में से केवल दो सीटों पर संतोष करना पड़ा था, वहीं 2019 के लोकसभा चुनाव में चारों सीटें जीतकर उसने शानदार वापसी की थी। हालांकि 2020 के विधानसभा चुनाव में यह रफ्तार फिर थम गई और राजग महज आरा और बड़हरा सीटों तक सिमट गया।





### राबड़ी आवास के बाहर कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन

*पटना(एजेंसी)। बिहार चुनाव की तारीखों का ऐलान हो गया है। चुनाव के ऐलान के बाद सियासी पार्टियां जीत का दावा कर रही हैं। बयानबाजी भी तेज हो गई है। राबड़ी आवास के बाहर कार्यकर्ता प्रदर्शन कर रहे हैं। मसौढ़ी से राजद विधायक रेखा पासवान पर कार्यकर्ताओं ने भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है।*

### भाकपा (माले) ने 19 सीटों का प्रस्ताव ठुकराया

**नई दिल्ली (भाषा)।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी-लेनिनवादी) लिबरेशन ने बिहार विधानसभा चुनाव में 'महागठबंधन' के घटक के तौर पर 19 सीटों पर चुनाव लड़ने की पेशकश को यह कहते हुए ठुकरा दिया है कि यह "सम्मानजनक" प्रस्ताव नहीं हैं। वामपंथी दलों से जुड़े सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि भाकपा (माले) लिबरेशन ने वर्ष 2020 के विधानसभा चुनाव में जितनी सीटों पर चुनाव लड़ा था, इस बार उसे उतनी ही सीटों की पेशकश की गई थी।

**कांग्रेस की सीईसी की बैठक आज**

*नई दिल्ली(भाषा)। कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति (सीईसी) बिहार विधानसभा चुनाव के लिए अपने उम्मीदवारों के चयन के मकसद से बुधवार को बैठक करेगी। पार्टी सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पार्टी यह बैठक उस वक्त करने जा रही है जब उसके सहयोगी राष्ट्रीय जनता दल और वाम दलों के साथ सीट बंटवारे पर बातचीत अंतिम दौर में है। निर्वाचन आयोग द्वारा सोमवार को बिहार में विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान किया गया।*

## उपराष्ट्रपति ने सभी दलों संग की बैठक

# रास में गरिमा और अनुशासन बनाए रखने पर दिया जोर

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

राज्यसभा के सभापति सी. पी. राधाकृष्णन ने मंगलवार को राज्यसभा में सभी राजनीतिक दलों के नेताओं के साथ अपनी पहली औपचारिक बैठक की अध्यक्षता की। इस



बैठक में मंत्रियों सहित कुल 29 नेताओं ने भाग लिया। सभापति ने पदभार ग्रहण करने के बाद से मिले अपार समर्थन और शुभकामनाओं के लिए सभी नेताओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने अल्प सूचना पर सभी नेताओं के एक साथ एकत्रित होने को उत्साहजनक बताया और कहा कि यह लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति सभी दलों की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उद्घाटन वक्तव्य में राधाकृष्णन ने कहा कि रास को उसके गरिमापूर्ण इतिहास, अनुशासन व शिष्टाचार के अनुरूप कार्य करना चाहिए।

### विपक्ष का सहयोग आश्वासन

विपक्षी दलों के नेताओं ने भी पूर्ण सहयोग का भरोसा देते हुए सभापति से अनुरोध किया कि विपक्ष को शून्यकाल, प्रश्नकाल, गैर-सरकारी सदस्य विधेयक, अल्पकालिक चर्चा और ध्यानाकर्षण सूचना जैसे संसदीय साधनों के माध्यम से पर्याप्त अवसर दिए जाएं। छोटे दलों ने सुझाव दिया कि उनकी सीमित संख्या के बावजूद उन्हें भी उचित समय आवंटित किया जाए, जिस पर सभापति ने सकारात्मक विचार का आश्वासन दिया।

## एअर इंडिया की कोलंबो चेन्नई फ्लाइट के इंजन से टकराया पक्षी

**चेन्नई (एजेंसी)।** एअर इंडिया की कोलंबो-चेन्नई फ्लाइट के इंजन से मंगलवार को एक पक्षी टकराने से फ्लाइट को नुकसान पहुंचा है। सुरक्षा के मद्देनजर एयरलाइन ने चेन्नई से कोलंबो जाने वाली वापसी उड़ान को फिलहाल रद्द कर दिया है। एयरपोर्ट अधिकारियों ने बताया कि विमान जब चेन्नई इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर उतरने वाला था, तभी उसके इंजन से पक्षी टकरा गया, जिससे विमान के इंजन से आवाज आने लगी।

इसके बाद पायलट ने फ्लाइट को चेन्नई एयरपोर्ट पर उतार लिया। घटना के समय फ्लाइट में 158 पैसेंजर्स सवार थे। सभी पैसेंजर्स पूरी तरह सुरक्षित हैं। अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षा कारणों से फ्लाइट को ग्राउंड कर दिया गया है। यानी उसे आगे उड़ान भरने की परमिशन नहीं है।

# आतंक फैलाने को 'विशेष समुदाय' का इस्तेमाल कर रही टीएमसी

## सांसद- विधायक पर हमले को लेकर भड़की बंगाल भाजपा, भट्टाचार्य का आरोप

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल में मुख्य विपक्षी पार्टी भाजपा ने आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस बंगाल में हमले करवाने के लिए एक 'विशेष समुदाय" का इस्तेमाल कर रही है। भाजपा सांसद खगेन मुर्मू पर हुए हमले को लेकर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए बंगाल भाजपा अध्यक्ष समिक भट्टाचार्य ने कहा कि बंगाल को पश्चिमी बांग्लादेश में बदला जा रहा है। हमले में शामिल संदिग्धटीएमसी के प्रमुख नेता थे। जलपाईगुड़ी ज़िले के नागराकाटा गांव में भीड़ के हमले में मुर्मू और विधायक शंकर घोष लहूलुहान हो गए। ये बदुआर्स क्षेत्र में बाढ़ और भूस्खलन से प्रभावित लोगों का हालचाल जानने के लिए गए थे।

### मुर्मू का हाल जानते राज्यपाल बोस



### मुर्मू के चेहरे की होगी सर्जरी

जलपाईगुड़ी जिले के नागरकट्टा इलाके में राहत कार्यों का दौरा कर रहे मुर्मू और घोष पर हमला किया था। इस हमले में भाजपा सांसद को गंभीर चोट लगी है, उनकी स्थिति गंभीर है और उनके चेहरे पर गंभीर चोटें आई हैं, जिसमें आंख के नीचे हड्डी टूटने की भी जानकारी है।

### हमले पर लोकसभा ने गृह मंत्रालय से रिपोर्ट मांगी

*लोकसभा सचिवालय ने केंद्रीय गृह मंत्रालय से बंगाल में भाजपा सांसद खगेन मुर्मू पर हुए हमले पर तीन दिनों के भीतर एक तथ्यात्मक नोट मांगा है। मुर्मू और भाजपा विधायक शंकर घोष सोमवार को बंगाल के उत्तरी भाग में बाढ़ और भूस्खलन प्रभावित दुआर्स क्षेत्र के दौरे के दौरान भीड़ के हमले में घायल हो गए थे। लोकसभा सचिवालय ने गृह मंत्रालय को पत्र लिखकर बंगाल सरकार से इस मामले में तीन दिनों के भीतर एक 'तथ्यात्मक नोट' भेजने को कहा है।*

### ममता सरकार पर भड़के बिप्लब

**नई दिल्ली (हरिभूमि ब्यूरो)।** पश्चिम बंगाल के सिलिगुड़ी में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के दौरे पर निकले बीजेपी सांसद और विधायक पर हमले के बाद से भारतीय जनता पार्टी पश्चिम बंगाल सरकार पर हमलावर है। मंगलवार को पश्चिम बंगाल के भाजपा चुनाव सह प्रभारी एवं त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री बिप्लब देब हमले में घायल भाजपा सांसद खगेम मुर्मू और विधायक शंकर घोष से मिलने सिलिगुड़ी पहुंचें और हमले की साजिश का आरोप टीएमसी पर लगाया। देब ने लिखा एक्स पर लिखा 'ममता-विहीन ममता शासन।' भाजपा नेता ने आगे लिखा कि ममता बैनर्जी ने यह महसूस करते हुए कि जनता अब उनके साथ नहीं है।

## कैबिनेट ने 4 राज्यों में मल्टी-ट्रैकिंग रेलवे परियोजनाओं को दी मंजूरी

# रेलवे के नेटवर्क में 894 किलोमीटर की होगी वृद्धि

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय कैबिनेट ने महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, गुजरात और छत्तीसगढ़ में चार बड़ी मल्टी ट्रैकिंग रेलवे परियोजनाओं को मंजूरी दी है। इन परियोजनाओं की कुल अनुमानित लागत लगभग 24,634 करोड़ रुपए है और इनका निर्माण 2030-31 तक पूरा होने की उम्मीद है। इन परियोजनाओं से भारतीय रेलवे के मौजूदा नेटवर्क में लगभग 894 किलोमीटर की वृद्धि होगी।

### भीड़भाड़ कम होगी और संचालन की दक्षता व सेवा विश्वसनीयता बढ़ेगी





*इन मल्टी-ट्रैकिंग परियोजनाओं से रेल लाइन की क्षमता में वृद्धि होगी, भीड़भाड़ कम होगी और संचालन की दक्षता व सेवा विश्वसनीयता में सुधार होगा। यह पहल प्रधानमंत्री मोदी के "नए भारत" के विजन के अनुरूप है, जिसका उद्देश्य क्षेत्र की जनता को आत्मनिर्भर बनाना और रोजगार व स्वरोजगार के अवसर बढ़ाना है। ये परियोजनाएं पीएम-गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के तहत हैं, जिसका उद्देश्य एकीकृत योजना के माध्यम से कनेक्टिविटी और लॉजिस्टिक दक्षता को बढ़ाना है। इनसे लोगों, माल और सेवाओं का सुचारु आवागमन सुनिश्चित होगा।*

### ये परियोजनाएं कुल 18 जिलों को लाभान्वित करेंगी

मंजूरी प्राप्त चार परियोजनाओं में : वर्धा-भुसावल तीसरी और चौथी लाइन (314 किमी, महाराष्ट्र), गोंदिया-डोंगरगढ़ चौथी लाइन (84 किमी, महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़), वडोदरा-रतलाम तीसरी और चौथी लाइन (259 किमी, गुजरात और मध्य प्रदेश), और इटारसी-भोपाल-बीना चौथी लाइन (237 किमी, मध्य प्रदेश) शामिल हैं। ये परियोजनाएं कुल 18 जिलों को कवर करेंगी और लगभग 3,633 गांवों को रेल कनेक्टिविटी प्रदान करेंगी, जिससे लगभग 85.84 लाख लोग लाभान्वित होंगे, जिनमें दो आकांक्षी जिले, विदिशा और राजनंदगांव शामिल हैं।

### पीएम सूर्य घर बिजली योजना के तहत 10,907 करोड़ के कर्ज मंजूर किए

**नई दिल्ली(भाषा)।** सरकारी बैंकों ने प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत 10,907 करोड़ रुपये के पांच लाख से अधिक ऋण स्वीकृत किए हैं। इस योजना का मकसद रूफटॉप यानी छतों पर सौर प्रणाली स्थापित कर घरों को अपनी बिजली खुद उत्पादित करने में सक्षम बनाना है। मंगलवार को जारी एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना (पीएमएसजीएमबीवाई) को ऋण वितरण प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करके और कम ब्याज दर पर गिरवी मुक्त किफायती ऋण की सुविधा देकर लागू किया जा रहा है।


## सीएम सिद्धारमैया का ऐलान

# कर्नाटक में जाति गणना का काम नहीं हो सका पूरा, 18 तक बंद रहेंगे स्कूल

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैय ने मंगलवार को राज्य के सभी सरकारी और सरकार से सहाता प्राप्त स्कूलों में आठ से 18 अक्टूबर तक के अवकाश की घोषणा की है। यह फैसला इसलिए लिया गया है, ताकि शिक्षक 'सामाजिक एवं शैक्षणिक सर्वेक्षण' (जिसे जाति गणन कहा जा रहा है) का काम कर पूरा कर सकें।

यह सर्वेक्षण मंगलवार तक पूरा किया जाना था। लेकिन कई जिलों में काम देरी हो रही है। मुख्यमंत्री ने अपने मंत्रिमंडल और अधिकारियों के साथ बैठक कर सर्वेक्षण की सीमा 10 और दिन बढ़ाने का



फैसला लिया है। बैठक के बाद मुख्यमंत्री ने पत्रकारों को बताया कि हम 7 अक्टूबर तक सर्वेक्षण पूरा करना चाहते थे। कोप्पल जिले में 97 फीसदी सर्वेक्षण पूरा हो चुका है। उडुपी और दक्षिण कन्नड़ जिलों में यह क्रमशः 63 फीसदी और 60 फीसदी ही हुआ है। कुछ जिलों में देरी हो रही है।

## चिंतन

# जहरीली कफ सिरप बनाने वालों को मिले सख्त सजा

आप जिस दवा को जीवनदायनी समझ कर ले रहे हैं, उसमें जहर निकले और मौत का कारण बन जाए तो इसे मुनाफाखोरी के मोह में जीवन से खिलवाड़ कहें, लालफीताशाही का निकम्मापन या कुछ और, क्या कहेंगे। मध्य प्रदेश और राजस्थान में जहरीला कफ सिरप पीने से अब तक 23 बच्चों की मौत हो चुकी है। इनमें मध्य प्रदेश में 2 सितंबर से अब तक 19 और राजस्थान में 4 बच्चे दम तोड़ चुके हैं। मध्य प्रदेश, राजस्थान, केरल, तमिलनाडु और पंजाब ने इस सिरप की बिक्री और इस्तेमाल पर रोक लगा दी है। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई गई है। इसमें पूरे मामले की सीबीआई जांच कराने और देशभर में दवाओं की सुरक्षा व्यवस्था की जांच की मांग की गई है। तमिलनाडु के ड्रग्स कंट्रोल डिपार्टमेंट ने सिरप बनाने वाली कंपनी को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। यह दवा कांचीपुरम की कंपनी श्रीसन फार्मास्यूटिकल्स बनाती है। कानून तो अपनी कार्रवाई करेगा, लेकिन उनकी मानसिकता के बारे में सोचने भर से रूह कांप उठती है, जिन्होंने नौनिहालों की जिंदगी से ही खिलवाड़ कर दिया। बेचारे छोटे-छोटे बच्चे खांसी की दवा पीकर हमेशा के लिए सो गए। माता-पिता बच्चों को इलाज करवाने के लिए सरकारी अस्पताल से दवा दिलाएं और फिर कुछ ही घंटों में बच्चों के गुर्दे फेल हो जाएं और उनकी मौत हो जाए, यह भयानक, दर्दनाक और क्रोध पैदा करने वाला विषय है। क्या भरोसे के साथ बीमार बच्चों को सरकारी अस्पताल से दवा दिलवाना, माता-पिता की गलती है। बच्चों के माता-पिता और परिवार का अपनी आंखों के सामने बच्चों का हमेशा के लिए नींद में सो जाते हुए देखना दिल दहलाने वाला है, माता-पिता की चीखें परेशान करने वाली है, लेकिन क्या मासूमों की मौत के इस तांडव से हमारे सरकारी अमले की नींद टूटेगी या फिर वो अब भी पहले की तरह खर्राटें ही लेते रहेंगे। 2023 में विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कहा था कि भारत में बनने वाले कफ सिरप बच्चों की सेहत के लिए ठीक नहीं हैं। यह आदेश पंजाब स्थित क्यूपी फार्माकेम लिमिटेड द्वारा निर्मित गुआइफेनेसिन टीजी सिरप के परीक्षण के बाद दिए थे। अब मध्यप्रदेश में जिस सिरप का इस्तेमाल हुआ, वह तमिलनाडु के कांचीपुरम स्थित श्रीसन फार्मास्युटिकल्स की फैक्ट्री में बना था। तमिलनाडु ड्रग कंट्रोल विभाग ने इस फैक्ट्री से लिए गए कोल्ड्रिफ सिरप के सैपल की जांच की, जिसमें 48.6 प्रतिशत डाईएथिलीन ग्लाइकॉल पाया गया। यह बेहद जहरीला रसायन है, जो किसी भी फार्मा प्रोडक्ट में तय मात्र से ज्यादा नहीं होना चाहिए। तय है कि पैसों का लालच ही इन मौतों की एकमात्र वजह है और इसलिए जहरीली खांसी की दवा में सस्ती और घटिया रसायन मिलाकर इसे बनाया गया। सरकार ने अब दवाओं का स्टॉक वापस मंगवाकर नष्ट कराने जैसे उपाय शुरू किए हैं। जो काम पहले हो जाना चाहिए था, जो जांच पहले हो जानी चाहिए थी, दवाओं का जो गुणवत्ता नियंत्रण और परीक्षण पहले हो जाना चाहिए था, उसे अब किया जा रहा है। सरकार को चाहिए कि ऐसी कंपनी को तुरंत सील करे, जिसने मासूम बच्चों के जीवन से खिलवाड़ किया। दवा उत्पादन की लागत कम और मुनाफा बढ़ाने के लिए कफ सिरप में सस्ते और जहरीले रसायन को प्रयोग किया गया, जिसके चलते बच्चों की मौतों का यह तांडव हुआ। इसकी तुरंत जांच करवाकर इसके लिए जिम्मेदार लोगों पर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया जाना चाहिए और सख्त से सख्त सजा दी जाए, ताकि दोबारा से कोई ऐसी हिमाकत ही न करे।

# वायुसेना को और मजबूत बनाना होगा



वायु सेना दिवस
डॉ. एलएस यादव

भारती वायुसेना अब 94वें वर्ष में प्रवेश कर रही है। इन 93 वर्षों के इतिहास में ऐसे कई मौके आए जब वायुसेना के जांबाजों ने दुश्मनों के दांत खट्टे करके अपनी ताकत का एहसास करवाया। ऑपरेशन सिंदूर में तो वायुसेना ने एक नया कीर्तिमान स्थापित किया। इससे पहले भी हर चुनौती के समय वायुसेना के विमान दुश्मन पर आफत बनकर टूटे हैं। हमेशा उन्होंने दुश्मनों को तबाह किया और हर युद्ध को जीतने में अहम भूमिका निभाई है। अब जरूरत है वायुसेना को और मजबूती देकर उसे शक्तिमान बनाने की। मिग-21 विमानों के दो स्क्वाड्रनों के रिटायर हो जाने के बाद अब भारतीय वायुसेना की जरूरत 42 स्क्वाड्रनों की जरूरत है इसे हर हाल में जल्द पूरा करना होगा।

आठ अक्टूबर 1932 से धीरे-धीरे प्रगति करती हुई भारतीय वायुसेना अपने 93 वर्ष पूरे कर 94वें वर्ष में प्रवेश कर रही है। इन 93 वर्षों के इतिहास में ऐसे कई अवसर आए जब वायुसेना के जांबाजों ने शत्रु के दांत खट्टे करके अपनी ताकत का एहसास करवाया। ऑपरेशन सिंदूर में तो वायुसेना ने एक नया कीर्तिमान स्थापित किया। इससे पहले भी हर चुनौती के समय वायुसेना के विमान दुश्मन पर आफत बनकर टूटे हैं। हमेशा उन्होंने दुश्मनों को तबाह किया है और प्रत्येक युद्ध को जीतने में उन्होंने अहम भूमिका निभाई है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान भी अपनी वायुसेना की ताकत बढ़ाने में लगा हुआ है और चीन के पास यह ताकत कम नहीं है। ऐसे में पाक व चीन सीमा पर चुनौतियां काफी बढ़ी हुई हैं। भारतीय वायुसेना के पास इस समय 29 स्क्वॉड्रन लड़ाकू विमान हैं। मिग विमानों के रिटायर होने के बाद यह संख्या और घट गई। इस कारण वायुसेना को तत्काल 250 लड़ाकू विमानों की आवश्यकता है। चीन व पाकिस्तान से मिलने वाली सामरिक चुनौतियों के मद्देनजर भारत के पास करीब 45 स्क्वॉड्रन लड़ाकू विमान होने चाहिए।

इन चुनौतियों के मद्देनजर भारत सरकार सीमान्त मोर्चों पर किसी भी दुश्मन को कोई अवसर देना नहीं चाहती। भारतीय वायुसेना की ओर से विमान बेड़ा बढ़ाने के लिए 114 मेक इन इंडिया राफेल लड़ाकू विमानों की खरीद का प्रस्ताव रक्षा मंत्रालय को दिया है। इन विमानों की कीमत दो लाख करोड़ से ज्यादा होगी। इन विमानों का निर्माण फ्रांस की डसाल्ट एविएशन कंपनी और भारतीय एयरोस्पेस कंपनियां मिलकर करेंगी। मेक इन इंडिया राफेल में 60 फीसदी सामान स्वदेशी होगा। रक्षा मंत्रालय इस पर कब निर्णय लेगा यह पता नहीं, लेकिन वायु सेना इस सौदे को जल्द फाइनल करना चाहती है, क्योंकि वायुसेना के विमान लगातार कम होते जा रहे हैं। इससे भारतीय वायुसेना की ऑपरेशनल क्षमता प्रभावित हो रही है। मिग-21 विमानों के दो स्क्वाड्रनों के रिटायर हो जाने से यह समस्या और बढ़ गई है। हालांकि भारतीय वायुसेना की जरूरत 42 स्क्वाड्रनों की है, लेकिन दक्षिण एशिया की स्थिति और भू-राजनातिक उथल-पुथल को देखते हुए यह संख्या कम है। इन स्थितियों या दो मोर्चों पर युद्ध छिड़ने की स्थिति से निपटने के लिए 45 स्क्वाड्रन होना बेहतर होगा।

भारतीय वायुसेना की इस कमी को दूर करने के उद्देष्य से भारत सरकार ने स्वदेशी लड़ाकू विमानों पर भरोसा जताया है। इसके लिए पिछले दिनों ही 180 तेजस मार्क-1ए विमानों की खरीद का आर्डर दिया है। विदित हो कि वर्ष 2021 में 46000 करोड़ रुपये की लागत से 83 तेजस मार्क-1ए विमानों की खरीद को मंजूरी दी थी। इस मंजूरी के मुताबिक इनकी आपूर्ति हो जानी चाहिए थी, लेकिन अभी तक नहीं हुई है। फिर भी सरकार ने वायुसेना की ताकत बढ़ाने के उद्देश्य से अगस्त 2025 में 62,000 करोड़ रुपये की लागत से 97 विमानों की खरीद को मंजूरी प्रदान कर दी गई। इन विमानों को बनाने वाली कंपनी हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) का कहना है कि वह इसी महीने से इन विमानों की आपूर्ति प्रारम्भ कर देगी। दरअसल, इन विमानों की आपूर्ति में देरी का मुख्य कारण अमेरिकी इंजनों की आपूर्ति है। एचएएल ने अमेरिका की जीई कंपनी से '404 इंजन'



लेने का समझौता कर रखा है। इस समझौते के मुताबिक इन इंजनों की आपूर्ति मार्च 2024 में शुरू होनी थी, परन्तु ऐसा नहीं हो पाया। जीई कंपनी ने इस साल पहला इंजन अप्रैल में, दूसरा जुलाई में और तीसरा सितम्बर में दिया। अब तक मात्र तीन इंजनों की ही आपूर्ति हो सकी है। डील के मुताबिक जीई कंपनी को हर माह दो इंजनों की आपूर्ति करनी थी, लेकिन ऐसा नहीं हो पा रहा। इस देरी से वायुसेना काफी चिंतित है। कुछ समय पहले वायुसेना प्रमुख एपी सिंह ने खुद कहा था कि बीते 40 साल से एचएएल तेजस निर्माण में लगा है, लेकिन अभी तक 40 विमानों की आपूर्ति नहीं कर पाया है। भारतीय वायुसेना के पास तेजस के दो ऑपरेशनल स्क्वाड्रन हैं। अगर इंजनों की आपूर्ति तेजी से हो तो एचएएल दो से ढाई दर्जन विमानों की आपूर्ति सालाना कर सकता है।

अमेरिकी इंजनों की आपूर्ति में देरी के कारण भारत अब फ्रांस के साथ मिलकर लड़ाकू विमानों के लिए इंजन बनाएगा। इसके लिए रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) और फ्रांसीसी कंपनी सफ्रान के बीच संयुक्त परियोजना को सरकार जल्द ही स्वीकृति प्रदान कर सकती है। सफ्रान कंपनी भारत के पांचवीं पीढ़ी के स्वदेशी लड़ाकू विमानों के लिए उन्नत जेट इंजनों के विकास और उनके निर्माण में मदद करेगी। इससे भारतीय सेना और मजबूत होकर उभरेगी और चुनौतियों से निपटने में सक्षम होगी। इस परियोजना का मुख्य लक्ष्य दोहरे इंजन वाले उन्नत मध्यम लड़ाकू विमानों के लिए भारत में 120-किलोन्यूटन इंजन का विकास और उत्पादन करना है। इस काम के लिए सफ्रान कंपनी प्रौद्योगिकी का हस्तांतरण करेगी। डीआरडीओ की गैस टरबाइन रिसर्च एस्टैब्लिशमेंट के साथ मिलकर बनाई जाने इस परियोजना की अनुमानित लागत तकरीबन सात अरब डॉलर होगी। यदि यह मंजूरी मिलती है तो भारत उन विशिष्ट देशों के समूह में शामिल हो जाएगा, जिनके पास अपने विमान इंजन डिजाइन विकसित करने की क्षमता है। वर्तमान में ऐसे इंजन बनाने की यह तकनीक केवल अमेरिका, रूस, ब्रिटेन और फ्रांस के पास है।

राफेल लड़ाकू विमान बढ़ाने की तैयारी के साथ ही भारत रूस के पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान एसयू-57 के भारत में ही बनाए जाने की तैयारी में लगा हुआ है। रूस ने भारत को एसयू-57 स्टील्थ लड़ाकू विमान की सौ फीसदी तकनीक के साथ-साथ सोर्स कोड दिए जाने का ऑफर दे रखा है। इस ऑफर में रूस ने यह भी कहा है कि अगर भारत इसके लिए तैयार होता है तो एचएएल के जिस प्लांट में सुखोई-30 एमकेआई का उत्पादन होता है उसी प्लांट में एसयू-57 स्टील्थ लड़ाकू विमान का उत्पादन शुरू हो सकता है। इस काम के लिए रूस की एक टीम जल्द ही एचएएल के नासिक प्लांट का दौरा करने वाली है। एसयू-57 एक बहु-भूमिका वाला लड़ाकू विमान है जो हवाई श्रेष्ठता, जमीनी हमले, टोही मिशन और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध में सक्षम है। इसमें लम्बी दूरी की आर-37 एम मिसाइलें लगी हुई हैं, जिनकी मारक क्षमता 400 किलोमीटर तक है। इसके अलावा इसमें हाइपरसोनिक मिसाइलें भी लगी हुई हैं, जिनमें उन्नत एवियोनिक्स, कृत्रिम वुद्धिमत्ता और सुपरकंडक्टिविटी का बेहतर संयोजन है। इस बीच अमेरिकी प्रशासन भी भारत को एफ-35 लड़ाकू विमान के सौदे का ऑफर दे रहा है, लेकिन भारत ने इसमें कोई रुचि नहीं दिखाई है। कुल मिलाकर भारत पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमानों के निर्माण की तरफ आगे बढ़ चुका है। निश्चित है कि अब वायुसेना का विमान बेड़ा बढ़ जाएगा और भारत अपनी भविष्य की चुनौतियों से निपटने में सक्षम होगा और अपनी सीमाओं की पूर्ण रूप से सुरक्षा कर पाएगा।

(लेखक सैन्य विज्ञान विषय के प्राध्यापक रहे हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## अपराध
डॉ. रमेश ठाकुर



# हेल्थ सिस्टम पर 'कलंक' है 'कफ सिरप' हादसा


कफ सिरप कांड की चर्चाएं इस समय भारत में ही नहीं, पूरी दुनिया में हैं। दिल-दहला देने वाली कथित 'कफ सिरप' घटना के गर्भ से उपजे इस अक्षम्य अपराध ने लोगों का ध्यान एकाएक भारत में कुकुरमुत्तों की तरह सक्रिय नकली फार्मा कंपनियों की ओर खींचा है। सरकारों की मिलीभगत से जाली फार्मा कंपनियों का जाल इस समय देश में गुपचुप तरीके से फैला है। नकली दवाइयों के निर्माण में अभी तक चीन ही बदनाम था। पर, 3 वर्ष पहले जब भारतीय फार्मा कंपनियों द्वारा निर्मित नकली कफ सिरप के पीने से अफ्रीकी देशों में 50 से अधिक जब बच्चों की मौत हुई, तो दुनिया की नजरों में भारत आ गया। इससे भारतीय फार्मा कंपनियों की जमकर थू थू भी हो रही है।

अफ्रीकी बच्चे जब भारत में बनीं कफ सिरप पीकर मरे, तब, केंद्रीय हुकूमत ने जुर्माने सहित तमाम कठोर कदम उठाए थे। यहां तक कि कई फार्मा कंपनियों को ब्लैकलिस्ट और कइयों के लाइसेंस तक रद किए गए थे, लेकिन कुछ समय बीतने के बाद वह कंपनियां चुनावी चंदा देकर बहाल हो गई थीं। दुख इस बात का है कि अफ्रीका जैसी घटना की पुनरावृत्ति अब भारत में हुई है। राजस्थान-मध्य प्रदेश में कफ सिरप के सेवन से हुई बच्चों की मौत ने सभी को झकझोर दिया है। घटना की तपिश पूरे देश में आग की तरह फैली हुई है। सभी जानते हैं कि जेनेरिक दवाओं के वितरण में बड़ा गोलमाल होता है। ऐसी खबरें भी समय-समय पर आती हैं कि नकली दवा के सेवन से मरीजों की किडनियां खराब हुईं, जिससे उनकी मौत भी हुई। आमजन से लेकर सरकारें भी इस सच्चाई से वाकिफ होती हैं कि दवा क्षेत्र में बड़े माफिया सक्रिय हो चुके हैं, जिनकी पहुंच सीधे-सीधे हुकूमतों तक होती है। इसलिए शिकायतों पर सरकारी तंत्र चुप रहता है। गलतियों पर आंख मूद लेता हैं। थोड़ी बहुत कार्रवाई की बात उठती है तो दवा माफिया कमिशन के नाम पर मोटा माल चढ़ाकर मामले को रफादफा करवा ही लेते हैं। लेकिन उनके ये कृत्य कई बेकसूर मरीजों की जान ले लेते हैं। भारत में निर्मित दवाओं की गुणवत्ता कई समय से सवालों के घेरे में है। जेनेरिक दवाओं के वितरण में भारत में करीब 15 से 20 हजार औषधि केंद्र संचालित हैं, जबकि, इनकी संख्या इस साल के अंत तक 25 हजार तक पहुंचाने का लक्ष्य केंद्र सरकार ने निर्धारित किया हुआ है, लेकिन इनके भीतर कितना गड़बड़झाला है, जिसकी भनक मरीजों को जरा भी नहीं है। फार्मा कंपनियों और कमिशनखोरों को अच्छे से पता होता है कि मरीज दवाओं के नाम पर जहर भी गटक जाएंगे, तो उन्हें पता थोड़ी न चलेगा? दवाइयों के सेवन से हुई मौतों के गुनाहगारों पर कभी कोई कठोर कार्रवाई नहीं होती? आरोपियों पर दोष तक सिद्ध नहीं होते, उससे पहले ही आजाद हो जाते हैं। इस तंत्र में सभी मिले होते हैं। एक मुनाफा खाता है तो दूसरा कमीशन?

बहरहाल, मौजूदा 'कफ सिरप' के पीने से हुई बच्चों की मौत ने न सिर्फ स्वास्थ्य सिस्टम को हिलाया है, बल्कि पूरा देश सोचने पर मजबूर है। कफ सिरप के नाम पर भारत में बीते कई वर्षों से मासूमों को जहर पिलाया जा रहा है। भांडा तब फूटा जब दर्जन भर के करीब बच्चे मौत के मुंह में समा गए। इतनी बड़ी घटना घट जाने के बाद भी कोई जिम्मेदारी नहीं ले रहा। मुद्दे को शांत करने और खानापूर्ति के नाम पर सिर्फ कागजी कार्रवाई और दिखावे की धरपकड़ हो रही है। गलत दवा लिखने वाले चिकित्सकों पर कड़ा एक्शन हो? और मुनाफा कमाने के भूखे केमिस्ट विक्रेताओं पर सरकारी चाबुक चले, ऐसी कल्पना सभी करते हैं। लेकिन दुर्भाग्य ऐसा होता नहीं? भारत में करीब 3,000 से अधिक दवा कंपनियां रजिस्टर्ड हैं, जिनके पास 10,500 से अधिक विनिर्माण इकाइयां हैं। यह उद्योग जेनेरिक दवाओं के निर्माण और आपूर्ति पर केंद्रित है। दवा निर्माण में भारत वैश्विक स्तर पर महत्वपूर्ण स्थान रखता हैं। लेकिन अपने काले कारनामों के चलते ये फार्मा कंपनियां सभी की नजरों में आ गई हैं। भारतीय फार्मा उद्योग का कुल बाजार 2030 तक 130 मिलियन अमेरिकी डॉलर और 2047 तक 450 मिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है। हालांकि, केंद्र सरकार कफ सिरप कांड को लेकर एक्शन में है। छोटे बच्चों को खांसी में कफ सिरप नहीं देने को लेकर एक एडवाइजरी जारी कर चुकी है। साथ ही दोषियों के खिलाफ कार्यवाही करने का आश्वासन भी दिया है। लेकिन उन बच्चों का क्या जो किसी की लापरवाही के चलते अपना जीवन गवा गए। क्या उनके परिजनों को महज 4-4 लाख रुपये का मुआवजा देकर उनके जख्मों को भरा जा सकेगा? शायद कभी नहीं? ऐसे सख्त आदेश पहले भी दिए गए। ऐसे मुद्दे जैसे ही शांत होते हैं, कार्रवाही भी दम तोड़ देती हैं।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं पर्यावरणविद हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


# यह मन का कमाल है



संकलित
## दर्शन

सिर्फ अनुभव करने से ही यह आएगी। अगर आप अपनी आंखें बंद करके अपने मन से कोई चीज हटाने की कोशिश करते हैं, तो आप कभी सफल नहीं होंगे। दाढ़ी बनाते समय बहुत से लोग अपना चेहरा काट लेते हैं, क्योंकि वे त्वचा से अधिक निकट दाढ़ी काटना चाहते हैं और रेजर उनकी योजना से अधिक निकट चला जाता है। यह मन का कमाल है। जो चीजें आप चाहते हैं, उनका प्रतिरोध करने की कोशिश कीजिए। आप देखेंगे कि वे आपके अंदर तीव्रता से व्यक्त होंगी। अगर आप कोई चीज नहीं चाहते हैं कि वह हो, तो उसे न होने देने की कोशिश कीजिए। तब वह जरूर होगी। ऐसा इसलिए है, क्योंकि आप एक ऐसी अवस्था में हैं, जहां आप अपने मन को पहले गियर में डालना चाहते हैं और वह रिवर्स गियर में चला जाता है। चीजें करने का यह सबसे अच्छा तरीका नहीं है, लेकिन यह समझने के लिए कि अभी मन उसी तरह है, आप इसे आजमा सकते हैं। अगर आप किसी चीज का विरोध करते हैं, तो सिर्फ वही चीज घटित होगी। इसलिए मन का प्रतिरोध मन कीजिए, अपने मन की खोज कीजिए। आपका मन कैसे कार्य करता है, उसे समझना किसी बौद्धिक विश्लेषण से नहीं आता। इसकी खोज करनी पड़ती है। अपने शरीर को एक मुद्रा में रखिए और ध्यान दीजिए कि आपका मन किस विशेष ढंग से काम करता है। अपने शरीर को दूसरी मुद्रा में रखिए और ध्यान दीजिए कि आपका मन एक अलग ढंग से काम करता है। अगर आप एक आसन में बैठकर ठीक ढंग से सांस लेते हैं, तो मन विभिन्न अवस्थाओं में चला जाएगा।

# जब मन अशांत हो, इष्टदेव के मंत्रों का जप करें



संकलित
## प्रेरणा

शुकदेव राजा परीक्षित को कथा सुना रहे थे, उस समय राजा ने पूछा कि आजकल लोग इतने बेचैन क्यों हैं? लोगों का मन अशांत क्यों है? शुकदेव ने राजा को एक कथा सुनाई कि एक दिन पृथ्वी ने भी भगवान से यही बात पूछी थी। पृथ्वी ने भगवान से कहा था कि ये लोग जो खुद मौत के खिलौने हैं। ये सभी मुझे यानी धरती, राज्य जीतना चाहते हैं। अभी तक मुझे यानी धरती को कोई भी मृत्यु के बाद अपने साथ ऊपर नहीं ले जा सका है। लोग ये बात क्यों नहीं समझते हैं? शुकदेव ने राजा से कहा कि पृथ्वी ने ये सभी बातें भगवान से इसलिए कहीं थीं, कि धरती पर जो धन-संपत्ति है, वही सारे झगड़ों की जड़ है। सभी चाहते हैं कि मेरे पास दूसरों से ज्यादा वैभव हो, सभी इसी में लगे हुए हैं। जिस दिन इस दुनिया से जाएंगे, सब कुछ यहीं रह जाएगा। परीक्षित ने शुकदेव की बातें ध्यान से सुनीं और कहा कि आजकल इतनी अशांति है तो शांति पाने के लिए हमें क्या करना चाहिए? शुकदेव ने कहा कि जब भी हमारा मन अशांत हो, हमें भगवान के नामों का जप करना चाहिए, ध्यान, पूजा-पाठ करना चाहिए। अपने इष्टदेव के नामों का जप करने से नकारात्मकता दूर होती है, मन शांत होता है। मंत्र जप से शरीर में जो परिवर्तन होते हैं, उनसे मन शांत होता है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### क्रिकेट का चमकता सितारा यशस्वी जायसवाल

भारतीय क्रिकेट में नई पीढ़ी के खिलाड़ियों का दौर जारी है और इस दौर का सबसे चमकता सितारा निस्संदेह यशस्वी जायसवाल हैं जिनकी कहानी संघर्ष से सफलता तक का प्रतीक बन चुकी है। मुंबई के आज़ाद मैदान के टेंटों से लेकर भारतीय टीम की जर्सी तक का उनका सफर लाखों युवाओं के लिए प्रेरणा बन गया है। अब भारतीय क्रिकेट में अगली उम्मीद है वनडे क्रिकेट में उनका नया अध्याय। टेस्ट क्रिकेट में यशस्वी ने पहले ही अपने प्रदर्शन से दुनिया को चौंका दिया है। उनका 171 रनों का डेब्यू शतक वेस्टइंडीज के खिलाफ और फिर इंग्लैंड के खिलाफ विशाखापट्टनम में खेली गई 214 रनों की ऐतिहासिक पारी उनकी क्षमता और परिपक्वता का प्रमाण हैं। इतनी कम उम्र में उनकी उपलब्धियां उल्लेखनीय हैं। *– प्रदीप जैन, कांकेर*

## करंट अफेयर

# संरा की शांति वार्ताओं से महिलाएं नदारद : गुतारेस



संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने मंगलवार को इस बात पर चिंता जताई कि महिलाएं अक्सर शांति वार्ताओं से अनुपस्थित रही हैं। उन्होंने कहा कि यह स्थिति तब है जब शांति प्रयासों में महिलाओं की समान भागीदारी वाले संयुक्त राष्ट्र के ऐतिहासिक प्रस्ताव को जारी हुए 25 वर्ष पूरे हो चुके हैं। संयुक्त राष्ट्र महिला एजेंसी की प्रमुख ने भी चिंता व्यक्त की है कि महिलाओं और लड़कियों के खिलाफ यौन हिंसा बढ़ रही है। उन्होंने बताया कि 67.6 करोड़ महिलाएं घातक संघर्षों के 50 किलोमीटर के दायरे में निवास कर रही हैं। यह संख्या 1990 के दशक के बाद से सबसे अधिक है। संरा महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने संयुक्त राष्ट्र प्रस्ताव की वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित सुरक्षा परिषद की बैठक में कहा, 'पूरी दुनिया में हम सैन्य खर्च में परेशान करने वाले रुझान, अधिक सशस्त्र संघर्ष और महिलाओं तथा लड़कियों के खिलाफ और भी अधिक चौंकाने वाली क्रूरता देख रहे हैं।' गुतारेस ने बताया कि 31 अक्टूबर, 2000 को इस प्रस्ताव को अपनाने के बाद कुछ प्रगति अवश्य हुई है। उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र शांति सैनिकों के रूप में वर्दीधारी महिलाओं की संख्या दोगुनी हो गई है। इसके अलावा महिलाओं ने स्थानीय मध्यस्थता का नेतृत्व किया है, लैंगिक-आधारित हिंसा के पीड़ितों के लिए न्याय को आगे बढ़ाया है।

## ऑफ बीट

# आहार की नई सिफारिश में अधिक सब्जियों पर जोर



ईएटी-लैंसेट आयोग का कहना है कि पिछले सप्ताह जारी उनके 'प्लैनेटरी हेल्थ डाइट' को अपनाने से दुनिया भर में प्रतिदिन 40,000 समयपूर्व मौतों को रोका जा सकता है और 2050 तक कृषि से होने वाले मीथेन उत्सर्जन में 15 प्रतिशत की कमी लाई जा सकती है। इस आहार में अधिक सब्जियों, फल, साबुत अनाज, दालें और मेवे शामिल करने की सिफारिश की गई है, जबकि मांस, मछली, मुर्गी और दुग्ध उत्पाद को सीमित मात्रा में रखा गया है। यदि आप एक थाली की कल्पना करें, तो उसका आधा हिस्सा सब्जियों और फलों (जिनमें सब्जियां अधिक हों) से भरा होना चाहिए। बाकी आधे हिस्से में साबुत अनाज और वनस्पति आधारित प्रोटीन हों। इसमें थोड़ी मात्रा में पशु उत्पाद और स्वस्थ वसा के लिए स्थान है, लेकिन अतिरिक्त चीनी बहुत कम रखी जानी चाहिए। विशेष रूप से मक्खन का कहीं जिक्र नहीं किया गया। सबसे विवादास्पद सिफारिश है-मांस की मात्रा: केवल 14 ग्राम प्रतिदिन लाल मांस और 29 ग्राम प्रतिदिन चिकन। न्यूजीलैंड का पारंपरिक आहार इस सिफारिश से काफी अलग है। लेकिन देश भर में किशोर लड़कियों पर किए गए एक हालिया अध्ययन से संकेत मिलता है कि अब एक बदलाव आ रहा है और अधिकतर लड़कियां वनस्पति आधारित आहार को अपना रही हैं।

## ट्रेंड

### सहयोगियों पर हमला निंदनीय



पश्चिम बंगाल में भूस्खलन से प्रभावित लोगों की सेवा करने वाले हमारे पार्टी सहयोगियों पर जिस तरह से हमला किया गया, वह बेहद निंदनीय है। यह तृणमूल कांग्रेस की असंवेदनशीलता है।
- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### अतिरिक्त राशि स्वीकृत



जम्मू एवं कश्मीर में बाढ़ के कारण कई जगह मकान टूट गए। घरों के निर्माण के लिए 1,30,000 की मूल सहायता के साथ 40,000 की अतिरिक्त राशि शौचालय निर्माण के लिए हमने स्वीकृत कर दी है ताकि वे निर्माण कर सकें।
- शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय मंत्री

### पीएम मोदी का आभार



मैं जम्मू-कश्मीर के किसानों के लिए प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 21वीं किस्त समय से पहले जारी करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान का अत्यंत आभारी हूं।
-मनोज सिन्हा, उपराज्यपाल, जम्मू-कश्मीर

### शर्मनाक घटना



मुख्य न्यायाधीश पर जूता फेंका गया। यह हमारे लोकतांत्रिक और न्यायिक इतिहास की एक शर्मनाक घटना है। 2014 के बाद जिस तरीके से राजकीय संरक्षण में विभिन्न-विभिन्न माध्यमों से देश में घृणा और हिंसा को नॉर्मलाइज किया गया है यह उसका दुष्परिणाम है।
-तेजस्वी यादव, राजद नेता

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोन: 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# महिला विश्व कपः नाइट और सोफी ने इंग्लैंड को बांग्लादेश पर चार विकेट से जीत दिलाई

भाषा ▶▶| गुवाहाटी



- 179 के टारगेट में 6 विकेट गंवा दिए थे
- हेदर नाइट ने फिफ्टी लगाकर जिताया

सोफी एक्लेस्टन की अगुवाई में स्पिनरों के शानदार प्रदर्शन के बाद पूर्व कप्तान हीथर नाइट ने अपने अपार अनुभव का इस्तेमाल करके शानदार अर्धशतक लगाते हुए इंग्लैंड को बांग्लादेश के खिलाफ महिला वनडे विश्व कप के मैच में मंगलवार को चार विकेट से जीत दिलाई। पहले बल्लेबाजी करने वाली बांग्लादेशी टीम 178 रन पर आउट हो गई। इसके बाद लेग स्पिनर फाहिमा खातून (दस ओवर में 16 रन देकर तीन विकेट) और तेज गेंदबाज मारूफा अख्तर (पांच ओवर में 28 रन देकर दो विकेट) ने किला लड़ाने की कोशिश की और एक समय 23वें ओवर में इंग्लैंड के पांच विकेट 78 रन पर गिर गए थे। नाइट ने हालांकि बांग्लादेश के उलटफेर के मंसूबों पर पानी फेरते हुए जबर्दस्त पारी खेली। मार्च में कप्तानी छोड़ने वाली नाइट 111 गेंद में 79 रन बनाकर नाबाद रही। वहीं चार्ली डी ने 56 गेंद में 27 रन की नाबाद पारी खेली। डीन और नाइट ने सातवें विकेट के लिये 79 रन जोड़कर 23 गेंद बाकी रहते टीम को जीत दिलाई। इससे पहले इंग्लैंड के लिये एक्लेस्टन ने बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए 24 रन देकर तीन विकेट लिये।

बांग्लादेश के लिये शोभना मोस्तारी ने 108 गेंद में 60 और राबिया खान ने 27 गेंद में 43 रन बनाये। इंग्लैंड की शुरूआत खराब रही और एमी जोंस (एक) पहले ही ओवर में मारूफा अख्तर की गेंद पर पगबाधा आउट हो गई। बांग्लादेश को अगले ओवर में दूसरा विकेट भी मिल जाता लेकिन स्पिनर नाहिदा अख्तर की गेंद पर मारूफा ने टैमी ब्यूमोंट का कैच टपकाया।

# पाक के खिलाफ जीत की लय बरकरार रखने उतरेगा ऑस्ट्रेलिया

## आज दोपहर 3 बजे से एलिसा और फातिमा की टीमों में मुकाबला

एजेंसी ▶▶| कोलंबो



अपने अभियान की शानदार शुरुआत करने वाला ऑस्ट्रेलिया बुधवार को आईसीसी महिला एकदिवसीय विश्व कप मैच में पाकिस्तान के खिलाफ जीत के प्रबल दावेदार के रूप में उतरेगा। पाकिस्तान की टीम टूर्नामेंट में लय हासिल करने के लिए जूझ रही है। इस वैश्विक प्रतियोगिता में ऑस्ट्रेलिया का शानदार प्रदर्शन अन्य टीम के प्रदर्शन से बिल्कुल अलग रहा है। एलिसा हीली की अगुवाई वाली टीम अब तक टूर्नामेंट में 300 से अधिक का स्कोर बनाने वाली एकमात्र टीम रही है और पिछले दो मैच में बांग्लादेश और भारत के खिलाफ कमजोर दिखे पाकिस्तान के खिलाफ एक और बड़ा स्कोर खड़ा कर सकती है। ऑस्ट्रेलिया ने 300 से अधिक का स्कोर खड़ा करने के बाद न्यूजीलैंड के खिलाफ 89 रन की आसान जीत दर्ज की थी।

### ऑस्ट्रेलिया की नजर आठवें खिताब पर टिकी

टीम की नजरें रिकॉर्ड में सुधार करने वाले आठवें विश्व कप खिताब पर टिकी हैं। हालांकि सलामी बल्लेबाज एलिसा हीली, बेथ मूनी और एनाबेल सदरलैंड जैसी बल्लेबाज लड़खड़ा रही हैं लेकिन एश्ले गार्डनर ने इंदौर में न्यूजीलैंड के खिलाफ मैच में शानदार शतक जड़कर अंत में मुकाबला एकतरफा बना दिया। एनाबेल सदरलैंड की तेज गेंदबाजी और सोफी मोलिन्यु की स्पिन की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने गेंदबाजी विभाग में अच्छा प्रदर्शन किया है और इंग्लैंड, भारत तथा दक्षिण अफ्रीका जैसी कड़ी टीमों से मुकाबला करने से पहले टीम पाकिस्तान के खिलाफ मैच में अपनी रणनीति को और मजबूत करने की कोशिश करेगी।

## खबर संक्षेप



### विश्व भारोत्तोलन चैंपियनशिप में 16वें स्थान पर अजय बाबू

**फोर्डे।** राष्ट्रमंडल चैंपियन भारोत्तोलक अजय बाबू वल्लूरी विश्व चैंपियनशिप में पुरुष 79 किग्रा वर्ग में 16वें स्थान पर रहे, जिससे मीराबाई चानू के 48 किग्रा वर्ग में रजत पदक के बाद भारतीय खिलाड़ी प्रभावित करने में नाकाम रहे। बीस साल के अजय ने कुल 323 किग्रा (146 किग्रा स्नैच और 177 किग्रा क्लीन एवं जर्क) वजन उठाया और 39 प्रतिभागियों के बीच 16वां स्थान हासिल किया। उन्होंने अगस्त में अहमदाबाद में राष्ट्रमंडल भारोत्तोलन चैंपियनशिप में उठाए कुल 335 किग्रा (152 किग्रा और 183 किग्रा) वजन से 12 किग्रा वजन कम उठाया। उन्होंने अहमदाबाद में जीत की बदौलत अगले साल होने वाले राष्ट्रमंडल खेलों के लिए क्वालीफाई किया था।

### बीएफआई कप में सेना के मुक्केबाजों का दबदबा

**चेन्नई।** सेना के मुक्केबाजों ने पहले बीएफआई कप के मंगलवार को पुरुष वर्ग में दबदबा कायम किया, जिसमें एस विश्वनाथ, मोहम्मद हुसामुद्दीन, वंशज, सचिन और अंकुश ने फाइनल में शानदार जीत दर्ज की। एशियाई अंडर-22 चैंपियन सेना के एस. विश्वनाथ ने 47-50 किग्रा वर्ग के फाइनल में हरियाणा के आशीष पर 5-0 की शानदार जीत के साथ शुरुआत की। सेना के आशीष ने 50-55 किग्रा वर्ग के करीबी मुकाबले में एआईपी के नवराज को 3-2 से हराया। विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता सेना के हुसामुद्दीन ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए 55-60 किग्रा वर्ग के मुकाबले में भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) के सागर जाखड़ को 5-0 से हराया।

### भारतीय वाटर पोलो टीम की करारी हार

**अहमदाबाद।** भारत की वाटर पोलो टीमों को 11वीं एशियाई एक्वाटिक्स चैम्पियनशिप के पहले दौर में ही संघर्ष करना पड़ा जबकि कजाखस्तान ने कलात्मक तैराकी में बाजी मारते हुए मंगलवार को छह स्वर्ण , दो रजत और दो कांस्य पदक जीते। भारतीय पुरूष वाटर पोलो टीम पहले दौर में जापान से 11.35 से और महिला टीम उजबेकिस्तान से 4.23 से हार गई। उजबेकिस्तान की खदीचा अगजामोवा और सबीना मखमूदोवा ने युगल फ्री वर्ग में स्वर्ण पदक जीता जबकि कजाखस्तान ने कलात्मक में शीर्ष स्थान हासिल किया।

### न्यूयॉर्क स्क्वाश से बाहर हुए तीन भारतीय खिलाड़ी

**नई दिल्ली।** भारत के वेलावन सेंथिलकुमार, वीर चोटरानी और रमित टंडन को न्यूयॉर्क में 74 हजार डॉलर इनामी पीएसए कांस्य प्रतियोगिता ओपन स्क्वाश क्लासिक के प्री क्वार्टर फाइनल में अपने-अपने मुकाबलों में हार का सामना करना पड़ा। गत राष्ट्रीय चैंपियन और दुनिया के 45वें नंबर के खिलाड़ी सेंथिलकुमार को मैक्सिको के चौथे वरीय लियोनल कार्डेनास के खिलाफ 7-11, 6-11, 4-11 से शिकस्त झेलनी पड़ी जबकि आठवें वरीय टंडन को इंग्लैंड के एड्रियन वालेर के खिलाफ 11-6, 9-11, 8-11, 11-8, 7-11 से हार मिली।

## अंडर 19 दूसरा टेस्ट : हेनिल और खिलन चटकाए तीन-तीन विकेट

# भारत की अनुशासित गेंदबाजी, नहीं टिके ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज, 135 रन पर सिमटी कंगारुओं की टीम

एजेंसी ▶▶| मैके

हेनिल पटेल और खिलन पटेल की अगुवाई में अनुशासित गेंदबाजी प्रदर्शन से भारत अंडर-19 टीम ने दूसरे युवा टेस्ट के पहले दिन ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 को 135 रनों पर ऑलआउट करने के बाद पहली पारी में 7 विकेट गंवाकर 9 रन की मामूली बढ़त हासिल कर ली। दाएं हाथ के तेज गेंदबाज हेनिल पटेल और बाएं हाथ के स्पिनर खिलन पटेल ने क्रमशः 21 और 23 रन देकर तीन-तीन विकेट लेकर ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 के बल्लेबाजों को परेशान किया, जिससे उनकी टीम 43.3 ओवर में सिमट गई। विकेटकीपर एलेक्स ली यंग ने ऑस्ट्रेलिया के लिए सबसे ज्यादा 66 रन (108 गेंदों में) बनाए। कप्तान विल मलाजचुक ने 10 और यश देशमुख ने 22 रन का योगदान दिया, जबकि अन्य बल्लेबाज दहाई के आंकड़े में भी नहीं पहुंच पाए।



### ऑस्ट्रेलियाई टीम की शुरुआत बेहद खराब

*ऑस्ट्रेलियाई टीम की शुरुआत बेहद खराब रही। टीम ने सुबह के सत्र में 10वें ओवर तक 32 रन तक ही पांच विकेट गंवा दिए। यंग और देशमुख ने इसके बाद छठे विकेट के लिए 59 रन जोड़कर ऑस्ट्रेलिया को वापसी दिलाने की कोशिश की। यह साझेदारी खिलन की गेंद पर देशमुख के आउट होने से टूटी, जिसके बाद ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 ने 44 रन के अंदर आखिरी के पांच विकेट गंवा दिए। भारत के लिए तेज गेंदबाज उद्धव मोहन ने दो विकेट लिए जबकि दीपेश देवेंद्र को एक सफलता मिली।*

### भारत ने 41 रन पर गंवाए तीन विकेट


भारत ने दिन का खेल खत्म होने तक 40 ओवर में 144 रन तक सात विकेट गंवा दिए। स्टंप्स के समय हेनिल और दीपेश क्रमशः 22 और छह रन पर बल्लेबाजी कर रहे थे। भारत की भी शुरुआत खराब रही और टीम ने सातवें ओवर में 41 रन तक तीन विकेट गंवा दिए। पिछले टेस्ट में 86 गेंद में 113 रन की पारी खेलने वाले प्रतिभाशाली वैभव सूर्यवंशी 14 गेंद में 20 रन बनाकर चार्ल्स लैचमंड की गेंद पर आउट हुए। उन्होंने अपनी पारी में दो चौके और एक छक्का लगाया। पहले टेस्ट में 140 रन बनाने वाले वेदांत त्रिवेदी ने 44 गेंदों पर चार चौके की मदद से 25 रन बनाए।

### खिलन और हेनिल ने की 48 रन की साझेदारी

त्रिवेदी और राहुल कुमार (नौ रन) ने चौथे विकेट के लिए 39 रन की साझेदारी कर पारी को संभालने की कोशिश की लेकिन भारत अंडर-19 ने इसके बाद सिर्फ दो रन के अंदर तीन विकेट गंवा दिए। खिलन और हेनिल ने सातवें विकेट के लिए 48 रन की साझेदारी की। शुरुआती दिन भारतीय टीम के लिए सबसे ज्यादा 26 रन बनाने वाले खिलन दिन का खेल समाप्त होने से पहले आउट हुए।

## हैरी वर्ष के सर्वश्रेष्ठ पुरूष टेस्ट बल्लेबाज घोषित

# बीएस चंद्रशेखर, ब्रायन लारा को लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार



एजेंसी ▶▶| मुंबई

महान बल्लेबाज बी एस चंद्रशेखर और ब्रायन लारा को मंगलवार को यहां सीएट क्रिकेट रेटिंग पुरस्कारों के दौरान 'लाइफटाइम अचीवमेंट' सम्मान दिया गया जबकि भारत के संजू सैमसन और वरुण चक्रवर्ती ने क्रमशः वर्ष के सर्वश्रेष्ठ पुरुष टी20 अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाज और गेंदबाज का पुरस्कार हासिल किया। पूर्व भारतीय कप्तान रोहित शर्मा को कप्तान के रूप में 2025 चैंपियंस ट्रॉफी जीतने के लिए एक विशेष स्मृति चिन्ह दिया गया, जबकि श्रेयस अय्यर को 50 ओवर की प्रतियोगिता में किसी भारतीय खिलाड़ी द्वारा सर्वाधिक रन बनाने के लिए स्मृति चिन्ह दिया गया। अब टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले दूसरे बल्लेबाज इंग्लैंड के जो रूट ने वर्ष के सर्वश्रेष्ठ अंतरराष्ट्रीय पुरुष क्रिकेटर का पुरस्कार जीता। हैरी ब्रुक को वर्ष का सर्वश्रेष्ठ पुरूष टेस्ट बल्लेबाज घोषित किया गया, जबकि श्रीलंका के प्रभात जयसूर्या को वर्ष का सर्वश्रेष्ठ पुरुष टेस्ट गेंदबाज चुना गया। भारत की दीप्ति शर्मा को वर्ष की सर्वश्रेष्ठ महिला अंतरराष्ट्रीय गेंदबाज चुना गया जबकि स्मृति मंधाना ने सर्वश्रेष्ठ महिला अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाज का पुरस्कार जीता। रणजी ट्रॉफी 2024-25 में 69 विकेट लेकर एक सत्र में सर्वाधिक विकेट लेने का रिकॉर्ड बनाने वाले विदर्भ के हर्ष दुबे को वर्ष का सर्वश्रेष्ठ घरेलू क्रिकेटर चुना गया। मुंबई के अंगकृष रघुवंशी को वर्ष का सर्वश्रेष्ठ उभरता खिलाड़ी चुना गया।

## वुहान ओपन

# ओसाका ने लेला को हराया दूसरे दौर में बनाई जगह



एजेंसी ▶▶| वुहान

नाओमी ओसाका ने पहला सेट गंवाने के बाद जोरदार वापसी करते हुए लेला फर्नांडिज को हराकर डब्ल्यूटीए 1000 लेवल वुहान ओपन टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जगह बनाई।

वर्ष 2017 के बाद पहली बार खेल रही ओसाका ने सेंटर कोर्ट पर दिन के पहले मैच में फर्नांडिज के खिलाफ 4-6, 7-5, 6-3 से जीत दर्ज की। ऐमा राडुकानु जब आन ली के खिलाफ 1-6, 1-4 से पिछड़ रहीं थीं तो उन्हें चक्कर आने के कारण मुकाबले के बीच से हटना पड़ा। सोफिया केनिन ने अनास्तासिया जखारोवा को 3-6, 7-6, 6-3 से हराया। वह दूसरे दौर में 16वें नंबर की खिलाड़ी लुइडमिला सैमसोनोवा से भिड़ेंगी, जिन्होंने एमिलियाना एरेंगो को 6-1, 7-5 से शिकस्त दी। दुनिया की दूसरे नंबर की खिलाड़ी इगा स्वियातेक मेरी बुजकोवा के खिलाफ दूसरे दौर के मुकाबले के साथ वुहान टूर्नामेंट में पदार्पण करेंगी।

### 30 साल बाद आमने-सामने होंगे आनंद-कास्परोव

**सेंट लुई।** पूर्व विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद और गैरी कास्परोव 30 साल बाद अपनी प्रतिद्वंद्विता को फिर जीवंत करेंगे जब वे 8 अक्टूबर से 'क्लच शतरंजः द लीजेंड्स टूर्नामेंट' में आमने-सामने होंगे। इस 12 बाजी वाले शतरंज मुकाबले की कुल इनामी राशि 1,44,000 डॉलर होगी और इसका आयोजन नवीनीकृत सेंट लुई शतरंज क्लब में किया जाएगा। वर्ष 1995 में न्यूयॉर्क के वर्ल्ड ट्रेड सेंटर की 107वीं मंजिल पर क्लासिकल विश्व चैंपियनशिप मैच खेलने के बाद खेल के ये दो दिग्गज रैपिड एवं ब्लिट्ज प्रारूप में एक बार फिर आमने-सामने होंगे, जिसे हाल ही में फ्रीस्टाइल शतरंज का नाम दिया गया है।



### विश्व चैम्पियनशिप में वजन तय सीमा तक नहीं ला पाने के कारण अमन सहरावत पर एक साल का निलंबन



**नई दिल्ली।** भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) ने मंगलवार को पेरिस ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता अमन सहरावत को सीनियर विश्व चैंपियनशिप में निर्धारित वजन सीमा से नीचे नहीं आने के कारण कुश्ती से जुड़ी सभी गतिविधियों से एक साल के लिए निलंबित कर दिया। पुरुषों की फ्रीस्टाइल 57 किग्रा वर्ग में भारत के शीर्ष पदक दावेदारों में से एक 22 वर्षीय अमन को प्रतियोगिता के दिन निर्धारित वजन सीमा से 1.7 किलो अधिक वजन पाये जाने के कारण विश्व चैंपियनशिप से अयोग्य घोषित कर दिया गया था। डब्ल्यूएफआई ने एक पत्र में कहा, /"आपको कारण बताओ नोटिस की तिथि से एक वर्ष की अवधि के लिए राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कुश्ती से जुड़ी सभी गतिविधियों से निलंबित किया जाता है।/" इसमे कहा गया ,/"यह निर्णय अंतिम है। निलंबन की अवधि के दौरान आपको राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय दोनों स्तरों पर डब्ल्यूएफआई द्वारा आयोजित या स्वीकृत किसी भी गतिविधि में भाग लेने या उससे जुड़ने से प्रतिबंधित किया जाता है।/" 23 सितंबर, 2025 को लिखे एक पत्र में डब्ल्यूएफआई ने अमन को कारण बताओ नोटिस जारी कर इस चूक के लिए स्पष्टीकरण मांगा था। महासंघ ने कहा कि 29 सितंबर को दिये गए उनके जवाब को अनुशासन समिति ने /"असंतोषजनक/" पाया। इसमे कहा गया ,/"अनुशासन समिति ने 29 सितंबर 2025 को दिए गए आपके जवाब की विधिवत समीक्षा की।

## एसीए-वीडीसीए स्टेडियम की संतुलित पिच से भारतीय बल्लेबाजों को मिलेगी राहत

# विशाखापत्तनम स्टेडियम में 11 साल के बाद महिला वनडे

एजेंसी ▶▶| विशाखापत्तनम

ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दो महत्वपूर्ण मैच खेलने वाली भारतीय टीम के बल्लेबाजों को संतुलित पिच से मिलने वाली मदद से राहत मिलेगी क्योंकि मेजबान टीम की बल्लेबाज मौजूदा महिला क्रिकेट विश्व कप में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए संघर्ष कर रही हैं।

हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली टीम गुरुवार को दक्षिण अफ्रीका और 12 अक्टूबर को गत विजेता ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एसीए-वीडीसीए स्टेडियम में भिड़ेगी। यह मैदान 23 जनवरी 2014 को श्रीलंका के खिलाफ भारत के मैच के बाद 11 साल के अंतराल पर किसी महिला एकदिवसीय मैच की मेजबानी कर रहा है।



### स्टैंड को दिया जाएगा मिताली का नाम

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 12 अक्टूबर को होने वाले मैच से पहले एसीए-वीडीसीए स्टेडियम के स्टैंड को पूर्व भारतीय कप्तान मिताली राज और विकेटकीपर रवि कल्पना का नाम दिया जाएगा।

### अब तक स्टेडियम में बनते रहे हैं बड़े स्कोर

आंध्र क्रिकेट संघ (एसीए) के एक अधिकारी ने बताया, 'अगर आप आईपीएल सहित पिछले कुछ मैचों पर नजर डालें तो पिच बल्लेबाजों के लिए मददगार होगी। अगर ओस नहीं होगी तो गेंदबाजों, विशेषकर स्पिनरों को मैच आगे बढ़ने पर कुछ मदद मिलेगी।' यहां टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों में आम तौर पर बड़े स्कोर देखने को मिलते हैं क्योंकि भारतीय पुरुष टीम और दिल्ली कैपिटल्स (आईपीएल में) दोनों ही 200 से अधिक रन का लक्ष्य हासिल करने में सफल रहे हैं।

## एशिया कप में कुलदीप ने की 6.27 इकोनॉमी दर से गेंदबाजी

# सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के लिए नामांकित हुए तीन भारतीय

एजेंसी ▶▶| दुबई

भारत के करिश्माई खिलाड़ी अभिषेक शर्मा, कुलदीप यादव (पुरुष वर्ग में) और स्मृति मंधाना (महिला वर्ग में) को सितंबर महीने के लिए 'आईसीसी के महीने के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी' पुरस्कार के लिए नामांकित किया गया है। बाएं हाथ के टी20 विशेषज्ञ बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने यूएई में खेले गए एशिया कप में शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने सात टी20 मैच में तीन अर्धशतक की मदद से 314 रन बनाए। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 200 रहा और उन्हें इस टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। इस 25 साल के बल्लेबाज ने पुरुष टी20 अंतरराष्ट्रीय इतिहास की सर्वाधिक रेटिंग 931 अंक (बल्लेबाजी) भी हासिल की।







### कुलदीप ने एशिया कप में चटकाए 17 विकेट

कलाई के वामहस्त स्पिनर कुलदीप ने भी इस टूर्नामेंट में अपने प्रदर्शन से प्रभावित किया। उन्होंने एशिया कप में 6.27 की इकोनॉमी दर से गेंदबाजी करते हुए 17 विकेट चटकाए। एशिया कप में उन्होंने अपना अभियान यूएई के खिलाफ सात रन पर चार विकेट के साथ शुरू किया जबकि फाइनल में पाकिस्तान के खिलाफ 30 रन पर चार विकेट लेकर भारत को खिताब दिलाने में अहम भूमिका अदा की। भारत ने इस टूर्नामेंट में पाकिस्तान को तीन बार शिकस्त दी।

### स्मृति शीर्ष पर बरकरार

मौजूदा महिला एकदिवसीय विश्व कप के दो मैच में कमजोर प्रदर्शन के बावजूद भारत की स्टार क्रिकेटर स्मृति मंधाना आईसीसी महिला एकदिवसीय बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर बरकरार हैं लेकिन उनकी बढ़त कम हो गई है। स्मृति के 791 रेटिंग अंक हैं और वह इंग्लैंड की नेट स्किवर ब्रंट से 60 अंक आगे हैं। विश्व कप से ठीक पहले ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन महिला एकदिवसीय मैच की श्रृंखला में लगातार दो शतक जड़ने वाली स्मृति श्रीलंका के खिलाफ सिर्फ आठ जबकि पाकिस्तान के खिलाफ 23 रन ही बना सकीं। ऑस्ट्रेलिया की बेथ मूनी 713 अंक के साथ तीसरे स्थान पर हैं। दक्षिण अफ्रीका की ताजमिन ब्रिट्स (706) और ऑस्ट्रेलिया की एश्लेग गार्डनर (697) न्यूजीलैंड के खिलाफ शतक जड़ने के बाद आईसीसी रैंकिंग में क्रमशः चौथे और पांचवें स्थान पर हैं।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25




| पुराना एक्स-शोरूम | GST बेनिफिट्स | नया एक्स-शोरूम |
|---|---|---|
| ₹77 981* से शुरू | ₹6 093 | ₹71 888* से शुरू |

डाउन पेमेंट ₹1999^ से शुरू

प्रतिदिन की EMI ₹69^ से शुरू

इंस्टेंट डिस्काउंट ₹10 000^ तक HDFC BANK FESTIVE TREATS क्रेडिट कार्ड

Powered by pine labs

5 crore+ HAPPY CUSTOMERS

Splendor+ WORLD'S NO.1 MOTORCYCLE

INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY *Conditions apply

Hero GoodLife जीतने का मौका 100% कैशबैक | सोने का सिक्का और भी बहुत सुनिश्चित बेनिफिट्स#

Also available on Flipkart amazon.in

Hero MotoCorp Ltd, Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - IL. New Delhi - 110070, India. | CIN: L.35911DL1984PLC0173541. For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or CALL TOLL-FREE 1800 266 0018 or visit us on www.heromotocorp.com . Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. As per cumulative dispatch numbers till August 2025. 5 crore customers as per the cumulative dispatch numbers of the Splendor family series of motorcycles till March 2025. ^Finance offers are at the sole discretion of the financier, subject to its respective T&Cs. Hero MotoCorp reserves the rights to modify or withdraw any or all the offers without prior notice. #Limited period offer, T&C apply. *Ex-showroom prices are applicable in Haryana.

TOLL FREE 1800 266 0018

**Authorised Dealers:** **Ambala Cantt:** Haryana Motors- 9289923122; **Ambala City:** Dhruv Hero - 9289922868; **Assandh:** Sandhu Hero - 9996571157; **Bahadurgarh:** Satvik Hero - 9289922550 **Bhiwani:** Jaya Hero - 9289922056; **Ellenabad:** Ajit Hero - 9289922505; **Fatehabad:** Shri Balaji Hero - 9289922057; **Gharaunda:** Laxmi Hero - 9289922433; **Gohana:** Krishna Hero - 9289923026; **Hisar:** Chaudhary Hero - 9289922049, Vikrant Hero - 9289923082; **Jhajjar:** Pushkar Hero - 9289923147; **Jagadhari:** Khanna Hero - 9289922050; **Jind:** National Hero - 9289922061; **Kaithal:** Chaudhary Hero - 9289922062; **Karnal:** Nirmal Hero - 9289922048; **Kurukshetra:** VPS Hero - 9289922988; **Ladwa:** Khanna Hero - 9289922063; **MandiDabwali:** Karan Hero - 9289922490; **Nuh:** Sunil Hero - 9289923087; **Narnaul:** Autodeals Hero - 9289922058; **Narwana:** Narwana Hero- 9289923101; **Palwal:** DevVaahan Hero - 9289922877; **Panchkula:** Regent Hero - 9289923161; **Panipat:** Kadian Hero - 9289923182, Sahib Hero - 9289922059; **Pehowa:** Saraswati Hero - 9289922393; **Rewari:** Virendra Hero - 9289922060; **Rohtak:** Shivam Hero - 9289922047; **Sirsa:** Khanna Hero- 9289923195; **Sonipat:** Madaan Hero - 9289922865; **Yamuna Nagar:** Rohit Hero - 9289922394; **Hansi:** Sunil Motors- 9821744694.

RS/Hero/09/25